4 रायपुर संभाग
वाहन चलाते समय यातायात नियमों का करे पालन : अग्रवाल

6 अभिमत
चेन्नै बलात्कार कांड शर्मनाक स्थिति

09 छत्तीसगढ़
जिला चिकित्सालय बेमेतरा में 26 महिलाओ का हुआ सफल नसबंदी

10 छत्तीसगढ़
जिला मुख्यालय स्थित पड़ाव चैक में 36वां राष्ट्रीय सड़क...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 03 जनवरी 2025 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-133 मूल्य 3.00 ₹

चिक न्यूज

तेज रफ्तार हाईवा ने बाइक सवार तीन युवकों को रौंदा, तीनों की मौत

बलौदाबाजार। जिले के कसडोल थाना क्षेत्र में बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें तीन युवकों की जान चली गई। हादसा कलमीडीह गांव के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार हाईवा ने मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों को रौंद दिया। तीनों युवक मौके पर ही अपनी जान गंवा बैठे। मृतकों की पहचान महराजी अर्जुन गांव के रहने वाले राजु कर्ष (23 वर्ष), परमेश्वर पैकरा (22 वर्ष) और दुर्गेश कर्ष के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वे नए साल का जश्न मनाने के लिए तुरतुरिया गए थे और वहां से एक ही बाइक पर सवार होकर गांव लौट रहे थे। इसी दौरान रात लगभग 12 बजे यह भीषण हादसा हुआ, जिसमें तीनों की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर कसडोल पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर तीनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अब मामले की जांच में जुटी हुई है। वहीं, प्रशासन ने मृतकों के परिवारों को तत्काल सहायता के रूप में 25-25 हजार रुपये की राशि दी है।

देवेन्द्र यादव की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती

रायपुर। बलौदाबाजार हिंसा मामले में रायपुर जेल में बंद भिलाई के कांग्रेस विधायक देवेन्द्र यादव की तबीयत बिगड़ गई है। उन्हें दाउ कल्याण सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि, देवेंद्र पिछले 5 दिनों से अस्पताल में भर्ती है। उनको पेट की मांसपेशी से जुड़ी बीमारी के इलाज के लिए लाया गया है। संभवतः आपरेशन की जरूरत भी पड़ सकती है।

दिल्ली के किसानों को केंद्र की कृषि योजनाओं का नहीं मिला लाभ : शिवराज

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार अपनी तरफ से पैसा देने के लिए तैयार है, लेकिन दिल्ली की सरकार की वजह से किसानों का उन योजनाओं का लाभ ही नहीं मिल रहा है। चौहान ने यहां कहा कि दिल्ली के किसान उनसे मिले थे और बताया कि उन्हें कई योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार अपनी तरफ से पैसा देने के लिए तैयार है, लेकिन दिल्ली की सरकार की वजह से किसानों को केंद्र की कृषि योजनाओं का लाभ ही नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र अपने आप पैसा नहीं भेजता है। राज्य के प्रस्ताव पर केंद्र योजनाओं का पैसा भेजता है और दिल्ली से कई योजनाओं के लिए केंद्र सरकार के पास कोई प्रस्ताव आए ही नहीं, इसलिए उन योजनाओं का लाभ नहीं मिला।

वसुधैव कुटुम्बकं और देशभक्ति का पाठ पढ़ाती है हमारी सनातन परम्परा : मुख्यमंत्री विष्णुदेव

पायनियर संवाददाता ◂ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

कोई भी देश तभी मजबूत रह सकता है जब उसकी बुनियाद मजबूत हो। हमारे देश की बुनियाद हमारी सनातन परंपराओं में है। सनातन परंपरा हमें वसुधैव कुटुम्बकं की सीख देती है और देशभक्ति का पाठ पढ़ाती है। अपने देश और राज्य की तरक्की के लिए बहुत जरूरी है कि हम अपनी युवा पीढ़ी को भी सनातन परंपरा के वही संस्कार प्रदान करें जो हमें अपने शिक्षकों और अभिभावकों से मिले हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर प्रवास के दौरान जगदलपुर के समीप ग्राम कंगोली में श्री वेदमाता गायत्री महाविद्यालय के भूमिपूजन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि गायत्री मंत्र हमारी सनातन परंपरा का सबसे महत्वपूर्ण मंत्र है। यह मंत्र हमें सन्मार्ग की ओर चलने के लिए प्रेरित करता है। विद्या भारती संस्थान में विद्यार्थियों को श्रेष्ठ शिक्षा के साथ-साथ देशभक्ति के संस्कार भी दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मानव जीवन में शिक्षा का विशेष महत्व है और इसी ध्येय के साथ प्रदेश सरकार शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास पर भी जोर दे रही है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में आईआईटी, आईआईएम जैसी उच्च स्तरीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान उपलब्ध हैं। इसके अलावा राज्य में

341 पीएमश्री स्कूल स्थापित किए गए हैं जहां गुणवत्ता युक्त शिक्षा के लिए सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। साथ ही प्रदेश के विद्यार्थियों को जरूरी सुविधाएं और अनुकूल वातावरण प्रदान करने नालंदा परिसर भी बड़े शहरों में स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने नई शिक्षा नीति और दिल्ली में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयारी के लिए बनाए गए यूथ हॉस्टल के संबंध में भी जानकारी दी। कार्यक्रम को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव, वन मंत्री केदार कश्यप, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री साय ने विद्याभारती संस्था के विकास के लिए 50 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा भी की। इस अवसर पर लोकसभा क्षेत्र कांकेर के सांसद भोजराज नाग ने विद्याभारती संस्था के प्रदेश में स्थित विभिन्न संस्थाओं के विकास के लिए सांसद निधि से हर वर्ष एक करोड़ रूपए दिए जाने तथा जगदलपुर विधायक किरणदेव सिंह ने जगदलपुर स्थित संस्था के विकास के लिए 10 लाख रूपए की वित्तीय सहायता प्रदाय करने की घोषणा की। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख राजबहादुर सिंह राणा, संस्थान के महामंत्री नरेन्द्र तनेजा एवं रामदत्त चक्रधर ने संस्था के उद्देश्यों और गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। मुख्यमंत्री साय ने सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में आयोजित यज्ञ में सम्मिलित होकर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधानपूर्वक आहुति दी और बस्तर सहित प्रदेशवासियों की प्रगति व खुशहाली के लिए कामना की। उन्होंने प्रांगण में सागौन के पौधे रोपे। इस अवसर पर दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, विद्यालय के आचार्यगण और बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

राज्यपाल डेका को मुख्यमंत्री साय ने दी नए वर्ष की शुभकामनाएं

राज्यपाल रमेन डेका से राजभवन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भेंट कर नववर्ष की शुभकामनाएं दी और राज्य हित से जुड़े विषयों पर चर्चा की। डेका ने भी उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री साय ने राज्यपाल को जशपुर जिले के स्थानीय उत्पाद भेंट किए। राज्यपाल डेका और मुख्यमंत्री साय ने एक दूसरे को राजकीय गमछा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह भी उपस्थित थे।

सीएम ने कहा- चुनाव में देरी हो सकती है, टलेगा नहीं

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि चुनाव में देरी हो सकती है, लेकिन यह टलेगा नहीं। मुख्यमंत्री ने बताया कि देरी के कारण नगरीय निकायों में प्रशासक की नियुक्ति करनी पड़ी है। मुख्यमंत्री जगदलपुर के लिए रवाना होने से पहले मीडिया से चर्चा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में बस्तर के लिए 350 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया जाएगा। इसके अलावा, बस्तर के विकास को लेकर सरकार मांझी समाज से भी सलाह लेगी। मुख्यमंत्री ने बस्तर के विकास को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि एक साल के भीतर बस्तर में शांति स्थापित करने में सरकार सफल रही है। इसके अलावा, क्षेत्र के विकास के लिए नियत नेल्लानार योजना चलाई जा रही है। वहीं, नगरीय निकाय चुनाव में देरी और प्रशासकों की नियुक्ति को लेकर विपक्ष ने सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि यह बीजेपी का अलोकतांत्रिक चरित्र है। उन्होंने कहा कि समय पर चुनाव कराना सरकार का संवैधानिक दायित्व था, लेकिन चुनाव में देरी कर प्रशासकों की नियुक्ति की गई है।

लखमा और उनके पुत्र हरीश से आज ईडी करेगी पूछताछ, गिरफ्तारी भी संभव

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा और उनके पुत्र हरीश कवासी को ईडी ने 3 जनवरी को रायपुर कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया है। चर्चा है कि पूछताछ के बाद उनकी गिरफ्तारी भी हो सकती है। छत्तीसगढ़ के 2161 करोड़ के बहुचर्चित शराब घोटाले में कवासी लखमा का बड़ा रोल होने की चर्चा रही है। बीते लोकसभा और विधानसभा चुनावों के दौरान ही कवासी लखमा के सिर पर ईडी की तलवार लटक रही है। पूछताछ के बाद पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा और उनके पुत्र को गिरफ्तार करने की आशंका जतायी जा रही है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले शराब घोटाला मामले में ईडी ने रायपुर, धमतरी व सुकमा में बड़ी छापेमारी की कार्यवाही की थी। लगातार आठ घंटे चली छापेमारी में ईडी ने कई अहम डिजिटल सबूत हाथ लगने का दावा किया है। ईडी ने माना है कि पूर्व आबकारी मंत्री तक भी घोटाले की बड़ी रकम हर माह पहुंचती थी। यह तलाशी अभियान पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के आवासीय परिसर में किया गया था, जो कथित तौर पर आबकारी मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान नकद में अपराध की आय (पीओसी) के मुख्य प्राप्तकर्ता थे। उनके सुकमा जिला पंचायत अध्यक्ष पुत्र हरीश कवासी और उनके करीबी सहयोगियों के आवासीय परिसरों में भी तलाशी ली गई थी। तलाशी में ईडी ने घोटाले की अवधि के दौरान कवासी लखमा द्वारा नकद में पीओसी के उपयोग से संबंधित सबूत जुटाने का दावा किया है। इसके अलावा तलाशी में कई डिजिटल उपकरणों की बरामदगी और जप्ती भी हुई है, जिनमें आपत्तिजनक रिकॉर्ड होने का संदेह है। ईडी की जांच में पहले पता चला था कि अनवर ढेबर, अनिल टुटेजा और अन्य लोगों का शराब सिंडिकेट छत्तीसगढ़ राज्य में काम कर रहा था। इस घोटाले के पीओसी का अनुमान लगभग 2161 करोड़ रुपए है। ईडी की जांच से पता चला है कि कवासी लखमा शराब घोटाले के पीओसी से हर माह बड़ी रकम कैश में लेते थे। 2019 से 2022 के बीच चले शराब घोटाले में ईडी की जांच से पता चला है कि पीओसी अवैध कमीशन के रूप में प्राप्त किया गया था और इसके लिए कई तरीके अपनाए गए थे। बहरहाल आज इन तमाम आरोपों के बीच पूर्व मंत्री कवासी लखमा से पूछताछ की जाएगी। उसके बाद मामले पर बड़ी कार्यवाही के संकेत हैं।

राजेंद्र आर्लेकर ने केरल के राज्यपाल के रूप में ली शपथ

वार्ता ◂ तिरुवनंतपुरम
www.dailypioneer.com

राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन में आयोजित एक विशेष समारोह में केरल के नए राज्यपाल के रूप में शपथ ली। केरल उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश नितिन मधुकर जामदार ने राज्यपाल को सुबह 10.30 बजे शपथ दिलाई। राज्यपाल ने भगवान के नाम पर शपथ ली और राज्य के 23वें राज्यपाल बन गए। समारोह में मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन, विधानसभा अध्यक्ष एएन शमसीर, विपक्ष के नेता वीडी सतीसन, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं एआईसीसी कार्यसमिति के सदस्य रमेश चेन्नितथला, मंत्री, सांसद, विधायक, मुख्य सचिव, वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी, रक्षा अधिकारी, वरिष्ठ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नेता भी शामिल हुए। अर्लेकर अपनी पत्नी अनघा अर्लेकर के साथ हवाई अड्डे पहुंचे, जहां मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

बिहार के नये राज्यपाल बने आरिफ मोहम्मद खान

पटना। आरिफ मोहम्मद खान ने बिहार के नये राज्यपाल के तौर पर शपथ ले ली है। राजभवन के राजेंद्र मंडपम हॉल में आयोजित एक समारोह में पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के विनोद चंद्रन ने आरिफ मोहम्मद खान को शपथ दिलाई है। नये राज्यपाल आरिफ के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा समेत अन्य कई राजनीतिक हस्तियां मौजूद थीं। आरिफ इससे पहले केरल के राज्यपाल थे और अब वह बिहार के नए राज्यपाल बन गए हैं। अब वह राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर की जगह जिम्मेदारी संभालेंगे। आर्लेकर को केरल का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

निर्वाचन आयोग समय पर कराए निकाय-पंचायत चुनाव : डॉ. महंत

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने छत्तीसगढ़ की पंचायतों (तीनों स्तर) तथा नगरीय निकायों (नगर पंचायत, नगर पलिका परिषद तथा नगर पालिक निगम) का निर्वाचन समय पर कराए जाने के लिये राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, भारत का संविधान के अनुच्छेद 243- के तथा 243-जेड ए के अन्तर्गत छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग का गठन किया गया है। इस आयोग का यह बंधनकारी संवैधानिक कर्तव्य है कि अनुच्छेद 243-इ और 243-यू के अनुसार समय पर निर्वाचन कराए। पंचायतों तथा नगर पलिकाओं की अवधि उनके निर्वाचन के पश्चात् आयोजित प्रथम अधिवेशन के लिए नियत तारीख से पांच वर्ष होती है और इस विनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ति के पूर्व नया निर्वाचन पूर्ण किया ही जाना चाहिए। छत्तीसगढ़ की विद्यमान निर्वाचित पंचायतों की अवधि माह फरवरी 2025 की विभिन्न तारीखों में समाप्त होने जा रही है। किंतु छत्तीसगढ राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा अब तक इनके गठन हेतु निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ ही नहीं की गई है। इससे यह स्पष्ट है कि संविधान के आदेशात्मक प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन हो रहा है जिसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ही पूरी तरह से उत्तरदायी है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, उच्चतम न्यायालय के दो निर्णयों राईट पेटीसन (सी) नं.278 ऑफ 2022 डिसाइडेड ऑन मई 10, 2020 तथा पेटीसन (एस) फोर स्पेशल लीव टू अपील (सी) नं.(एस) 26468 टू 26469/2024 11.11.2024 का उदाहरण है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा है कि, अब और अधिक विलम्ब किये बिना पंचायतों तथा नगरीय निकायों के गठन के लिए निर्वाचन की प्रक्रियाओं को तत्काल प्रारंभ करें।

डॉ. महंत और कांग्रेस क्यों नहीं जाना चाहते कोर्ट?

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत और कांग्रेस लगातार सिर्फ बयानबाजी करते नजर आ रहे हैं। इसके पहले भी महंत ने राज्यपाल को पत्र लिखकर मामले में सुर्खियां बटोरने की कोशिश की। उसके बाद उन्होंने संवैधानिक कर्तव्यों का हवाला देते हुए निर्वाचन आयोग को भी पत्र लिखा है। लेकिन महंत और कांग्रेस ने अब तक कोर्ट का दरवाजा नहीं खटखटाया ? यदि वास्तव में यह पूरा मामला संविधान के उल्लंघन के दायरे में आता है तो महंत और कांग्रेस उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय के पास जाने से कतरा क्यों रहे हैं? क्या डॉ. चरणदास महंत निकाय चुनाव को लेकर सिर्फ राजनीतिक स्वार्थ साधना चाहते हैं या फिर वास्तव में वह समय पर चुनाव कराने के पक्षधर हैं। इसको लेकर अब सवाल उठने लगे हैं।

वानुआतु को पांच लाख डॉलर की सहायता देगा भारत

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत ने गत 17 दिसंबर को दक्षिणी प्रशांत महासागर में आए विनाशकारी भूकंप में बड़े पैमाने पर जानमाल के नुकसान से त्रस्त द्वीपीय देश वानुआतु को पांच लाख डॉलर की सहायता देने की घोषणा की है। विदेश मंत्रालय ने यहां एक बयान में कहा कि गत 17 दिसंबर को दक्षिण प्रशांत महासागर में वानुआतु के तट के पास 7.4 तीव्रता का भूकंप आया जिससे बड़ी तबाही हुई और जानमाल की हानि हुई। भारत ने इस अभूतपूर्व आपदा से हुए नुकसान और विनाश के लिए वानुआतु सरकार और लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और कठिनाई के इस समय में हर संभव समर्थन और सहायता देने की अपनी तत्परता से अवगत कराया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि फोरम फॉर इंडिया-पैसिफिक आइलैंड्स कोऑपरेशन (फिपिक) के तहत एक करीबी दोस्त और भागीदार के रूप में और वानुआतु के मैत्रीपूर्ण लोगों के साथ एकजुटता के संकेत के रूप में भारत सरकार राहत, पुनर्वास और पुनर्निर्माण प्रयासों में सहयोग करने के लिए पांच लाख अमेरिकी डॉलर की राहत सहायता प्रदान करती है। उल्लेखनीय है कि प्राकृतिक आपदाओं के कारण हुई कठिनाई और तबाही के दौरान भारत वानुआतु के साथ मजबूती से खड़ा रहा है। नवंबर 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित भारत की इंडो-पैसिफिक महासागर पहल (आईपीओआई) का एक महत्वपूर्ण स्तंभ आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन है। भारत मानवीय सहायता और आपदा राहत के लिए प्रतिबद्ध है और इस क्षेत्र में एक जिम्मेदार और दृढ़ सहयोगी बना हुआ है।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तूता धरना स्थल पर जाकर शिक्षकों की मांग का समर्थन किया

साय सरकार ने साल के पहले दिन सहायक शिक्षकों पर अत्याचार किया : भूपेश बघेल

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि नये साल के पहले दिन भाजपा सरकार ने युवाओं के ऊपर अत्याचार किया है। 2897 शिक्षकों को बर्खास्त किया गया, सरकार इनकी बहाली बारे में कोई निर्णय नहीं ले रही है। पूरे प्रदेश में साय सरकार अकेली ऐसी सरकार है जिसने 2897 नियमित कर्मचारियों को पदमुक्त कर दिया। आज तक देश का किसी भी राज्य सरकार ने इतनी बड़ी संख्या में एक साथ अपने कर्मचारियों को बर्खास्त नहीं किया है। यह कोई ठेका या संविदा कर्मचारी नहीं है। बघेल ने कहा इन शिक्षकों को सरकार ने भर्ती निकाल कर प्रक्रिया पूरी करने बाद नियुक्ति दिया था। अब अदालत के बाद गतिरोध आ रहा है तो सरकार इस मामले का समाधान निकाल डीएड प्रशिक्षित शिक्षकों के लिये अलग भर्ती निकाले तथा इन पहले से नियुक्ति पा चुके 2897 शिक्षकों की सेवा आगे सुनिश्चित रखने की व्यवस्था करें। इन शिक्षकों की भर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान ही हुआ था ऐसा नहीं है भाजपा सरकार बनने के बाद भी तीसरी और चौथी काउंसलिंग 9 फरवरी 2024 तथा 7 मार्च 2024 को हुई थी तथा इनकी नियुक्तियां हुई थी। अधिसंख्यक शिक्षक बस्तर और सरगुजा संभाग के है तथा दूरस्थ क्षेत्रों में पदस्थ है। 2897 में से 70 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति वर्ग से आते है। सरकार के पास शिक्षा विभाग में ही अनेकों ऐसे पद है जहां समान वेतनमान पर इन 2897 शिक्षकों की नियुक्ति की जा सकती है। प्रयोगशाला सहायक, उच्च श्रेणी शिक्षकों के रूप में इनकी नियुक्तियां की जा सकती है। बीएड सहायक शिक्षकों के समायोजन का कोई प्रयास भाजपा सरकार ने नहीं किया। सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने समायोजन का प्रस्ताव मांगा लेकिन युवा विरोधी यह सरकार खामोश रही। जानबूझकर षड़यंत्रपूर्वक न्यायालय में बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों का पक्ष सही ढंग से नहीं रखा गया, अब सेवा समाप्ति का नोटिस जारी करके कमेटी बनाने का ढोंग कर रहे है यह हजारों युवाओं के साथ भद्दा मजाक है। 33000 शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया सरकार रोक कर रखी हैं। इन पदों पर इन शिक्षकों को समायोजित किया जा सकता है। सरकार इनके मामले में तत्काल निर्णय लेकर इनका समायोजन करे।



ये सरकार पूरा धान नहीं खरीदना चाहते

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों का पूरा धान नहीं खरीदना चाहती है। धान खरीदी केंद्रों पर जगह की कमी है, उठाव नहीं हो पा रहा, मिलरो से गतिरोध खत्म नहीं हो रही है। किसानों को भुगतान भी नहीं दिया जा रहा, एकमुश्त 3100 भुगतान का वादा की हवा निकल गई है। दूरस्थ क्षेत्रों में बारदानों की बहुत ज्यादा कमी है। सरकार पूरा धान नहीं खरीदना पड़े इसके लिये बहाना बना रही है। सरकार बताये कि केंद्र सरकार इस वर्ष सेंट्रल पुल में कितना चावल लेने वाली है, अभी तक आंकड़ा सार्वजनिक क्यों नहीं किया गया?

सरकार चुनाव में जाने से डर रही

नगर निगमों में प्रशासक नियुक्त किये जाने के सरकार के फैसले पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा सरकार चुनाव में जाने से डर रही है, इसीलिये पहले चुनाव की अवधि बढ़ाने की अधिसूचना लाये फिर विधेयक पारित कराया अब प्रशासन बैठा दिये। सरकार को मालूम है कि चुनाव होगा तो भाजपा का सूपड़ा साफ हो जायेगा, इसीलिये चुनाव में जाने से डर रहे है। एक साल में ही साय सरकार अलोकप्रिय हो गयी। युवा, किसान, महिला, आदिवासी सभी सरकार से नाराज है। चारो तरफ भ्रष्टाचार हो रहा, कानून व्यवस्था बदहाल, आपराधिक घटनाएं बढ़ गयी है। महिला पुलिस अधिकारी भी सुरक्षित नहीं है।

केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन ने छत्तीसगढ़ के लिए विभिन्न शहरी विकास परियोजनाओं की समीक्षा की

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

आवास और शहरी मामलों के राज्य मंत्री तोखन साहू ने आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय शहरी मामलों के संस्थान के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में छत्तीसगढ़ में चल रही और आगामी शहरी विकास परियोजनाओं की प्रगति और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई। बैठक में आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय की कई प्रमुख परियोजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। इन परियोजनाओं का उद्देश्य शहरी समस्याओं का समाधान करना, सतत विकास को बढ़ावा देना और छत्तीसगढ़ के शहरों में जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है। चर्चा की गई प्रमुख परियोजनाओं में शामिल हैं। इस परियोजना का उद्देश्य रायपुर और बेमेतरा में शैलो एक्विफरों के प्रबंधन और स्थिरता को बढ़ाना है। यह परियोजना स्थानीय अधिकारियों और हितधारकों की क्षमता को मजबूत करते हुए जल संसाधनों के प्रभावी प्रबंधन के लिए प्रयासरत है। इसका मुख्य उद्देश्य बेहतर ज्ञान और क्षमता को धरातल पर कार्यात्मक रूप में बदलना है, जिससे क्षेत्र में दीर्घकालिक जल सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

छत्तीसगढ़ में क्रिमिनल सिंडिकेट बनाकर शराब घोटाले को दिया अंजाम : साव

पायनियर संवाददाता ◂ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में अरबों का शराब घोटाला हुआ है। एक क्रिमिनल सिंडिकेट बनाकर शराब घोटाले को अंजाम दिया गया। ईडी इस मामले की जांच कर रही है और जांच में कई तथ्य सामने आ रहे हैं। ये बातें उप-मुख्यमंत्री अरुण साव ने जगदलपुर में पत्रकारों से कही। बस्तर जिला मुख्यालय जगदलपुर में विभिन्न कार्यक्रम में शामिल हुए। आगे उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि, कांग्रेस सरकार के द्वारा जो राज्य के खजाने को लूटा गया था, वह अब धीरे-धीरे उजागर हो रहा है। एजेंसी सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। शराब घोटाले में जो लोग भी संलिप्त होंगे, वो सब जनता के सामने बेनकाब होंगे। आगामी नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में कांग्रेस की स्थित को लेकर साव ने कहा कि, राजनीतिक दल को अपनी गतिविधि करने का अधिकार है। लेकिन जिस प्रकार से विधानसभा, लोकसभा और रायपुर दक्षिण के चुनाव में जनता ने कांग्रेस को नकारा, वैसे ही निकाय और पंचायत चुनाव में जनता का हक छीनने वाली कांग्रेस को घर बिठाने के लिए तैयार है।

कश्मीर घाटी में हाड़ कंपा देने वाले ठंड का प्रकोप बढ़ा, हिमपात जारी

वार्ता ◄ श्रीनगर
www.dailypioneer.com

कश्मीर घाटी में रात भर ताजा हिमपात हुआ जिससे हाड़ कंपा देने वाली ठंड का प्रकोप जारी है। यहां आने वाले दिनों में और हिमपात होने का अनुमान है। अधिकारियों ने संकेत दिया है कि सबसे महत्वपूर्ण मौसम गतिविधि सप्ताहांत में होने के आसार हैं। श्रीनगर और कश्मीर घाटी के अन्य प्रमुख इलाकों में बुधवार की रात के दौरान हल्का से मध्यम हिमपात हुआ, जिससे सामान्य गतिविधियां बाधित हुई। रिपोर्टों से यह भी पता चलता है कि कश्मीर के कई उत्तरी क्षेत्रों में हिमपात अभी भी जारी है। उत्तरी कश्मीर के सीमावर्ती जिले कुपवाड़ा के एक रिपोर्ट में कहा गया है कि मध्यम हिमपात के कारण जिले की प्रमुख सड़कें बंद हो गई हैं, जिससे सामान्य गतिविधियां बाधित हो गई हैं। जिला मुख्यालय को जोड़ने वाली कर्नाह, केरन, नौगाम, जुमगुंड और बुंगस घाटी सहित नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास की सड़कें बर्फ जमा होने के कारण बंद हो गई। अधिकारियों ने सड़कों से बर्फ हटाने के लिए अपने कर्मियों को तैयार कर लिया है। स्वतंत्र मौसम भविष्यवक्ता फैजान आरिफ ने कहा,मौजूदा पश्चिमी विक्षोभ (डब्ल्यूडी) के दोपहर के दौरान तीव्र होने की उम्मीद है, जिससे उत्तरी कश्मीर के ऊंचे इलाकों, गांदरबल जिले के ऊंचे इलाकों, सोनमर्ग-पहलगाम अक्ष और ज़ोजिला-द्रास-मिनीमर्ग अक्ष पर भारी हिमपात होगा। श्रीनगर में मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा कि मध्यम से तीव्र पश्चिमी तूफान के कारण जम्मू के मैदानी इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है और चार जनवरी की रात से पांच जनवरी की देर रात के दौरान जम्मू-कश्मीर के अधिकांश स्थानों पर अधिकतम हिमपात होगा। छह जनवरी की दोपहर से मौसम में सुधार होने और 10 जनवरी तक शुष्क रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने एक एडवाइजरी भी जारी की है जिसमें कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर के मैदानी/ऊंचे इलाकों सहित सड़कों पर हिमपात, तापमान और बर्फीली स्थितियों को देखते हुए पर्यटकों/यात्रियों/ट्रांसपोर्टरों को प्रशासनिक/यातायात सलाह का पालन करने की सलाह दी जाती है। श्रीनगर और कश्मीर घाटी के अन्य हिस्सों में लगातार ठंड की स्थिति में कोई कमी नहीं आ रही है, जिससे प्रमुख जलस्रोत जम गए हैं और सामान्य जनजीवन बाधित हो गया है। बुधवार की मध्यरात्रि के दौरान दर्ज किए गए न्यूनतम तापमान में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई, लेकिन कश्मीर घाटी में यह हिमांक बिंदु से नीचे रहा। श्रीनगर में पिछली रात शून्य से 4.4 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले तापमान शून्य से 2.6 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया। इस अवधि के दौरान यह जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी के लिए औसत से 0.2 डिग्री सेल्सियस कम रहा। गुलमर्ग घाटी का सबसे ठंडा स्थान रहा और यहां तापमान में कुछ डिग्री का मामूली सुधार हुआ और एक दिन पहले के शून्य से 8.8 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले तापमान शून्य से 8.6 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। मौसम की इस अवधि के दौरान यह उत्तरी कश्मीर के प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट के औसत से 1.9 डिग्री सेल्सियस कम रहा। पहलगाम में रात के तापमान में सुधार हुआ और बुधवार के शून्य से 7.6 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले शून्य से 4.0 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग में पर्यटक स्थल के लिए यह सामान्य से 1.9 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। कोकेरनाग में तापमान लगातार दूसरे दिनशून्य से 5.8 डिग्री सेल्सियस कम पर रहा और दक्षिण कश्मीर के पिकनिक स्पॉट के लिए यह सामान्य से 2.5 डिग्री सेल्सियस कम रहा । काजीगुंड में रात का तापमान भी बढ़ गया और पिछली रात शून्य से 6.0 डिग्री सेल्सियस नीच के मुकाबले शुन्य से 5.2 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया। दक्षिण कश्मीर में श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर कश्मीर के प्रवेश द्वार के लिए यह सामान्य से 2.2 डिग्री सेल्सियस कम रहा ।

मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता, कैमरून से सभी 47 श्रमिकों की हुई सुरक्षित वापसी

एजेंसी ◄ रांची
www.dailypioneer.com

झारखंड के मुख्यमंत्री के निर्देश पर कैमरून में फंसे झारखण्ड के श्रमिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित हो रही है। इस क्रम में एक बार फिर 27 श्रमिकों की सुरक्षित वापसी हुई। शेष 08 श्रमिक 3 जनवरी 2025 की सुबह बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। मालूम हो कि कैमरूम में फँसे 47 श्रमिकों में से 11 श्रमिकों की वापसी 29 दिसंबर 2024 को हुई थी, इसके बाद 27 श्रमिकों को सुरक्षित लाया गया था। शेष श्रमिक भी भारत पहुंच चुके हैं लेकिन ये सभी शुक्रवार की सुबह झारखण्ड पहुंचेंगे। उल्लेखनीय है कि झारखण्ड के हजारीबाग, बोकारो तथा गिरिडीह के 47 श्रमिक सेंट्रल वेस्ट अफ ीका के कैमरून में एम/एस ट्रांस रेल लाइटिंग लिमिटेड के माध्यम से अगस्त 2024 से कार्यरत थे, जिन्हें वेतन भुगतान और कंपनी द्वारा अच्छा व्यवहार नहीं किए जाने की जानकारी मुख्यमंत्री को प्राप्त हुई थी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया था। राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने त्वरित कार्रवाई करते हुए श्रमिकों और संबंधित कंपनी से संपर्क कर मामले का सत्यापन किया । प्राप्त शिकायत के आधार पर सचिव एवं श्रमायुक्त के निर्देशानुसार संबंधित जिलों के श्रम अधीक्षकों ने नियोजकों/ नियोक्ताओं और बिचौलियों (मिडिलमैन) के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज किया है। कंट्रोल रूम की टीम लगातार ई-मेल और फोन के माध्यम से अधिकारियों, कंपनी एवं श्रमिकों से संपर्क करते हुए श्रमिकों का कुल 39,77,743 बकाया रुपये का भुगतान कराया। मुख्यमंत्री ने श्रमिकों की वापिस के बाद विभागीय सचिव को इन श्रमिकों का पारिवारिक विवरण संग्रह कर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से संबद्ध करने का निर्देश दिया है।

दो सीमा चौकियों का नाम बदल कर शहीदों के नाम पर रखा

एजेंसी ◄ जालंधर
www.dailypioneer.com

वीर शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को सम्मानित करने के लिये बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर के अंतर्गत दो सीमा चौकियों (बीओपी) का नाम बदल कर शहीदों के नाम पर रखा गया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बुधवार को कहा कि इस अवसर पर आयोजित एक समारोह में एक चौकी का नाम दिवंगत नायक चनन सिंह वीर चक्र के नाम पर रखा गया। इस मौके पर उनकी पत्नी और परिवार के सदस्य भी मौजूद थे। पट्टिका का आधिकारिक अनावरण उनके परिवार द्वारा किया गया, जो उनकी वीरता और समर्पण को भावभीनी श्रद्धांजलि थी। एक अन्य मार्मिक घटना में, एक बीओपी का नाम बदलकर 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के हीरो दिवंगत कांस्टेबल हरदेव सिंह के नाम पर रखा गया। समारोह में उनके परिवार के सदस्य भी शामिल हुये, जिन्होंने आधिकारिक तौर पर पट्टिका का अनावरण किया।

क्यूआर कोड स्कैन करते ही खुलेंगे महाकुम्भ सुरक्षा के चार डिजिटल दरवाजे

एजेंसी ◄ महाकुम्भनगर
www.dailypioneer.com

महाकुम्भनगर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए बेहद पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। इनमें डिजिटल तकनीक का भी भरपूर इस्तेमाल किया जा रहा है। पहली बार श्रद्धालुओं को महाकुम्भनगर के दौरान सोशल मीडिया के माध्यम से पल पल की अपडेट मिलेगी। श्रद्धालु अपनी बात सेकेंडों में बड़े पुलिस अफसरों से लेकर पूरे महकमे तक पहुंचा पाएंगे महाकुम्भनगर पुलिस ने सुरक्षा के चार ऐसे डिजिटल दरवाजे बनाए हैं, जिनके माध्यम से यह सबकुछ पल भर में किया जा सकेगा। बस आपको क्यूआर कोड स्कैन करना होगा। ऐसा करते ही श्रद्धालु तुरंत सुरक्षा तंत्र के साथ जुड़ जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर देश दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सभी जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं। विशेष तौर पर सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। महाकुम्भनगर में आने वाले श्रद्धालुओं की डिजिटल सुरक्षा का पूरा इंतजाम किया गया है। महाकुम्भनगर के एक जिम्मेदार अधिकारी ने बताया कि पहली बार यहां चार प्रकार के ऐसे क्यूआर कोड जारी किए गए हैं, जिन्हें स्कैन करते ही महाकुम्भनगर सुरक्षा के चार डिजिटल दरवाजे खुल जाएंगे। ये दरवाजे एक्स, फे सबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब होंगे। इनके रास्ते सुरक्षित महाकुम्भनगर की पूरी तैयारी योजनाबद्ध तरीके से कर ली गई है। महाकुम्भनगर पुलिस ने चार ऐसे क्यूआर कोड तैयार किए हैं, जिन्हें स्कैन करते ही श्रद्धालु सोशल मीडिया पर पुलिस के साथ जुड़ जाएंगे। इनमें एक्स, फे सबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब के लिए अलग अलग क्यूआर कोड बनाए गए हैं। जैसे किसी ने एक्स वाले क्यूआर कोड को स्कैन किया तो वह तुरंत कुम्भ मेला पुलिस के पेज पर ले जाएगा यहां आप हर पल की अपडेट तो पाएंगे ही, साथ में मैसेज करके किसी भी प्रकार की समस्या की सूचना दे सकेंगे। वरिष्ठ अधिकारी आपके मैसेज पाते ही अलर्ट हो जाएंगे। एक्स की ही तरह ही ये सुविधा इंस्टाग्राम और यूट्यूब के साथ साथ फे सबुक पर भी उपलब्ध रहेगी। महाकुम्भनगर में डिजिटल आंखें 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहेंगी।

जम्मू-कश्मीर में राज्य का दर्जा बहाल करना केवल समय की बात है : उमर अब्दुल्ला

एजेंसी ◄ श्रीनगर
www.dailypioneer.com

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने उम्मीद जताई कि केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा केवल एक अस्थायी चरण है और राज्य का दर्जा वापस आने की आशा व्यक्त की। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से केंद्र सरकार के वादे पर जोर देते हुए जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा समय पर बहाल करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने श्रीनगर में मीडिया को संबोधित करते हुए ये टिप्पणी की, जो केंद्र शासित प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में पदभार संभालने के बाद उनकी पहली प्रेस बातचीत थी। उन्होंने कहा हमें उम्मीद है कि जम्मू-कश्मीर को केंद्रशासित प्रदेश का दर्जा एक अस्थायी चरण है, यह केवल समय की बात है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा चुनावों में जम्मू-कश्मीर के लोगों की सक्रिय भागीदारी की ओर इशारा किया, जिसे उम्मीदों से अधिक के लिए देश के नेतृत्व से प्रशंसा मिली। उन्होंने कहा, राज्य के दर्जे के लिए अदालत में जाना एक लड़ाई होगी, लेकिन हमारा पहला विकल्प केंद्र सरकार को उनके वादे याद दिलाना है। यदि आवश्यक हो तो हम अदालतों से संपर्क करने का अधिकार बरकरार रखते हैं। अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर के लोगों की सेवा करने और उनके अधिकारों और सम्मान की बहाली के लिए प्रयास करने के लिए अपने प्रशासन की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने कहा, हम यहां लोगों की सेवा करने के लिए हैं और हमें उम्मीद है कि केंद्र सरकार बिना किसी देरी के अपने वचन का सम्मान करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर मॉडल में शासन के दोहरे केंद्र से किसी को फायदा नहीं होता है। भाजपा के इस दावे पर कि अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद जम्मू-कश्मीर मुद्दा हल हो गया है, मुख्यमंत्री ने कहा कि कश्मीर मुद्दा अनसुलझा है। चुनाव पूर्व मुफ्त बिजली के वादे पर अब्दुल्ला ने कहा कि वे 200 यूनिट मुफ्त बिजली तभी दे पाएंगे जब मीटर लगेंगे।

पुलिस अधिकारी पर हमला करने के आरोप में परिवार के तीन सदस्यों सहित आठ पर मामला दर्ज

एजेंसी ◄ पगवाड़ा
www.dailypioneer.com

पंजाब में नकोदर सिटी पुलिस ने एक पुलिस अधिकारी पर हमला करने के आरोप में एक परिवार के तीन सदस्यों सहित आठ बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जांच अधिकारी दिलबाग सिंह ने बताया कि आरोपियों की पहचान मीरापुर गांव निवासी मनदीप सिंह, उसके भाई अमनवीर सिंह और उसके पुत्र गुरबीर, उसी गांव के गोलू, भगत वीर सिंह और हरमन तथा उनके दो अज्ञात साथियों के रूप में हुई है। जालंधर (ग्रामीण) में ट्रैफिक स्टाफ के सहायक उप निरीक्षक अमरीक सिंह ने अपने बयान में कहा कि वह अपने स्टाफ के साथ शंकर-नकोदर रोड पर गांव शकरपुर के पास ड्यूटी पर थे और एल्कोलमीटर से वाहनों और उनके चालकों की जांच कर रहे थे। उन्होंने बताया कि आरोपी मनदीप सिंह नशे की हालत में गांव शंकर की तरफ से स्कूटर चलाकर आया और जब उसने एल्कोमीटर से आरोपी को चेक करना चाहा तो आरोपी ने पुलिस के साथ बदसलूकी और गाली-गलौज शुरू कर दी तथा अन्य आरोपियों को फोन कर दिया, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर उस पर हमला कर दिया तथा उसके साथियों ने उनकी वर्दी फाड़ दी, स्मार्टफोन छीन लिया तथा उन्हें धमकियां दीं। जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

तमिलनाडुः रामनाथपुरम सरकारी अस्पताल में भीषण आग लगी

एजेंसी ◄ रामनाथपुरम
www.dailypioneer.com



तमिलनाडु में रामनाथपुरम सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में देर रात को भीषण आग लगने से 350 से अधिक लोग बाल-बाल बच गये इनमें अधिकतर मरीज थे। पुलिस ने गुरुवार सुबह यहां कहा कि आधी रात के बाद एक ब्लॉक की दूसरी मंजिल पर विद्युत नियंत्रण कक्ष में संदिग्ध शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की सूचना मिली। आग लगने के तुरंत बाद विद्युत नियंत्रण कक्ष से निकले काले धुएं के गुबार ने दूसरी मंजिल को अपनी चपेट में ले लिया जिससे मरीजों एवं उनके परिचारकों और अस्पताल के कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। तमिलनाडु अग्निशमन और बचाव सेवा विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पा लिया लेकिन मरीजों के वार्डों में काला धुआं फैलता रहा। उन्होंने बताया कि अस्पताल की दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल पर मौजूद सभी मरीजों, परिचारकों और अस्पताल के कर्मचारियों को व्हीलचेयर और स्ट्रेचर का उपयोग करके तेजी से बाहर निकाला गया और बगल की इमारत में ले जाया गया जबकि गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में इलाज करा रहे दो मरीजों को व्यापक आपातकालीन प्रसूति अस्पताल और नवजात देखभाल इकाई में स्थानांतरित कर दिया गया। जिला कलेक्टर सिमरनजीत सिंह काहलों अस्पताल पहुंचे और बचाव अभियान की निगरानी की। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सभी मरीज सुरक्षित हैं और आग लगने की घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने अस्पताल का दौरा किया और जांच की। उन्होंने कहा कि आग लगने के सही कारण का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच की जा रही है।

झारखंड उच्च न्यायालय में ईडी पर दर्ज एससी-एसटी केस मामले की सुनवाई

रांची। झारखंड उच्च न्यायालयमें गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जरिये दायर शिकायत पर ईडी के अधिकारियों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट में दर्ज एफआईआर को सीबीआई सहित अन्य स्वतंत्र एजेंसी को देने का आग्रह करने वाले ईडी की याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में हेमंत सोरेन के जवाब (प्रति शपथ पत्र) पर ईडी के वरिष्ठ अधिकारी देवव्रत झा को अपना प्रतिउत्तर देने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया है। अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद होगी। ईडी की ओर से अधिवक्ता एके दास और सौरभ कुमार ने पैरवी की। देवव्रत झा की ओर से उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल कर आग्रह किया गया है कि इस मामले में गोंदा पुलिस के जरिये ईडी के अधिकारियों को प्रताड़ित करने की कोशिश की जा रही है। इसलिए इस मामले की जांच का जिम्मा सीबीआई सहित अन्य स्वतंत्र एजेंसी को सौंपा जाए।

अभिषेक ने बंगलादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा पर केंद्र सरकार की चुप्पी पर साधा निशाना

एजेंसी ◄ कोलकाता
www.dailypioneer.com

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने केन्द्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि वह बंगलादेश में अल्पसंख्यकों पर जारी हिंसा और अत्याचार रोकने के लिए कोई उचित कदम नहीं उठा रही है। बनर्जी ने आरोप लगाया कि राज्य में अशांति पैदा करने के लिए सीमा पार से जेहादियों की घुसपैठ के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) जिम्मेदार है। उन्होंने अपने डायमंड हार्बर निर्वाचन क्षेत्र में कहा, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और विदेश मंत्री सहित केंद्रीय मंत्री बंगलादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार, धमकी और भय फैलाने के बावजूद क्या कर रहे हैं और यहां तक कि उस देश के लोग भी लगातार भारत को धमकी दे रहे हैं। बनर्जी ने कहा,क्या आपने 2014 से पहले कभी सुना है कि बंगलादेश बार-बार भारत को धमका रहा है और केन्द्र सरकार इन धमकियों पर चुप रही है। उन्होंने कहा, हमने (हमारी पार्टी ने) पहले ही रुख साफकर दिया है कि बंगलादेश के मुद्दे पर केंद्र जो भी रुख अपनाएगा, हम उसका समर्थन करेंगे। बनर्जी ने पूछा, हमने केंद्रीय नेताओं से 'लटका के मारूंगा, चुन चुन के देखूंगा' और भी बहुत सी बातें सुनी हैं, लेकिन अब वे कहां चली गईं। उन्होंने कहा, त्रिपुरा और असम जैसी डबल इंजन वाली सरकारों का क्या हुआ, जहां घुसपैठिए घुस आए।

क्या वहां तृणमूल की सरकार है?

बनर्जी ने कहा, बंगाल में सीमा पर तैनात बीएसएफ घुसपैठियों को भारतीय क्षेत्र में आने दे रही है, लेकिन राज्य पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि घुसपैठियों को अनुमति देकर राज्य में अशांति पैदा करने और राज्य सरकार को परेशान करने के लिए अपराध को बढ़ावा देने की साजिश की जा रही है।

अशोक सिंगला ने कृष्णा गौशाला में 24 गायों की मौत की घटना के बाद स्थिति का जायजा लिया

एजेंसी ◄ पगवाड़ा
www.dailypioneer.com

पंजाब गौसेवा आयोग के अध्यक्ष अशोक सिंगला फगवाड़ा के मेहली गेट स्थित कृष्णा गौशाला की स्थिति का जायजा लेने पहुंचे, जहां आठ दिसंबर 2024 को 24 गायों की मौत हो गयी थी। सिंगला ने गौशाला में एडीसी फगवाड़ा नवनीत कौर बल और एसडीएम फगवाड़ा जशनप्रीत सिंह से मुलाकात की और गौशाला की मौजूदा स्थिति का जायजा लिया। इस अवसर पर हिंदू नेता इंद्रजीत करवाल (शिवसेना पंजाब) और गुरदीप सैनी (शिवसेना यूबीटी) ने भी अध्यक्ष अशोक सिंगला से मुलाकात की और उन्हें गौशाला की मौजूदा स्थिति से अवगत कराया। मीडिया को संबोधित करते हुये सिंगला ने कहा कि कृष्णा गौशाला में गायों की मौत का मामला उनके संज्ञान में था, लेकिन नगर निगम चुनाव के कारण वे गौशाला नहीं पहुंच सके। उन्होंने आगे कहा कि स्थानीय हिंदू नेताओं और कृष्णा गौशाला के अध्यक्ष राकेश गोसाई से बातचीत के दौरान उन्हें पता चला कि स्थानीय पुलिस प्रशासन ने मामले की गहनता से जांच की है और बिना किसी पक्षपात के मामले को सुलझाया है, इसलिये वे इस मामले में पुलिस की कार्रवाई और जांच से संतुष्ट हैं। उन्होंने गौशाला के कर्मचारियों से मुलाकात की और उन्हें गौशाला की गायों को चारा उपलब्ध कराते समय तकनीकी पहलुओं और आवश्यक सावधानियों के बारे में जागरूक किया।

फर्जी प्रमाण पत्र मामले के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरु

वार्ता ◄ रायबरेली
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश में रायबरेली के सलोन इलाके में फर्जी प्रमाण पत्र के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर अधिनियम के तहत कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह ने बताया कि पिछले वर्ष फर्जी जन्मप्रमाण पत्र बनाने वाले एक गिरोह का खुलासा हुआ था। उस गिरोह ने बड़ी तादाद में फर्जी जन्म प्रमाणपत्र बनाये थे जिनके खिलाफ अब गैंगस्टर अधिनियम में मामला दर्ज कर उनकी आपराधिक क्रियाकलापों से अर्जित की गई सम्पति को जांच कर जब्त और कुर्क करने की कार्यवाही शुरू की गई है। गौरतलब है उत्तर प्रदेश के रायबरेली में चल रहे फर्जी जन्म प्रमाण के मामले में जुलाई महीने में जेल भेजे गए अंतर्राज्यीय गिरोह के खिलाफ पुलिस ने सभी 18 आरोपियों पर गैंगेस्टर की कार्रवाई की है। सलोन क्षेत्र से फर्जी जन्म प्रमाणपत्र बनाए जाने का खेल चल रहा था। इस खेल में करोड़ों रुपए की संपति भी आरोपियों के द्वारा अर्जित कर ली गई थी। जुलाई माह में इसका भंडाफोड़ किया गया था।

किसानों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है भाजपा सरकार : अखिलेश

वार्ता ◄ लखनऊ
www.dailypioneer.com

समाजवादी पार्टी (सपा)अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार लगातार किसानों की उपेक्षा कर रही है और उसने समाजवादी सरकार के दौरान किसानों के हित में किए कार्यों को रोक दिया। मंडियों का काम पूरा नहीं करने दिया। किसानों से जुड़ी योजनाओं को बजट नहीं दिया। उन्होने कहा कि समाजवादी सरकार एक्सप्रेस-वे के किनारे मंडियों का निर्माण करा रही थी जिससे किसानों को उनकी फसल की उपज की अच्छी कीमत मिलती, लेकिन भाजपा सरकार ने द्वेषभावना के चलते काम पूरा नहीं होने दिया। कन्नौज के ठठिया में आलू मंडी का काम हो या कन्नौज के काऊ मिल्क प्लांट का कार्य। भाजपा ने अपनी नकारात्मक कार्य प्रणाली से विकास कार्यों में रोड़ा अटकाया। यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने बड़ी सोच के साथ काऊ मिल्क प्लांट लगवाया था, लेकिन प्लांट को न खोलकर भाजपा ने अपनी नकारात्मक राजनीति को जाहिर कर दिया। काऊ मिल्क प्लांट का कार्य पूरा होने से हजारों दुग्ध किसानों को लाभ मिलता और लाखों बच्चों को सही पोषण मिलता। गोवंश का सम्मान समाजवादी सरकार में हुआ। भाजपा सरकार में तो गोवंश की दुर्दशा है। सरकारी गौशालाओं में गायों को चारापानी तक नहीं मिल रहा है। ठंड में गायें मर रही हैं। उन्होने कहाकि भाजपा सरकार में गेंहू, धान समेत आलू, गन्ना सभी फसलों के किसान उपेक्षा के शिकार है। उद्योगपतियों और धन्ना सेठो की पोषक भाजपा सरकार को किसानों का दर्द दिखाई और सुनाई नहीं देता है। प्रदेश में पिछले दिनों गेंहू, चना, सरसों किसानों को डीएपी खाद की भारी कमी का सामना करना पड़ा। डीएपी खाद के लिए कई जिलों में किसानों को भारी संघर्ष करना पड़ा, खाद के बदले लाठियां मिली। सपा अध्यक्ष ने कहाकि गेहूं की फसल के लिए किसानों को यूरिया की जरूरत है, लेकिन उन्हें यूरिया की कमी का सामना करना पड़ रहा है। इसी तरह गन्ना किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरकार ने इस पेराई सत्र के लिए गन्ना मूल्य घोषित नहीं किया। बढ़ती महंगाई के कारण गन्ने की खेती का लागत मूल्य बढ़ गया है, लेकिन भाजपा सरकार गन्ना मूल्य घोषित न करके किसानों को धोखा दे रही है। उन्होने कहा कि सरकार बताये कि आखिर चीनी मिलें किसानों को किस कीमत पर गन्ना मूल्य का भुगतान कर रही है।

नीतीश ने अवैध खनन की सूचना देने वाले बिहारी योद्धाओं को दिया पुरस्कार

एजेंसी ◄ पटना
www.dailypioneer.com

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज अवैध खनन कर राजस्व चोरी करनेवाले खनन माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई में सहयोग करनेवाले बिहारी योद्धाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कुमार ने एक, मार्ग स्थित 'सकंल्प' में खान एवं भूतत्व विभाग के तहत अवैध खनन कर राजस्व चोरी करनेवाले खनन माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई में सहयोग करनेवाले बिहारी योद्धाओं के सम्मान कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने इस अवसर पर सम्मानित होनेवाले 24 बिहारी खनन योद्धाओं के खाते में माऊस क्लिक कर पुरस्कार स्वरूप मिलनेवाली राशि हस्तांतरित की। उल्लेखनीय है कि अवैध खनन कर राजस्व चोरी करनेवाले खनन माफियाओं की सूचना देनेवाले को यह राशि प्रदान की जा रही है। इसके तहत ट्रेक्टर की सूचना देनेवाले योद्धाओं को पांच हजार रुपये और ट्रक की सूचना देनेवाले योद्धाओं को 10 हजार रुपये की पुरस्कार राशि सम्मानस्वरूप दी जा रही है। मुख्यमंत्री को खान एवं भूतत्व विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से अपने विभाग के अद्यतन कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने अवैध खनन की रोकथाम के लिए किए जानेवाले कार्य, विभाग में किए जा रहे नवाचार सहित अन्य कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री सह खान एवं भूतत्व विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह ससंदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, खान एवं भूतत्व विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिहं एवं खान एवं भूतत्व विभाग के निदेशक विनोद दूहन उपस्थित थे।

एसपी सिंह ने ली प्रेसवार्ता कहा, ऑपरेशन शंखनाद हमारी कामयाबी 109 आरोपी गिरफ्तार, यातायात प्रबंधन हमारी कमी 343 की हुई मौत

2025 में यातायात प्रबंधन में सुधार को बताया अपनी प्राथमिकता, ट्रैफिक सेंस विकसित करेंगे

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिला के पुलिस कप्तान शशि मोहन सिंह ने नए वर्ष के दूसरे दिन बीते वर्ष में किए गए उल्लेखनीय कार्यों को लेकर प्रेसवार्ता का आयोजन किया जिसमें उन्होंने जशपुर पुलिस की एक ओर जहां उपलब्धियों को गिनाया वहीं उन्होंने पुलिस की जहां चूक हुई और काम करने में कमी रह गई उसके बारे में भी खुलकर बातचीत करते हुए नए वर्ष में कमियों को दूर कर उत्साह के साथ काम करने की बात कही। एसपी सिंह ने कहा, ऑपरेशन शंखनाद के तहत 109 पशु तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया और उनसे 704 पशुधन को मुक्त कराते हुए 3.5 करोड़ रुपए कीमती वाहनों को जब्त कर राजसात की कार्रवाई की गई। वहीं उन्होंने जिले की सबसे बड़ी समस्या सड़क दुर्घटना में हो रही मौत को बताते हुए कहा, वर्ष 2024 में 343 लोगों की मौत सड़क हादसे में हुई है जोकि गंभीर समस्या है। उन्होंने कहा, 2025 में यातायात व्यवस्था को ठीक करने में उनका प्रमुख जोर

होगा। इस दौरान एएसपी अनिल सोनी, यातायात जिला प्रभारी के साथ ही कोतवाली प्रभारी रविशंकर तिवारी भी उपस्थित रहे।

ऑपरेशन शंखनाद% की कार्रवाई -इस अभियान के तहत् गौ तस्करी के कुल 61 प्रकरणों में 109 आरोपियों को गिरफ्तार कर कुल 704 नग गौ-वंश तस्करी से बचाया गया है, साथ ही गौ-तस्करी में प्रयुक्त विभिन्न प्रकार के कुल 35 वाहन कीमती लगभग रू. 3,50,00,000 /- (तीन करोड़ पचास लाख रू.) को जप्त किया जा चुका है, जिसमें से 16 वाहन राजसात हो चुके हैं।

प्रमुख वारदातों के आंकड़े-वर्ष 2024 में हत्या के कुल 56 प्रकरण दर्ज हुये जिसमें गिरफ्तार प्रकरण 54 में कुल 73 आरोपी गिरफ्तार हुये, वर्ष 2023 में हत्या के 71 एवं वर्ष 2022 में 64 प्रकरण दर्ज हुये थे, वर्ष 2024 में हत्या का प्रयास के कुल 13 प्रकरण दर्ज हुये जिसमें गिरफ्तार प्रकरण 12 में कुल 22 आरोपी गिरफ्तार हुये, वर्ष 2023 में 15 एवं वर्ष 2022 में 16 प्रकरण दर्ज हुये थे। वर्ष 2024 में चोरी के कुल 141 प्रकरण दर्ज हुये जिसमें गिरफ्तार प्रकरण 45 में कुल 122 आरोपी गिरफ्तार हुये, वर्ष 2023 में 168 एवं वर्ष 2022 में 200 प्रकरण दर्ज हुये थे। वर्ष 2024 में लूट के कुल 08 प्रकरण दर्ज हुये जिसमें गिरफ्तार प्रकरण 04 में कुल 07 आरोपी गिरफ्तार हुये, वर्ष 2023 में 08 एवं वर्ष 2022 में 14 प्रकरण दर्ज हुये थे। वर्ष 2024 में दुष्कर्म के कुल 137 प्रकरण दर्ज हुये जिसमें गिरफ्तार प्रकरण 129 में कुल 170 आरोपी गिरफ्तार हुये, वर्ष 2023 में 118 एवं वर्ष 2022 में 172 प्रकरण दर्ज हुये थे।वर्ष 2024 में मानव तस्करी के कुल 04 प्रकरण दर्ज हुये जिसमें गिरफ्तार प्रकरण 03 में कुल 07 आरोपी गिरफ्तार हुये, वर्ष 2023 में 04 एवं वर्ष 2022 में 06 प्रकरण दर्ज हुये थे।

2025 की प्रमुख कार्ययोजना-1- जिले में रोड एक्सीडेंट के मामले में मृत्यु दर को कम करने हेतु यातायात जन जागरूकता अभियान के तहत् नशा मुक्ति, रोड इंजीनियरिंग, ट्राफिक व्यवस्था, ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन, हेलमेट जागरूकता, शराब पीकर वाहन चलाने वाले व्यक्ति के विरूद्ध अधिक से अधिक कार्यवाही इत्यादि। 2- किराएदारों की सूची के आधार पर किरायेदारो के पहचान की कार्यवाही का अभियान। 3- प्रकरण में लम्बे समय से फरार आरोपियों की सूची जिले के थाना/चौकी से तैयार कराकर टीम गठित कर अधिक से अधिक फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की कार्यवाही। 3- सायबर अपराध के दर में कमी लाने हेतु जन जागरूकता अभियान। 4- जिले में चलित थाना के माध्यम से जनता का शिकायत का त्वरित निराकरण।

> जशपुर पुलिस द्वारा टीम भावना से कार्य करने पर अपराधों में कमी आई है। एक्सीडेंट के मामले बढ़े हैं, भविष्य में इस पर वृहद कार्ययोजना बनाकर कार्यवाही की जाएगी।
> **-शशि मोहन सिंह, एसपी जशपुर**

बालक बालिकाओं के शौचालय मरम्मत कार्य भ्रष्टाचार की भेंट अधिकारियों पर बंदरबांट करने का आरोप

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

बालक बालिकाओं के खस्ताहाल शौचालय को दुरुस्त करने के लिए राज्य सरकार द्वारा करीब 6 माह पहले लाखों रुपए शिक्षा समग्र विकास विभाग को जारी किया लेकिन जारी राशि का कई हिस्सा अधिकारियों के बीच बंदरबांट होने के चलते मरम्मत कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया शायद यही वजह है कि बालक बालिकाओं की शौचालय अपने बदतर हाल में आंसू बहा रहा है जिसे ना कोई देखने वाला है और ना ठीक करने वाला जानकारी अनुसार समग्र शिक्षा अंतर्गत एक एक शौचालय को 40 40 हजार की लागत से करीब 6 माह पहले जिला भर के 74 बालक और 38 बालिकाओं के शौचालय को मरम्मत के लिए शासन ने लाखों रूपए आंबटित किया ताकि बदतर स्थिति में पड़ी टंकी सीट छत खिड़की रंग रोगन सहित अन्य को ठीक किया जाए लेकिन अपसोस की बात है कि जारी अनुसार बिल्कुल भी मरम्मत नहीं हो पाया जिसका प्रमुख कारण शासन से प्राप्त राशि की अधिकारियों के बीच बंदरबांट को माना जाता है तभी आज भी उन शौचालय की बद से बदतर वाली तस्वीर नहीं बदल पाई मतलब वर्तमान में भी बालक बालिकाओं को टूटी फूटी खिड़की सीट और उखड़ी प्लास्टर के बीच शौच

करने को मजबुर है जिससे ब्लॉक सहित जिला के अधिकारी भी अच्छी तरह वाकिप है बावजूद इसके नियमानुसार शौचालय की मरम्मत नहीं हो पाया जिसका खमियाजा आज रोज बालक बालिकाओं को उठाना पड़ रहा है फिर भी जिला प्रशासन की ओर से खानापूर्ति शौचालय मरम्मत को लेकर कोई भी कार्यवाही नहीं किया है शायद यही वजह है कि की अधिकारियों और एजेंसी के बीच तगड़ी सांठगांठ का आरोप लगाया जा रहा है.

स्वच्छ भारत अभियान की मंशा हवा में : सबसे दुर्भाग्य की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा को जिम्मेदार अधिकारी आज भी ठेंगा दिखा रहे हैं क्योंकि देवभोग मैनपुर ब्लॉक के अधिकांश स्कूलों के शौचालय पर ताला लटका होता है जिसका कारण गंदगी के साथ शौचालय की खराब हालत को मानते है इस बीच स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों के कई पालक कई इस स्वच्छ भारत अभियान मिशन को लेकर बिफरते कहते है कि सरकार अपने ओर से पैसा कर्मचारी अब मुहैया करा रही हैं लेकिन स्थानीय अधिकारियों द्वारा जोरदार लापरवाही बरता जाता हैं ऐसे में किस तरह स्वच्छ भारत अभियान की कल्पना किया जा सकता है.

जांच के लिए शिकायत की तैयारी : स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ पालकों में भी थूक पालिस मरम्मत को लेकर नाराजगी है क्योंकि छोटे छोटे बालक बालिकाओं को दुर्गन्ध टूटी फूटी शौचालय से निजाद दिलाने के लिए शासन ने लाखों रुपए जारी किया मगर वह राशि अधिकारियों के बीच ही सिमट के रह गया ऐसे में बच्चों को आगामी दिनों में भी पुनः दुर्गन्ध और खस्ताहाल शौचालय में शौच करना मजबूरी होगा ऐसे में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से खानापूर्ति शौचालय मरम्मत की शिकायत करते एजेंसी और जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की मांग किया जाएगा क्योंकि शिक्षा विभाग प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय के पास होने के चलते जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय की छवि को धूमिल करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ने की बात सामने आ रही है इसके अलावा कागज की मरम्मत को धरातल में उतारते बच्चो को सहूलियत पहुंचाने के लिए शिकायत दर्ज करने की बात कह रहे हैं।

नया साल के उपलक्ष्य में प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला जुरगुम के छात्रों को कराया गया न्योता भोजन

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने गृह ग्राम बगिया में आश्रम शाला के बच्चों को अपने जन्मदिवस पर न्योता भोजन कराने की जो शुरुआत की थी इसका एक सकारात्मक संदेश समाज के बीच गया है। इसी परिप्रेक्ष्य में नया साल के पहले दिन 01 जनवरी 2025 को विकासखंड बगीचा के प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला जुरगुम के 136 छात्र-छात्राओं को न्योता भोजन परोसकर इस दिन को यादगार बनाया गया। प्राथमिक शाला जुरगुम के 75 एवं माध्यमिक शाला जुरगुम के 61 बच्चों को भजिया, टमाटर की चटनी, पुड़ी, छोला, दाल फ्रांई, आलू गोभी मटर की सब्जी तथा अण्डा करी परोसा गया। सभी बच्चों

को शाला प्रांगण के आंगन में बारी-बारी से न्योता भोजन कराया गया। बच्चे नए साल के उपलक्ष्य में स्वादिष्ट तथा रुचिपूर्ण भोजन पाकर अत्यंत प्रसन्न थे। इस दौरान विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी बगीचा एम. आर. यादव, सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यालय के अन्य कर्मचारी मौजूद थे। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना में समुदाय की भागीदारी जोड़ते हुए न्योता भोजन की अनूठी पहल की गई है। सामुदायिक जन भागीदारी पर आधारित इस कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न संस्थाओं में जनप्रतिनिधि, पालक, समुदाय के सदस्य एवं शिक्षकों के माध्यम से करवाया जाता है। ''न्योता भोजन'' विभिन्न त्योहारों या अवसरों जैसे वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह और राष्ट्रीय पर्व आदि पर भारतीय परम्परा पर आधारित है। न्योता भोजन छात्र-शिक्षक एवं पालक समुदाय के बीच अपनेपन की भावना को विकसित करने का जरिया तो है ही साथ-साथ पोषण युक्त एवं रुचिकर भोजन दिए जाने से बच्चों की शालाओं में उपस्थिति में वृद्धि होती है।

कलेक्टर ने अनुपस्थित पाए जाने वाले अधिकारी, कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलेक्टरेट परिसर के विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सरकारी कार्यप्रणाली की समीक्षा की और कार्यालयों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कर्मचारियों को कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों और कर्मचारियों से जनहित में तेजी से कार्य करने को कहा, ताकि जनता को सेवाओं का लाभ समय पर मिल सके। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कर्मचारियों के कार्यालय में आने और जाने के समय का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थिति रिकॉर्ड की जांच की और यह सुनिश्चित किया कि सभी कर्मचारी समय पर कार्यालय में उपस्थित रहें। इसके साथ ही, उन्होंने लंच ब्रेक की अवधि और उसके दौरान कर्मचारियों की उपस्थिति की भी

जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि लंच ब्रेक के बाद सभी कर्मचारी समय पर वापस कार्यस्थल पर उपस्थित हों, ताकि सरकारी कामकाज में कोई रुकावट न हो। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी का भी अवलोकन किया। उन्होंने उपस्थिति पंजी में दर्ज कर्मचारियों के समय पर आने और जाने की जानकारी ली। कलेक्टर ने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी कर्मचारी नियमित रूप से अपनी उपस्थिति सही समय पर दर्ज करें। उन्होंने यह भी कहा कि अनुशासनहीनता या देरी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि कार्यालय में कामकाज सुचारू रूप से चले। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर शर्मा ने पाया कि कुछ कर्मचारी और अधिकारी समय पर उपस्थित नहीं थे। उन्होंने इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि इन अनुपस्थित कर्मचारियों और अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, और समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है। साथ ही, कलेक्टर ने कहा कि अनुशासनहीनता के मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मेजन फ्रेश के 'सुपर वैल्यू डेज' में 1 जनवरी से 7 जनवरी तकअविश्वसनीय बचत के साथ करें नए साल की शुरुआत

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

नया साल नएपन और जश्न की भावना अपने साथ लेकर आता है और यह अपने त्योहारों और सर्दियों के लिए जरूरी सामान खरीदने का बिल्कुल सही समय है। अमेजन फ्रेश के सुपर वैल्यू डेज में 1 जनवरी से 7 जनवरी तक स्नैक्स, पेयपदार्थ, पर्सनल केयर, बेबी केयर और पेंट्री स्टेपल सहित कई तरह के उत्पादों पर 50त्न तक की छूट का आनंद लें। आपके पसंदीदा समय पर स्लॉटेड डोरस्टेप डिलीवरी कीसुविधा के साथ डोव, आशीर्वाद, फॉर्च्यून, हिमालय, और नेस्ले जैसे विश्वसनीय ब्रांड्स को आजमाएं और अपने घर को इस मौसम के लिए अच्छी तरह तैयार रखें। चाहे आप नए ग्राहक हों या पुराने, हर कोई बेहतरीन डील और वैल्यू ऑफर का आनंद लेसकता है, जिससे आने वाले सीज़न के लिए बड़ी बचत सुनिश्चित होगी। प्राइम ग्राहक45% तक की छूट के साथ-साथ फ्लैट 400 रु. कैशबैक और वीकेंड पर फलों औरसब्जियों पर अतिरिक्त 50 रु. कैशबैक का आनंद ले सकते हैं, साथ ही मुफ़्त डिलीवरी भीपा सकते हैं। सभी नए ग्राहक 45% तक की छूट, 400 रु. का फ्लैट कैशबैक और मीट, सीफूड और अंडों पर 60 रु. का अतिरिक्त कैशबैक पा सकते हैं। सुपर सेवर्स पर 50त्न तक की छूट के साथ सर्दियों में आरामदायक गर्मी का आनंद लें, जो आपके सर्दियों केमौसम को और भी खास बना देगा। 1 जनवरी से 4 जनवरी तक आईसीआईसीआई बैंकक्रेडिट और डेबिट कार्ड से खरीदारी पर अतिरिक्त 10% की बचत का लाभ लें, जिससेयह खरीदारी और बचत करने का सबसे सही समय बन जाएगा।

बौद्ध समाज द्वारा डा.अंबेडकर सांस्कृतिक भवन में शहीदों को आदरांजलि दी गई

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

1जनवरी 1818 को भीमा कोरेगांव महाराष्ट्र में महारो और पेशवाओ के भीषण संग्राम हुआ था जिसमे 500 महार सैनिकों ने 28000 पेशावाओं की सेना को नेस्तनाबूत कर भारत को जाति मुक्त और लोकत्रांतिक बनाने की दिशा में पहला ऐतिहासिक कदम बढ़ाया था। इस ऐतिहासिक जीत को याद करते हुए छत्तीसगढ़ बौद्ध समाज पुराना बाजार दल्लीराजहरा द्वारा डा.अंबेडकर सांस्कृतिक भवन में शहीदों को आदरांजलि दी गई। जिसमे छत्तीसगढ़ बौद्ध समाज के अध्यक्ष रवि बारसागड़े, उपाध्यक्ष भूपेश सहारे, पूर्व उपाध्यक्ष बिसन कांडे, सत्या पवार, मनीष बरसागड़े, महिला मंडल अध्यक्ष आशा नोनहारे, उपाध्यक्ष मंजू मेश्राम, सचिव प्रीती मेश्राम, किरण नोनर्हे, चित्ररेखा सहारे, दुर्गा बरसागडे, यामिनी नोनहरे, मंजू बांबेश्वर, मुस्कान बांबेश्वर, आंचल मेश्राम, पविता चुनारकर, सरस्वती सुखदेवे, रिंकी उके एवम भविष्य में बहुजन महापुरुषों की महान विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए हमारे बाल धम्म सभा के बच्चे उपस्थित रहे। साथ ही रवि कुमार बारसागड़े जी द्वारा उपास्थित सभी बौद्ध उपासक एवं उपासिकाओं का सादर आभार व्यक्त किया गया।

सीआरआई पंप्स ने हासिल की एक बड़ी उपलब्धिः एमएसईडीसीएल, मुंबई, महाराष्ट्र से 25,000 सोलर पंपिंग सिस्टम के लिए 754 करोड़ रुपयों का ऑर्डर प्राप्त किया

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

सीआरआई पंप्स ने अपनी प्रतिबद्धता को स्थिरता और अक्षय ऊर्जा समाधान की दिशा में एक और महत्वपूर्ण मुकाम पर पहुंचाते हुए बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कंपनी को आधिकारिक तौर पर महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, मुंबई, महाराष्ट्र द्वारा 25,000 सोलर पंपिंग सिस्टम की आपूर्ति के लिए शामिल किया गया है। इस ऑर्डर का मूल्य 754 करोड़ रुपये है और यह मागेल त्याला सौर कृषी पंप योजना का हिस्सा है। इस नियुक्ति के साथ, सीआरआई पंप्स अक्षय ऊर्जा समाधानों को अपनाने को बढ़ावा देने, महाराष्ट्र के कृषि परिदृश्य को सशक्त बनाने और एक हरित एवं अधिक स्थायी भविष्य में योगदान देने के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, सीआरआई ग्रुप के चेयरमैन जी. सौंदरराजन ने कहा, हमारे लिए यह सम्मान की बात है कि एमएसईडीसीएल ने इन सोलर पंपिंग सिस्टम की आपूर्ति के लिए हमें चुना है। यह बड़ा ऑर्डर नवाचार और ऊर्जा-कुशल, टिकाऊ पंपिंग समाधानों के विकास में सीआरआई की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। हमारी मजबूत निष्पादन क्षमताओं, गहन उद्योग विशेषज्ञता और

क्षेत्रीय नेटवर्क के साथ, सीआरआई पंप्स इन सिस्टम्स की निर्बाध डिलीवरी और इंस्टॉलेशन सुनिश्चित करता है। जब विश्व अक्षय ऊर्जा की ओर तेजी से बढ़ रहा है, सीआरआई पंप्स पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी भविष्य सुनिश्चित करने वाले सौर पंपिंग सिस्टम प्रदान करने के प्रति पूरी तरह समर्पित है। 170,000 से अधिक सोलर पंपिंग सिस्टम और IoT-सक्षम स्मार्ट पंप की सफल स्थापना के साथ, सीआरआई पंप्स ने स्थायी नवाचार में नए मानक स्थापित करना जारी रखा है। अपनी उन्नत पंपिंग तकनीकों के माध्यम से, सीआरआई पंप्स ने ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरणीय स्थिरता में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। जिनमें लगभग 5,200 मिलियन यूनिट किलोवाट ऊर्जा की बचत और 4.13 मिलियन टन कार्बन उत्सर्जन में कमी शामिल है।

अमेजन फ्रेश के 'सुपर वैल्यू डेज' में 1 जनवरी से 7 जनवरी तक अविश्वसनीय बचत के साथ करें नए साल की शुरुआत

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

नया साल नएपन और जश्न की भावना अपने साथ लेकर आता है और यह अपने त्योहारों और सर्दियों के लिए जरूरी सामान खरीदने का बिल्कुल सही समय है। अमेजन फ्रेश के सुपर वैल्यू डेज में 1 जनवरी से 7 जनवरी तक स्नैक्स, पेयपदार्थ, पर्सनल केयर, बेबी केयर और पेंट्री स्टेपल सहित कई तरह के उत्पादों पर 50त्न तक की छूट का आनंद लें। आपके पसंदीदा समय पर स्लॉटेड डोरस्टेप डिलीवरी कीसुविधा के साथ डोव, आशीर्वाद, फॉर्च्यून, हिमालय, और नेस्ले जैसे विश्वसनीय ब्रांड्स को आजमाएं और अपने घर को इस मौसम के लिए अच्छी तरह तैयार रखें।

चाहे आप नए ग्राहक हों या पुराने, हर कोई बेहतरीन डील और वैल्यू ऑफर का आनंद लेसकता है, जिससे आने वाले सीज़न के लिए बड़ी बचत सुनिश्चित होगी। प्राइम ग्राहक 45% तक की छूट के साथ-साथ फ्लैट 400 रु. कैशबैक और वीकेंड पर फलों औरसब्जियों पर अतिरिक्त 50 रु. कैशबैक का आनंद ले सकते हैं, साथ ही मुफ़्त डिलीवरी भीपा सकते हैं। सभी नए ग्राहक 45% तक की छूट, 400 रु. का फ्लैट कैशबैक और मीट, सीफूड और अंडों पर 60 रु. का अतिरिक्त कैशबैक पा सकते हैं।

सुपर सेवर्स पर 50त्न तक की छूट के साथ सर्दियों में आरामदायक गर्मी का आनंद लें, जो आपके सर्दियों के मौसम को और भी खास बना देगा। 1 जनवरी से 4 जनवरी तक आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट और डेबिट कार्ड से खरीदारी पर अतिरिक्त 10त्न की बचत का लाभ लें, जिससे यह खरीदारी और बचत करने का सबसे सही समय बन जाएगा।

सैमसंग को भारत में एसी बिजनेस पर पूरा भरोसा, 2025 में लॉन्च करेगा नए विंडफ्री मॉडल

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के प्रमुख कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने 2025 में एयर कंडीशनर के एक दर्जन से अधिक मॉडल लॉन्च करने की योजना बनाई है। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार दक्षिण कोरिया की उपकरण बनाने वाली प्रमुख कंपनी अपने उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ाना चाहती है और भारत में रूम एसी सेगमेंट में एक पसंदीदा ब्रांड बनना चाहती है। सैमसंग के नए एसी मॉडल कंपनी के मालिकाना हक वाले बीस्पोक एआई समाधानों से पावर्ड होंगे और इसके द्वारा उन उपभोक्ताओं को लक्षित किया जाएगा जो प्रीमियम एसी खरीदना चाहते हैं। विश्लेषकों का कहना है कि रेफ्रिजरेटर और वॉशिंग मशीन की श्रेणियों में सैमसंग की बीस्पोक एआई रेंज के घरेलू उपकरणों को भारतीय बाजार में बहुत अच्छा रिस्पॉन्स मिला है और यह सैमसंग को रूम एयर कंडीशनर सेगमेंट में विस्तार करने के लिए एक मजबूत शुरुआत देता है। कंपनी की योजना से अवगत डीलरों ने कहा कि सैमसंग की नई एसी रेंज शक्तिशाली एयर कंडीशनर को लेकर उपभोक्ताओं की मांग को पूरा करेगी। इस रेंज में तेज और आरामदायक कूलिंग, ऊर्जा की बचत, सहूलियत और ड्यूरैबिलिटी को खूबसूरती के साथ मिलाया गया है। भारतीय रूम एयर-कंडीशनर (आरएसी) उद्योग उल्लेखनीय विकास के लिए तैयार है और कई विश्लेषकों ने 2025 में बिक्री की मात्रा में 20त्न से अधिक की वृद्धि का अनुमान लगाया है।

कबीरधाम बना प्रदेश का पहला जिला जहां सड़क सुरक्षा अनुभव कक्ष स्थापित

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सड़क सुरक्षा अनुभव कक्ष का किया उद्घाटन

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने परिवहन कार्यालय में राज्य का पहला सड़क सुरक्षा अनुभव कक्ष का उद्घाटन किया। यह कक्ष मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में कबीरधाम जिले में स्थापित किया गया है, जो प्रदेश का पहला जिला बना है जहां इस प्रकार का अनुभव कक्ष स्थापित किया गया है। इस उद्घाटन समारोह में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कक्ष के सभी पहलुओं का अवलोकन किया और इसकी कार्यप्रणाली पर विस्तार से जानकारी ली। सड़क सुरक्षा अनुभव कक्ष का उद्देश्य नागरिकों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस कक्ष में विभिन्न प्रकार की सड़क सुरक्षा संबंधित जानकारी और सामग्री प्रस्तुत की गई है, जिसमें वाहन चालकों को दुर्घटनाओं से बचने के उपाय, ट्रैफिक नियमों के पालन, और सुरक्षित ड्राइविंग

के बारे में बताया गया है। कक्ष में विभिन्न वर्चुअल अनुभव, वीडियो, और मॉडल्स के जरिए सड़क सुरक्षा को समझने का एक आकर्षक तरीका अपनाया गया है। इस अवसर पर कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी सहित पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, जनपद उपाध्यक्ष डॉ. बीरेन्द्र साहू, कैलाश चंद्रवंशी, सतविंदर पाहुजा, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, मनीराम साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मती देवकुमारी चंद्रवंशी, जसविंदर बग्गा, पार्षद उमंग पाण्डेय, पवन जायवाल, प्रमोद शर्मा, विजय पाली, सुनील दोसी, सनत साहू, अजय ठाकुर, ट्रक, जिला परिवहन अधिकारी मोहन साहू, बस, आटो संघ के प्रतिनिधि, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि बचपन से ही हमें सही और गलत का भेद सिखाया जाता है। माताओं की भूमिका बच्चों को जीवन के उचित और अनुचित कार्यों के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण होती है। इसी प्रकार यह सत्र समाज में सुरक्षा और नियमों के प्रति एक सकारात्मक सोच विकसित करेगा। उन्होंने कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रक्रिया को निरंतर जारी रखा जाए, ताकि हर व्यक्ति सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक हो सके। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने सड़क सुरक्षा अनुभव कक्ष के शुभारंभ में कहा कि अब ड्राइविंग लाइसेंस बनाने आने वाले व्यक्तियों को एक विशेष ऑडियो, वीडियो सत्र से गुजरना होगा। यह सत्र आवेदनकर्ताओं को ट्रैफिक नियमों और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। उपमुख्यमंत्री शर्मा कहा कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक व्यक्ति ट्रैफिक नियमों, चालान प्रक्रिया, और सुरक्षित वाहन संचालन के महत्व को गहराई से समझे। ऑडियो, वीडियो सत्र पूरा करने के बाद, प्रतिभागियों को एक प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। यह प्रमाण पत्र यह दर्शाएगा कि उन्होंने सड़क सुरक्षा के नियमों को समझ लिया है। यह सत्र लोगों को सड़क पर सही निर्णय लेने और सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित करेगा। इससे न केवल ट्रैफिक नियमों के पालन में सुधार होगा, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं की संख्या भी कम होगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विभागीय प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और जागरूकता बढ़ाने के लिए यह कदम उठाया गया है। यह सुनिश्चित करेगा कि ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने वाला हर व्यक्ति सड़क पर जिम्मेदारी से वाहन चलाए। उन्होंने कहा कि संपूर्ण छत्तीसगढ़ में इस प्रक्रिया की शुरुआत कवर्धा से की गई है। इसे पूरे राज्य में लागू किया जाएगा।

दैनिक राष्ट्रीय पायनियर के वार्षिक कैलेंडर का बीएमओ डॉ. रोशन बरियार ने किया विमोचन

■ मनोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टॉप भी रहे मौजूद, कैलेंडर की सराहना की

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुर/मनोरा
www.dailypioneer.com

जिला स्तर पर भी राष्ट्रीय दैनिक पायनियर अखबार के वार्षिक कलेंडर का विमोचन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनोरा में विमोचन कर क्षेत्र की जनता को समर्पित किया गया। इस अवसर पर डॉ रोशन बरियार मनोरा विकासखंड चिकित्सा अधिकारी और स्टॉप मौजूद रहे। ज्ञात हो राष्ट्रीय समाचार पत्र पायनियर कई वर्षों से कैलेंडर का प्रकाशन करते आ रहा है। इसी कड़ी में वर्ष 2025 के कैलेण्डर का प्रकाशन किया गया है।

वाहन चलाते समय यातायात नियमों का करे पालन : अग्रवाल

यातायात सुरक्षा अभियान अंतर्गत 31 जनवरी 2025 तक होंगे विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने गरियाबंद पुलिस द्वारा संचालित सड़क सुरक्षा माह वर्ष 2025 का शुभारंभ किया। इसके तहत सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा की थीम पर यातायात नियमों का पालन और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया गया। यह अभियान 01 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक चलेगा। अभियान का शुभारंभ पुलिस लाइन गरियाबंद से हेलमेट रैली निकालकर किया गया। रैली में कलेक्टर - एसपी सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं पुलिस के जवानों ने हेलमेट पहन कर बाइक चलाते हुए लोगों को यातायात नियमो का पालन करने का संदेश दिया। यह रैली पुराने एसपी कार्यालय पर समाप्त हुई। यहां पर स्कूली बच्चों एवं आमजनों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर अग्रवाल ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह का मुख्य उद्देश्य वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने के लिए लोगों को जागरूक करना है। जिससे सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी एवं दुर्घटनाओं में कमी आयेगी। उन्होंने लोगों को वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही स्कूली बच्चो को अपने घर एवं आसपास के लोगों को भी सड़क सुरक्षा के संबंध में जानकारी देने की बात कही। सड़क सुरक्षा माह के शुभारंभ अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेंद्र चंद्राकर, एसडीओपी सुनिशा सिन्हा, आरटीओ प्रभारी रविंद्र ठाकुर, रक्षित निरीक्षक सनत ठाकुर, थाना प्रभारी ओमप्रकाश यादव सहित अन्य अधिकारी - कर्मचारी मौजूद रहे।

अल्ट्राटेक रावन सी एस आर द्वारा एसएचजी लीडर मीट का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

संयंत्र प्रमुख राजेश शंकर तथा एफएच - एचआर करन मिस्त्री के मार्गदर्शन में अल्ट्राटेक रावन सी एस आर द्वारा स्वयं सहायता समूह के नेतृत्वकर्ताओं का सम्मेलन का आयोजन सी एस आर परिसर ऑडीटोरियम में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्षेत्र के 15 गाँवों के समूह नेतृत्वकर्ता के अलावा अल्ट्राटेक रावन प्रशासनिक प्रमुख संजीव मिश्रा एच. आर प्रमुख सुधीद्र पंडा की गरिमामयी उपस्थिती थीं।

इस अवसर पर नववर्ष की अग्रीम बधाई के साथ कार्यक्रम की शुरूवात की गयी इस कार्यक्रम में रंगारंग संस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा विभिन्न मूद्दो पर महिला समूह लीडरों ने अपना विचार प्रस्तुत किया। संयंत्र प्रबंधन से संजीव मिश्रा ने समूह की महिलाओं को आर्थिक गतिविधीयों के साथ साथ सामाजिक गतिविधीयों तथा सेवा कार्य में शामिल होने की प्रेरणा दी वही पंडा ने समूह के सदस्यों के नेतृत्व विकास की क्षमता को सराहा तथा भविष्य में भी सफल नेतृत्वकर्ता के रुप में तत्पर रहने की प्रेरणा दी तथा कहा की समाज के अन्दर व्याप्त बुराइयों को दूर करने में महिलाओं को संगठित होकर आगे आना चाहिये। अल्ट्राटेक रावन सी एस आर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव ने समाज में संगठित होकर सामाजिक समरसता बढाने की प्रेरणा दी। वही सी एस आर अधिकारी ज्योत्सना पति तथा रंजय पाण्डे के कार्यक्रम में उपस्थिति राही। कार्यक्रम में 150 से अधिक महिला समूह लीडरों की भागीदारी थी। समूह के नेतृत्वकताओं द्वारा सडक सुरक्षा कानूनी जानकारी तथा आय अर्जक गतिविधीयों पर भी चर्चा की गयी। जिसमें प्राची पाण्डे ने कानूनी साक्षरता तथा सीएसआर प्रशिक्षण के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा रंगारंग नृत्य प्रस्तुति के साथ साथ नारी की विभिन्न भूमिका पर झांकी निकाली गयी। सीएसआर टीम के सदस्य द्वारिका वर्मा, सुरेन्द्र कुमार यादव, जानकी यादव, हेमलता ध्रुव, ताराचंद वर्मा, रमा वर्मा, टोपेष्वर मानिकपुरी, पुर्णिमा साहू, बबीता वर्मा एवं सुधा वर्मा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

एसपी कार्यालय के सामने होगा धरना-प्रर्दशन : आशीष

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

बसपा जिलाध्यक्ष आशीष रात्रे ने बताया कि 23 दिसंबर को बिरेझर चौकी क्षेत्र के अन्तर्गत एक गांव की कालेज छात्रा सिहाद कालेज जाने के लिए घर से निकली थी। लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटने पर उक्त छात्रा के परिजनों द्वारा 24 दिसंबर को बिरेझर चौकी में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। 26 दिसबंर को धमतरी एसपी से परिवार के लोगों व्दारा मुलाकात किया गया। लेकिन आज दिनांक तक कालेज छात्रा का कोई पता नहीं चला है जिससे परिवार वाले सदमे में है। पीड़ित परिवार वालों ने 2 जनवरी को एक आवेदन एसपी धमतरी को देते हुए कहा कि यदि जल्द से जल्द उक्त छात्रा का पता नहीं लगाया गया तो वे एसपी कार्यालय के सामने प्रदर्शन करेंगे। परिजनों के समर्थन में बसपा जिलाध्यक्ष आशीष रात्रे ने कहा कि इस पर यदि कार्यवाही नहीं हुई तो वे धमतरी एसपी कार्यालय के सामने प्रदर्शन करेंगे। श्री रात्रे ने बताया कि पूर्व में भी चौकी क्षेत्र के अन्तर्गत एक नाबालिग स्कूली छात्र को अज्ञात महिला व्दारा स्कूल के सामने से स्कूटी में बैठकर नागपुर ले गये थे जिसे पुलिस, परिवार वालों के सहयोग से तत्काल वापस लाया गया था।

पूर्व विधायक की जयंती सेवा दिवस के रूप में मनाया गया

सिविल अस्पताल में मरीजों को किया गया फल वितरण

पायनियर संवाददाता ➤ कुरूद/धमतरी
www.dailypioneer.com

कांग्रेस भवन कुरुद में कांग्रेस पार्टी के द्वारा कुरूद के पूर्व विधायक स्व.डॉ चंद्रहास साहू की 89वें जयंती पर श्रद्धांजली अर्पित की गई। साथ ही सिविल हॉस्पिटल कुरुद में मरीज़ों को फल वितरण करके सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। कांग्रेस भवन में कांग्रेसजनों ने स्व.डॉक्टर साहब की तस्वीर पर तिलक वन्दन व श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए शत.शत नमन किया। उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा और वरिष्ठ कांग्रेस रामेश्वर साहू ने कहा कि स्व.डॉक्टर साहब हमारे प्रेरणास्त्रोत रहे है। वे अपने समय मे कुरूद विधानसभा क्षेत्र में विधायक के रूप में जनसेवा करते हुए एक मिसाल पेश किए। वे गरीबों के सच्चे मसीहा, सेवा एवं सादगी के प्रतीक, कुरूद विधानसभा के युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए कुरूद महाविद्यालय की सौगात दिलाने वालें थे। उन्होंने उम्र के अंतिम पड़ाव में भी अपनी समर्पित सेवा जारी रखी थी। आजीवन मरीजों की निशुल्क सेवा करते रहे और चिकित्सा के क्षेत्र नगर एवं पूरे क्षेत्र में घर घर जाकर दस हज़ार से भी अधिक डिलीवरी किए है। वे कुरुद कांग्रेस के अनमोल रत्न थे। उनकी 89 वें जयंती पर हम सभी शत.शत नमन करते है। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में पश्चात सिविल हॉस्पिटल कुरुद में मरीज़ों के एवं चिकित्सा स्टाफ को को फल बिस्किट वितरण करके सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी दीवान, पूर्व मंडी अध्यक्ष नीलम चंद्राकर, कांग्रेसी प्रहलाद चन्द्राकर, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रमेशर साहू, ब्लॉक अध्यक्ष आशीष शर्मा, युकां विधानसभा अध्यक्ष पार्षद देवव्रत साहू, पार्षद, सभापति मनीष साहू, रोशन जांगड़े, राघवेंद्र सोनी, जनपद सैसी रविंद्र साहू, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ यू डी नवरत्न, डॉ हेमराज देवांगन, पूर्व एल्डरमैन मनोज अग्रवाल, नगर अध्यक्ष साहू समाज रामप्यारे साहू, ब्लॉक महामंत्री लव चंद्राकर, ब्लॉक कोषाध्यक्ष उमाशंकर साहू, संतोष प्रजापति, जित्तू साहू, ऐश्वर्य साहू, तुलसी साहू, अर्जुन ध्रुव, शिवांश साहू, रणवीर साहू, ईशांत साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन व आमजन उपस्थित थे।

हुसैनी के निधन पर पत्रकारों ने दी श्रद्धांजली

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

ज्याउल हुसैनी के निधन पर कचहरी चौक स्थित मीडिया सेंटर में पत्रकारों द्वारा उन्हें भावभीनि श्रद्धांजली अर्पित कर उनकी सेवाओ को याद किया। इस अवसर पर पत्रकार दीपक लाखोटिया, सुधीर गुप्ता, सुनील शर्मा, एम ए फहीम, रंजीत छाबड़ा, भोजराज साहू, मुकेश जैन, प्रेम मगेंद्र, आशीष बंगानी, त्रिलोकी देवांगन, पवन साहू, रितेश यादव, शमशाद खान, अवधेश साहू, डोमन साहू, योगेश साहू, रामकृष्ण सिंह ठाकुर, संजय कौशिक सहित अनेक पत्रकारों ने वरिष्ठ पत्रकार ज्याउल हुसैनी के असामयिक निधन पर दुख प्रगट किया।

प्राथमिक शाला बड़ेटेमरी में न्यौता भोज आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

विकासखंड शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक डॉ पूर्णानंद मिश्रा, एबीईओ बद्रीविशाल जोल्हे,विनोद शुक्ला,लोकेश्वर सिंह कंवर ,संकुल नोडल प्राचार्य शरद प्रधान के मार्गदर्शन में बसना विकासखंड के संकुल केन्द्र बड़ेटेमरी अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बड़ेटेमरी में प्रधान पाठक वारिश कुमार और सहा.शिक्षक नीलम कुमार,मथामणि साहू ने स्वप्रेरित होकर समस्त छात्रों को न्योता भोज कराया गया। जिससे मिक्कर,केक,चॉकलेट,पानी बोतल और गुलाब जामुन वितरण कर न्यौता भोज कराया गया,साथ ही शासन द्वारा प्रदत्त मिलेट्स बार भी सप्ताह में तीन दिवस छात्रों को वितरण किया जा रहा है,जिससे समस्त छात्रों को मध्याह्न भोजन के साथ पूरक पोषण भी प्राप्त हो सके। शाला परिवार की ओर से सभी पालकों को ऐसे कार्यक्रम करने हेतु प्रेरित किया गया,जिससे मध्यान्ह भोजन के साथ ही साथ अतिरिक्त पोषण प्राप्त हो सके।

पराजय के भय से निकाय चुनाव टालने का षडयंत्र कर रही भाजपा : विनोद चंद्राकर

सरकार की कार्यशैली से प्रदेश में भारी जनाक्रोश

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com

पूर्व संसदीय सचिव व पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में व्याप्त अराजकता व सरकार के कार्यशैली से जनता में गहरी नाराजगी व आक्रोश व्याप्त है। प्रदेश के समस्त निकाय क्षेत्रों में साय सरकार के खिलाफ माहौल निर्मित हो गए हैं और निकाय चुनावों में भाजपा की संभावित पराजय के भय से सरकार निकाय चुनाव में अनावश्यक विलंब कर रही है। राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव टालने का मतलब है कि राज्य सरकार निर्वाचित प्रतिनिधि से जिम्मेदारी हटाकर निकायों को अफसरशाही के हवाले करना चाहती है। ऐसा करके सरकार निकायों में अगले चुनाव तक धन उगाही का काम अधिकारियों के माध्यम से करने की साजिश कर रही है। आरक्षण प्रक्रिया में मनमानी पूर्वक बदलाव कर चुनाव को बाधित कर रहे हैं। अध्यक्ष व महापौर के लिए आरक्षण की प्रक्रिया अकारण ही 10 दिन आगे बढ़ा दिया गया। इससे स्पष्ट हो रहा है कि भाजपा सरकार नगरीय निकाय चुनाव की प्रक्रिया में जाने से डर रही, लगातार बहाने कर रही है। छग की जनता साय सरकार के कामकाज से बेहद नाराज है, बिगड़ती कानून व्यवस्था, धान खरीदी में कुप्रबंधन, आरक्षक भर्ती घोटाला, महतारी वंदन योजना में भ्रष्टाचार, अपराध, अपराधियों और भ्रष्टाचारियों को संरक्षण से यह सरकार जनता का भरोसा खो चुकी है, इसलिए चुनाव टाला जा रहा है। चंद्राकर ने कहा है कि कांग्रेस के दबाव में बैलेट पेपर पर चुनाव कराने सरकार मजबूर हुआ है। केवल स्थानीय निकाय ही नहीं, हर चुनाव बैलेट पेपर से होना चाहिए। विश्वसनीयता के लिए पारदर्शिता आवश्यक है। लोकतंत्र पर आम जनता का भरोसा कायम रहे इसके लिए बैलेट पेपर से चुनाव आवश्यक है।

ओबीसी समाज की बैठक 6 जनवरी को

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com

निकाय ,पंचायतराज संस्था निर्वाचन 2025 के नगरीय निकायों के ओ. बी .सी. आरक्षण में राज्य सरकार द्वारा षड्यंत्र पूर्वक कटौती कर रही है। ओ बी सी आरक्षण संसोधन अध्यादेश 2024 लाकर ,पूर्व के नियम मे 25 व पिछड़ा वर्ग आरक्षण को कटौती कर दिया गया है और एस टी/एस सी को जहाँ उनकी जनसंख्या के अनुपात मे 50 प्रतिशत आरक्षण मिलता है उसकी तुलना में पिछड़ा वर्ग को कोई आरक्षण नही मिलेगा । शेष 50 व सीट सामान्य वर्ग (आनक्षित) हो जायेगा । इस तरह छत्तीसगढ़ प्रदेश के ग्राम पंचायतों के वार्ड से लेकर सरपंच , जनपद पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य ,जनपद पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष और नगरीय निकायों मे पार्षद नगर पंचायत अध्यक्ष ,नगर पालिका अध्यक्ष नगर निगम सदस्य ,महापौर सभी पदों पर पदों पर निर्वाचन के लिए ओबीसी वर्ग को वंचित कर दिया गया है। वर्तमान पारित अध्यादेश में अधिसूचित और अनुसूचित (पेसा) क्षेत्र आदिवासी इलाका बस्तर सरगुजा संभाग के सभी सीटों को 100व आरक्षण एस टी/एस सी को मिल रहा है ओ बी सी वर्ग के लिये यहा पर आरक्षण शून्य हो गया है जबकि पूर्व नियम के अनुसार वहाँ पर भी 25 व पिछड़ा वर्ग को आरक्षण मिलता था शेष 75 व सीट एस टी / एस सी को मिलता था। इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जिला पंचायत सदस्य जागेश्वर जुगनू चन्द्राकर ने बताया कि स्थानीय पंचायत निकायों के नये आरक्षण के विरोध में दिनांक 06/01/2025 दिन सोमवार को दोपहर 12.00 बजे श्री राम जानकी मंदिर गांधी चौक महासमुंद म एक बैठक आयोजित किया जाएगा ततपश्चात एक प्रतिनिधिमंडल महासमुन्द जिला कलेक्टर को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल एवं राज्य के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर मांग की जावेगी कि इन संस्थानों में पूर्व के नियम के अनुसार 25 व आरक्षण ओबीसी वर्ग को दिया जाये।

शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले होटल ढाबों और अवैध चखना सेंटरों पर हुई कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा आपरेशन विश्वास के तहत अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा का संचालन करने वाले तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस टीम द्वारा 01.01.2025 को सायं के समय क्षेत्र अंतर्गत शराब भट्टी के पास अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले, सडक मार्ग के किनारे स्थित होटल, ढाबा, ठेला आदि में पीने, बैठने की सुविधा उपलब्ध कराकर अवैध रूप से शराब पिलाने वाले कुल 04 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है। पकड़े गए सभी 04 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत विधिवत करवाई किया गया है। इस दौरान थाना भाटापारा शहर द्वारा 02 एवं थाना पलारी एवं सिमगा द्वारा 01-01 आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है। आरोपी कमलेश साहू उम्र 42 साल निवासी हथनीपारा वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर, जयकरण साहू उम्र 39 साल निवासी नेहरू वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर, लुकेश्वर चंद्राकर उम्र 38 साल निवासी ग्राम वटगन थाना पलारी, रविंदर बंजारे उम्र 28 साल निवासी ग्राम लिमतरा थाना सिमगा के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

श्री गणपति महायज्ञ की तैयारियों को लेकर हुई बैठक, वृक्षारोपण भी किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय में 16जनवरी से 26 जनवरी तक होने वाले ग्यारह दिवसीय श्री गणपति महायज्ञ को लेकर यज्ञ स्थल दशहरा मैदान में यज्ञ समिति के सदस्यों एवं नगर के प्रबुद्ध जनों धर्मप्रेमियों ने बैठक कर महायज्ञ की तैयारी तथा उससे जुड़े सभी कार्यक्रमों पर चर्चा के साथ यज्ञ स्थल में निर्माणाधीन यज्ञ मंडप का जायजा लिया एवं यज्ञ स्थल को सुंदर हराभरा बनाने वृक्षारोपण पौधरोपण भी किया गया। महायज्ञ में आयोजित कार्यक्रम में प्रथम दिवस 16 जनवरी को बेदी पूजा कलश पूजा का कार्यक्रम प्रातःः9बजे से प्रारम्भ हो जाएगा दोपहर 1बजे संगीतमय कलशयात्रा गायक दीपक केशरवानी के साथ के पश्चात प्रसाद वितरण द्वितीय दिवस17 जनवरी से प्रातः 9बजे से दोपहर 12बजे तक यज्ञ पुनः दोपहर 2बजे से संध्या 6बजे तक यज्ञ तत्पश्चात आरती उसके बाद कथा प्रवचन भजन जैसे मनमोहक ज्ञानवर्धक मंचीय कार्यक्रम संध्या 6बजे से रात्रि 9बजे तक प्रतिदिन आयोजित होना है जिसमें 17-18 जनवरी आराध्या देवी जी कथावाचिका उरला छ ग 19 जनवरी संध्या परमपूज्य शंकराचार्य जी के शिष्य श्री इंदुभवानंद जी महाराज एवं मदकू द्वीप के महंत श्री राम स्वरूप दास जी महाराज का आशीर्वचन सुनने का सौभाग्य क्षेत्र वासियों को प्राप्त होगा 20 जनवरी अशोक शास्त्री जी धमतरी 21 जनवरी छत्तीसगढ़ भाटापारा के प्रसिद्ध भजन गायक दीपक केशरवानी के अलावा 22जनवरी श्याम सेवा मंडल द्वारा श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या के एक वर्ष पूर्ण होने पर बाहर से आये भजन गायकों के मधुर भजनसंगीत 23-24जनवरी वृंदावन से अदिति किशोरी जी द्वारा कथावाचन 25 जनवरी सुंदरकांड पाठ समिति रावन द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का पाठ झांकी के साथ एवं 26 जनवरी महायज्ञ के अंतिम दिवस पूर्णाहुति पश्चात दोपहर 1बजे कलश विसर्जन यात्रा गायक दीपक केशरवानी के साथ उसके पश्चात भोग भंडारा प्रसादी वितरण के साथ महायज्ञ का समापन होगा। समिति के सदस्यों ने सभी क्षेत्रवासियों से कलशयात्रा समेत सभी कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर विश्व कल्याण सर्वजन हितार्थ होने जा रहे इस परमपुण्य महायज्ञ की सकारात्मक ऊर्जा का लाभ लेने तथा तन मन धन से यथोचित सहयोग करने का आह्वान किया है।बैठक में पूर्व नपा अध्यक्ष अशोक जैन टेशुलाल धुरंधर योगेश अग्रवाल समिति के संरक्षक प. द्वारिका प्रसाद शास्त्री महेंद्र वर्मा मोतीराम वर्मा श्यामसुंदर केशरवानी सुरेन्द्र जायसवाल प्यारेलाल सेन प्रेमनारायण केशरवानी मोरध्वज श्रीवास्तव खोडश राम कश्यप समिति के अध्यक्ष विवेक आनंद तिवारी सचिव सपन केशरवानी सह सचिव विनय गुप्ता कोषाध्यक्ष लक्ष्मेंद्र अग्रवाल सह कोषाध्यक्ष संजयनारायण केशरवानी व्यवस्थापक शिवप्रकाश तिवारी कृष्णानंद अग्रवाल कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक तिवारी राजेश केशरवानी नीलम दीक्षित महेश ठाकुर गजेंद्र देवांगन नवनीत अग्रवाल आयुष बरनवाल अशोक गुप्ता लाला ठाकुर कृष्णा राजपूत वीरेंद्र शर्मा कृष्णकुमार वर्मा अक्षर अग्रवाल योगेश शुक्ला दीप बाजपेयी प्रमोद शुक्ला गार्गीशंकर बाजपेयी रवि यादव राहुल सोनी इत्यादि अन्य उपस्थित रहे।

कबीरधाम जिले के किसानों की सामाजिक-आर्थिक उन्नति भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाने का महत्वपूर्ण योगदान

कलेक्टर ने किया भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाने का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना में पेराई सत्र 2024-25 सुचारू रूप से जारी है। इसी क्रम में कलेक्टर एवं प्राधिकृत अधिकारी गोपाल वर्मा ने कारखाने का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशासनिक भवन में गन्ना किसानों को जारी पर्चियों और भुगतान प्रक्रिया की जानकारी ली। कलेक्टर वर्मा ने कारखाना प्रबंधन को निर्देशित किया कि किसानों की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए कारखाने का संचालन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर वर्मा ने गन्ना विक्रय के लिए पहुंचे किसानों से चर्चा की और उनकी समस्याओं को सुना। इसके बाद उन्होंने मिल सेक्शन, पावर जनरेशन सेक्शन, और प्रोसेसिंग सेक्शन का निरीक्षण किया। उन्होंने कारखाने के अधिकारियों और कर्मचारियों को पेराई सत्र 2024-25 के निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाने के प्रबंध संचालक जीएस शर्मा ने निरीक्षण के दौरान अवगत कराया कि अब तक कारखाने द्वारा रिकॉर्ड डेढ़ लाख मीट्रिक टन गन्ने की पेराई कर 1 लाख 29 हजार क्विंटल शक्कर का उत्पादन किया जा चुका है।

कारखाने द्वारा पेराई सत्र 2024-25 में 14.13 करोड़ का भुगतान

एमडी शर्मा ने बताया कि भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाने द्वारा पेराई सत्र 2024-25 में अब तक गन्ना किसानों को 14.13 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। 30 नवंबर 2024 तक गन्ना विक्रय करने वाले किसानों को 2.88 करोड़ रुपए का भुगतान 315.10 रुपए प्रति क्विंटल की दर से किया गया है। कलेक्टर के निर्देशानुसार गन्ना किसानों को नियमित रूप से भुगतान किया जाएगा।

आयुक्त के निरीक्षण के दौरान नाली में कचरा डालते पाया, पहले साफ कराया उसके बाद लगाया फाइन

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र निरीक्षण के दौरान आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने देखा कि किराना दुकान के सामने एवं अन्य दुकान के सामने नाली में कचरा डाला गया है । प्लास्टिक पानी का गिलास, कुरकुरे, चिप्स, गुटका, पान का रैपर आदि का हाथ के पैकेट पानी पाउच नाली में पड़ा था। जो उसे दुकानदार द्वारा बेचे गए ग्राहकों द्वारा फेंका गया था। वह अपने दुकान के सामने डस्टबिन भी नहीं रखा था। आयुक्त पहले सब साफ करवाये, उसके बाद कार्रवाई के निर्देश दिए। जोन क्रमांक 01 अंतर्गत नाली में कचरा डालने एवं प्रतिष्ठान में डस्टबिन नहीं पाये जाने वालो पर कार्यवाही की गई। वार्ड क्रं . 17 नेहरू भवन एवं वार्ड क्रं.18 कान्ट्रेक्टर कालोनी क्षेत्र का निरीक्षण किये। निरीक्षण के दौरान दुकानदार संचालको द्वारा सिगलयूज प्लास्टिक रखने एवं अनुज्ञप्ति लाईसेंस नहीं रखने वालो पर कार्यवाही की गई। प्रमुख रूप से शासकीय उचित मूल्य दुकान, राजकुमार साहू, आकाश कुमार गुप्ता, अर्जुन साव, देव टेलर्स एवं रूखमणी देवी वालो पर चालानी कार्यवाही करते हुए कुल 4600 रूपये अर्थदण्ड वसूला गया। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने अधिकारियो को निर्देश दिए है, कि जो भी व्यापारी सिंगलयूज प्लास्टिक में खादय सामग्री विक्रय कर रहे है या व्यवसाय परिसर, फल ठेला के आस-पास गंदगी फैला रहे है या फिर गीला एवं सूखा कचरे को अलग-अलग डस्ट बिन में नही डाल रहे है। उनके पास जाकर उनसे चालानी कार्यवाही कर अर्थदण्ड वसूला जाए। व्यापारियो को बार-बार समझाइस देने के बाद भी कचरा पृथक कर नहीं दे रहे है एवं सिंगलयूज प्लास्टिक पर खादय पदार्थ बेच रहे है, और शहर की साफ -सफाई में जो व्यापारी सहयोग नही कर रहे है। उन पर अर्थदण्ड की कार्यवाही लगातार की जा रही है। कार्यवाही के दौरान जोन प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, कमलेश द्विवेदी, संतोष हरमुख आदि उपस्थित रहे।

कर्मचारी घर-घर जाकर बना रहें है बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड, 98 वर्ष बुजुर्ग का बनाया आयुष्मान कार्ड

सरकार की योजना का लाभ हर जरूरतमंद को मिलें : कमिश्नर

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

शहर में घर घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को पात्र जरूरतमदों तक पहुंचाना है। नगर निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल द्वारा घर-घर आयुष्मान कार्ड शिविर आयोजन को प्रभावी बनाने के लिए दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन व मितानिनों की टीम सहित अन्य कर्मचारियों की टीम गठित की गई है। यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी पात्र हितग्राही इन योजनाओं से दूर न रहे। बुजुर्ग एवं असमर्थ लोगों को उनके घर जाकर योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए हैं। जिसके तहत घर पहुंचकर आयुष्मान कार्ड बनाया गया है। कसारीडीह निवासी अवधर्षम चन्द्राकर 98 साल के बुजुर्ग के घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाया गया! शिविर में सभी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं की जानकारी प्रदान की जा रही है।कमिश्नर ने कहा कि सरकार की योजना का लाभ हर जरूरतमंद को मिलें। शिविर में सभी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जुड़ी पूरी जानकारी प्रदान कर लाभार्थियों के नाम सूचीबद्ध कर योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ देने का प्रयास किया जा रहा है। योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ लोगों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है। इसके बाद वरिष्ठ नागरिक पंजीकृत किसी भी अस्पताल में पांच लाख तक निःशुल्क उपचार करवा सकेंगे।

स्च्छता पर ध्यान, गंदगी फैलाने वाले 8 लोगों पर लगाया जुर्माना निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की नियमित हो रही मॉनिटरिंग

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

स्वच्छता सर्वेक्षण के मद्देनजर नगर निगम प्रशासन द्वारा सफाई पर फोकस किया जा रहा है।निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की नियमित हो रही मॉनिटरिंग। इस क्रम में निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने वार्ड 54 पोटिया इलाके का निरीक्षण किया। इस दौरान होटल व पान ठेला दुकानदार द्वारा नाली व सड़क पर गंदगी फैलाए जाने के कारण 8 लोगो से 200-200 कुल 1600 रुपये जुर्माने की कार्रवाही की गई। साथ ही दुकान के बाहर किनारे कचरा फैलाने पर भी जुर्माना की कार्रवाई की गई। इस तरह चार दुकानदारों पर जुर्माना लगाया गया। निगम कमिश्नर अग्रवाल के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन में

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भी शहर के वार्ड 54 पोटिया क्षेत्र में भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। कार्रवाही के दौरान स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने दुकानदारों को नियमित रूप से साफ -सफाई रखने और गीला-सूखा कचरा अलग-अलग कर देने की समझाइश दी। स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि गंदगी फैलाने पर शहर में मार्केट क्षेत्र सहित विभिन्न स्थानों पर लगातार चालान की कार्रवाई लगातार जारी गई है।

निगम भिलाई एवं रिसाली क्षेत्र में 3 व 4 जनवरी को पेयजल आपूर्ति पूर्णतः रहेगी बाधित

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई के 66 एम.एल.डी. जलशोधन संयंत्र से निगम भिलाई एवं रिसाली क्षेत्र में जलप्रदाय किया जाता है। 66 एम.एल.डी. जलशोधन संयंत्र के नगर निगम भिलाई क्षेत्र में स्थित उच्चस्तरीय जलागार को भरने वाली राईजिंग पाईप लाईन यातायात पुलिस थाना नेहरू नगर के परिसर में लिकेज हो गया है। जिसके कारण 24 घंटे पानी का बहाव हो रहा है। पाईप लाईन 800 एम.एम. डाया का होने के कारण संधारण में लगभग 24 घंटे लगने की संभावना है। पाईप लाईन संधारण हेतु आवश्यक सामग्री संग्रहित कर ली गई है। पाईप लाईन संधारण 03.01.2025 को किया जायेगा। जिससे 04.01.2025 एवं 05.01.2025

को नगर निगम भिलाई के नेहरू नगर, स्मृति नगर, फ्रीद नगर, स्लाटर हाउस, खहरिया एवं नगर निगम रिसाली के रूआबांधा, नेवई, मरोदा, रिसाली उच्चस्तरीय जलागारों में जलप्रदाय पूर्णतः बाधित रहेगी। संधारण कार्य पूर्ण होने पश्चात पूर्व की भांति जल प्रदाय किया जायेगा।

सभी व्यवस्थाओं को गरिमापूर्ण तरीके से करें सुनिश्चित कलेक्टर अग्रवाल ने अधिकारियों को सौंपे दायित्व

मुख्यमंत्री प्रवास कार्यक्रम की सभी तैयारियां समय पर करें पूर्ण : कलेक्टर अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का गरियाबंद जिले में प्रवास कार्यक्रम 05 जनवरी 2025 को संभावित है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जिला प्रवास के दौरान विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण शिलान्यास करेंगे। इसी तारतम्य में कार्यक्रम की सभी तैयारियों के लिए कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने विभागीय अधिकारियों को दायित्व सौंपे है। प्रस्तावित कार्यक्रम हेतु जिला पंचायत सीईओ मती रीता यादव को नोडल अधिकारी एवं अपर कलेक्टर प्रकाश सिंह राजपूत को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर ने कार्यक्रम के संबंध में की जाने वाली तैयारियों की जानकारी देने आज विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कार्यक्रम की सभी तैयारियां गरिमापूर्ण तरीके से सुनिश्चित करते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं समय में पूर्ण करने के निर्देश दिये। साथ ही मुख्यमंत्री प्रवास कार्यक्रम के लिए दिये गए दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करने के भी निर्देश दिये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, डीएफओ लक्ष्मण सिंह, जिला पंचायत सीईओ मती रीता यादव, अपर कलेक्टर प्रकाश राजपूत, संयुक्त कलेक्टर राकेश गोलछा सहित अन्य जिला अधिकारीगण मौजूद रहे। कलेक्टर द्वारा अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व आदेशानुसार पार्किंग, वाहन व्यवस्था, ट्रैफिक रूट चार्ट, कानून व्यवस्था, ब्लड ग्रुप व्यवस्था, कारकेट का दायित्व पुलिस विभाग को सौंपा गया है। इसी प्रकार वन विभाग को हेलीपेड, सम्पूर्ण कार्यक्रम एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु बांस-बल्ली उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी दी गई है। लोक निर्माण विभाग को कार्यक्रम स्थल गरिमानुरूप टैंट की सम्पूर्ण व्यवस्था, मंच के समीप पृथक से हितग्राहियों स्टॉल से मुख्य मंच तक आने हेतु सीढ़ी, रैम्प का आवश्यकतानुसार निर्माण तथा समस्त कार्यक्रम स्थल पर आवश्यकतानुसार समतलीकरण की जिम्मेदारी दी गई है। मंच की गरिमानुरूप सजावट, साज-सज्जा, फूल, माला, बुके इत्यादि का व्यवस्था एवं मंच तथा 'डी' क्षेत्र में गमले की समुचित व्यवस्था करने की जिम्मेदारी उद्यानिकी विभाग को दी गई है। लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग को लोकार्पण एवं भूमिपूजन की तैयारियों का दायित्व दिया गया है। शिक्षा विभाग को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन, बैच एवं अन्य कार्य कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन की संपूर्ण व्यवस्था उद्घोषकों की व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। विद्युत यांत्रिकी विभाग को कार्यक्रम स्थल पर साउंड सिस्टम मंच एवं आसपास लाइट का सिस्टम की व्यवस्था एलईडी स्क्रीन लगवाना आपातकालीन जनरेटर सहित मंच व दर्शक दीर्घा में प्रकाश की व्यवस्था, कार्यक्रम पर एक दिवसीय पूर्व साउंड सिस्टम एवं एलईडी स्क्रीन की जांच पड़ताल कर पूर्णता रिपोर्ट प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी दी गई है। कार्यक्रम स्थल पर जीवन रक्षक दवाइयां के साथ चिकित्सा दल में एंबुलेंस नियुक्त करने एवं उपचार की व्यवस्था सहित स्वास्थ्य शिविर के आयोजन की जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग को दी गई है। पीएचई विभाग को कार्यक्रम स्थल एवं पब्लिक एरिया पर स्वच्छ पेयजल तथा अन्य जगहो पर पेयजल व्यवस्था करने की जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग को दी गई है। ग्राम मजरकट्टा से पुलिस लाइन एवं कार्यक्रम स्थल पर साफ सफाई की व्यवस्था एवं अलग-अलग स्थान पर डस्टबिन उपलब्ध कराने हेतु नगर पालिका को दायित्व सौंपा गया है। कलेक्टर अग्रवाल ने कार्यक्रम स्थल की तैयारी, हेलीपेड व्यवस्था, टेंट, साफ-सफाई, मंच की तैयारी, सामग्री वितरण, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाओं की तैयारी शुरू कर सभी कार्यो को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिये। कार्यक्रम में हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कर सामग्रियों का वितरण किया जायेगा। विभागीय स्टॉल लगाए जायेंगे।

कर वसूली अमला को स्पष्ट निर्देश ढिलाई कोताही बर्दास्त नहीं की जाएगी

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम। कमिश्नर सुमित अग्रवाल के निर्देश पर राजस्व विभाग कमरा नंबर 3 में राजस्व अधिकारी आरके बोरकर द्वारा पदभार लेते ही एक्शन मोड़ पर दिखे। उन्होंने बैठक में समस्त सहायक राजस्व निरीक्षकों व राजस्व उप निरीक्षकों की ली क्लाश।कर वसूली की समीक्षा की।साथ ही बड़े बकायेदारों से कड़ाई कर करों की वसूली के निर्देश दिए।राजस्व अधिकारी आरके बोरकर ने वार्डवार वसूली एवं डिमांड की जानकारी लेकर डिमांड के विरूद्ध वसूली करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सहायक राजस्व निरीक्षकों की डिमांड के विरूद्ध मकान की संख्या एवं सम्पत्ति करदाता के संबंध में मांग पंजी से मिलान करें। साथ ही वसूली में तेजी लाने जोर लगाए व शतप्रतिशत वसूली के निर्देश दिये। राजस्व अधिकारी आरके बोरकर एवं सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर ने समीक्षा में समस्त सहायक राजस्व निरीक्षकों व राजस्व उप निरीक्षकों से उनके प्रभारित वार्डो की वार्डवार वसूली की जानकारी ली। राजस्व वसूली शत प्रतिशत वसूली के निर्देश दिये। प्रत्येक वार्ड प्रभारी घर-घर जाकर वसूली करे, अवकाश के दिनों में आधा दिन भी घर घर वसूली करने के साथ साथ निगम के राजस्व कार्यालय में भी वसूली करना सुनिश्चित करे।उन्होंने ये भी कहा कि अगर कोई करदाता टैक्स वाली देने में आना कानी करते है तो खूद टैक्स वसूली में साथ चलने की बात कही। उन्होंने कहा कि वसूली की प्रगति की जानकारी ली जावेगी, वसूली में कोताही बर्दास्त नहीं की जाएगी।समीक्षा बैठक में नामांतरण के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करे और भवन पूर्णता के आधार पर संपत्तिकर अधिरोपित करें। जिससे करों में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि जल विभाग से सामंजस्य कर नये घरों से जलकर की वसूली करे। बैठक के मौके पर समस्त सहायक राजस्व निरीक्षकों व राजस्व उप निरीक्षकों मौजूद रहें।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने वनांचल ग्राम दलदली में 33/11 केव्ही विद्युत उपकेन्द्र का किया भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल ग्राम दलदली (दरई) में 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेन्द्र के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। उन्होंने विधिवत भूमि पूजन कर इस महत्वपूर्ण परियोजना की शुरुआत की, जो इस क्षेत्र के लिए बिजली संकट के समाधान के साथ-साथ विकास की नई संभावनाओं के द्वार खोलेगी। यह विकास कार्य मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास मद के माध्यम से किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे, नितेश अग्रवाल, काशीराम उइके, मोहन धुर्वे, मोती बैगा सहित लाभान्वित ग्रामों के पंच, सरपंच क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणजन और पंडरिया विद्युत संभाग के कार्यपालन अभियंता केके झा विद्युत विभाग के अन्य अधिकरी उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विकास को केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित न रखते हुए, सुदूर गांवों और वनांचलों तक ले जाने के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि यह उपकेन्द्र न केवल बिजली की समस्या को दूर करेगा, बल्कि क्षेत्र के विकास की रफ्तार को भी तेज करेगा।

लंबे समय से इस इलाके के लोग लो-वोल्टेज और बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित होने जैसी समस्याओं से जूझ रहे थे। इस नई परियोजना के पूरा होने के बाद यह समस्या हमेशा के लिए खत्म हो जाएगी। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि तरेगांव से निकलने वाली 11 के.व्ही. भरतपुर फीडर के जरिए करीब 70 किलोमीटर लंबी लाइन के माध्यम से 24 गांवों को बिजली आपूर्ति हो रही है, लेकिन लंबी दूरी और दुर्गम इलाकों के कारण बार-बार समस्याएं उत्पन्न होती थीं। अब इस नए विद्युत उपकेन्द्र के निर्माण से तीन नए 11 के.व्ही. फीडर दृ मुंडादादर, धनवाही और बनगौरा फीडर के माध्यम से बिजली का सुचारु वितरण सुनिश्चित होगा। इस परियोजना पर 3.20 करोड़ रूपए की लागत आएगी और इससे करीब 1170 उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह उपकेन्द्र केवल बिजली आपूर्ति का साधन नहीं है, बल्कि यह वनांचल क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास का आधार बनेगा। इससे गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और लघु उद्योगों को भी नई ऊर्जा मिलेगी।

न्यायालय तहसीलदार सरायपाली जिला-महासमुंद (छ.ग.)

// ईश्तहार //

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक टीकाराम बरिहा पिता शोभाराम बरिहा जाति बिंझवार निवासी ग्राम लुकापारा तहसील सरायपाली द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम लुकापारा दिनांक 20/08/2008 को आवेदक के दादी मां भुरी की मृत्यु हो जाने से मृतक व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनाँक 03/01/2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 19/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
सरायपाली

न्यायालय तहसीलदार सरायपाली जिला-महासमुंद (छ.ग.)

// ईश्तहार //

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक टीकाराम बरिहा पिता शोभाराम बरिहा जाति बिंझवार निवासी ग्राम लुकापारा तहसील सरायपाली द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम लुकापारा दिनांक 24/04/2019 को आवेदक के पिता शोभाराम बरिहा की मृत्यु हो जाने से मृतक व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनाँक 03/01/2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 19/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
सरायपाली

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

ई मेल पता :- ee-res.Dantewada@nic.in

// संशोधन सूचना क्रमांक-1 //

क्रमांक/01/लेखा/ग्रा.यां.सेवा/2025, दन्तेवाड़ा दिनांक-01/01/2025

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना क्रमांक - 1277 / व.ले.लि. / ग्रा.यां.सेवा /2024, दन्तेवाड़ा दिनांक 23.12.2024 द्वारा जारी निविदा को अपरिहार्य कारणों से निविदा तिथि में आंशिक संशोधन किया जाता है तथा निविदा की अन्य सामान्य शर्तें यथावत रहेंगी। जो निम्नानुसार है:-

पूर्व निविदा तिथि	संशोधित निविदा तिथि
(01) निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि 04.01.2025	(01) निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि 07.01.2025
(02) निविदा प्राप्ति का तिथि 10.01.2025 दोपहर 5.00 बजे	(02) निविदा प्राप्ति का तिथि 13.01.2025 दोपहर 5.00 बजे
(03) निविदा खोलने का तिथि 13.01.2025 दोपहर 3.30 बजे	(02) निविदा खोलने का तिथि 14.01.2025 दोपहर 3.30 बजे

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दन्तेवाड़ा
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

G-242505028/3

संपादकीय

चेन्नै बलात्कार कांड शर्मनाक स्थिति

चेन्नै के अन्ना विश्वविद्यालय बलात्कार कांड में पीड़िता को दोषी ठहराने तथा प्रक्रियागत कमियों से शर्मनाक स्थिति पैदा हुई है। इससे तत्काल सुधार की आवश्यकता स्पष्ट होती है। अन्ना विश्वविद्यालय में 19 वर्षीय लड़की के साथ बलात्कार ने एक बार फिर पूरे देश को शर्मिन्दा किया है। इससे जेंडर-आधारित हिंसा तथा प्रक्रियागत व्यवस्थाओं की कमियां स्पष्ट होती हैं। इस भयानक घटना में कानून लागू करने वाली एजेंसी की संवेदनहीनता से लोगों में तेजी से गुस्सा भड़का और जवाबदेही की मांग की गई। आरोप है कि 23 दिसंबर को गुणशेखरन ने वीडियो जारी करने की धमकी दे कर विश्वविद्यालय परिसर में एक छात्रा से बलात्कार किया। आरोपी ने पीड़िता को एक घंटे तक कब्जे में रखा तथा अपराध की वीडियो रिकार्ड की। चेन्नै पुलिस कमिश्नर ए. अरुण का कहना है कि तेजी से कार्रवाई कर उन्होंने आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया, पर मद्रास उच्च न्यायालय ने मामले से निपटने में पुलिस की भयानक कमियां उजागर की हैं। यह खुलासा खासकर चिन्ताजनक था कि पुलिस वेबसाइट पर प्रकाशित प्रथम सूचना रिपोर्ट-एफ्आईआर में पीड़िता के विस्तृत विवरण सामने आए जिससे पीड़िता को शर्मनाक स्थिति और मानसिक पीड़ा का सामना करना पड़ा। उच्च न्यायालय ने इस पर पुलिस की खिंचाई की। जस्टिस एस.एम. सुब्रमण्यम तथा जस्टिस वी. लक्ष्मीनारायण की पीठ ने एफ्आईआर में प्रयोग भाषा की आलोचना करते हुए इसे 'महिला-द्वेषी' तथा पीड़िता को दोषी ठहराने की सोच का प्रतीक बताया। अदालत ने कहा कि ऐसी कमियों से पीड़िता के मूलाधिकारों का उल्लंघन हुआ है, जबकि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 में गरिमा की गारंटी दी गई है।

इन कमियों को संबोधित करने के लिए अदालत ने एक विशेष जांच टीम-एसआईटी गठित करने का आदेश दिया जिसमें वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी मामले की जांच करेंगे। उसने तमिलनाडु सरकार को पीड़िता को 25 लाख रुपये अंतरिम मुआवजे के साथ उसे सुरक्षा देने का आदेश दिया। अदालत ने उचित ही ऐसे मामलों से निपटने में पुलिस की संवेदनशीलता तथा पेशेवर ढंग से काम करने पर जोर दिया है। यह कोई अलग-थलग घटना न होकर हमें भारत में व्यापक रूप से फैली यौन हिंसा की समस्या का प्रतीक है। समानता और गरिमा की संवैधानिक गारंटियों के बावजूद महिलाओं को व्यवस्थागत भेदभाव और हिंसा का सामना करना पड़ता है। पीड़िता को दोषी ठहराने की सामाजिक प्रवृत्ति के साथ संस्थागत संवेदनहीनता से उसकी पीड़ा बढ़ जाती है। उच्च न्यायालय ने महत्वपूर्ण सवाल पूछा है कि 'एक महिला क्यों आजादी से घूम-फिर नहीं सकती है, अपनी इच्छा से कपड़े क्यों नहीं पहन सकती है तथा बिना किसी आलोचना के किसी पुरुष से बात क्यों नहीं कर सकती है?' यह सवाल ऐसे समाज पर प्रहार है जो अभी भी पितृसत्ता में जकड़ा हुआ है। अदालत ने उचित ही बिना दोषारोपण के राज्य और समाज को महिलाओं की सुरक्षा करने का जिम्मेदार ठहराया है। इस घटना ने अन्ना विश्वविद्यालय परिसर में सुरक्षा की कमी भी उजागर की है। बाहरी लोगों को आने जाने की बेलगाम अनुमति देने वाले विश्वविद्यालय ने आरोपी को परिसर में प्रवेश में आने से नहीं रोका। पुलिस के दृष्टिकोण पर भी सवाल हैं क्योंकि उसने बिना किसी जांच के अन्य संदिग्धों की संलिप्तता को खारिज कर दिया है। अदालत ने राज्य से यह जांच करने को कहा है कि क्या प्रक्रियाओं के दौरान नियमों का उल्लंघन किया गया। इस प्रकरण से व्यवस्था में सुधार की तत्काल आवश्यकता उजागर होती है। कानून लागू करने वाली एजेंसियों को यौन हिंसा के मामलों में संवेदनशीलता बरतनी चाहिए। मीडिया को भी ऐसे मामलों की रिपोर्टिंग में संयम बरतना चाहिए ताकि पीड़िता का कष्ट और न बढ़े।

भारत के वन क्षेत्र में वृद्धि

भारत में वनों की स्थिति रिपोर्ट में वन क्षेत्र में वृद्धि रेखांकित की गई है, पर इसमें कुछ चिन्ताजनक प्रवृत्तियां भी सामने आती हैं जिनमें जंगलों में लगने वाली आग शामिल है।

कोटा श्रीराज
(लेखक, पर्यावरण पत्रकार हैं)

भारत में वनों की स्थिति रिपोर्ट, 2023-आईएसएफआर प्रकाशित हुई है। केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय वन सर्वेक्षण-एफएसआई द्वारा यह रिपोर्ट हर दो साल में प्रकाशित होती है, पर इस बार यह एक साल देरी से आई है। यह रिपोर्ट एक अच्छी खबर की तरह है क्योंकि इसमें भारत के वन एवं वृक्षाच्छादन क्षेत्र में 2021 से 1,289 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि दर्ज की गई है और यह 2023 में कुल भौगोलिक क्षेत्रफल के 25.17 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इससे भारत का वन क्षेत्र 7,15,342.61 वर्ग किलोमीटर हो गया है। लेकिन इस रिपोर्ट में भारत में वनों की स्थिति में कुछ चिन्ताजनक आयाम भी प्रदर्शित हैं।

निकट अतीत में खासकर पहाड़ी राज्यों में जंगलों में आग लगने की घटनायें चिन्ताजनक रूप से बहुत तेजी से बढ़ी हैं। जंगलों की आग से हेक्टरों घने जंगल नष्ट हुए हैं, पहले से ही संकटग्रस्त इकोसिस्टम पर दबाव बढ़ा है तथा हिमालयी क्षेत्र की जैवविविधता को अपूरणीय नुकसान हुआ है। आईएसएफ रिपोर्ट में खासकर हिमाचल, उत्तराखंड व जम्मू कश्मीर में जंगलों की आग में वृद्धि प्रदर्शित की है। रिपोर्ट में विजिबल इन्फ्रारेड इमेजिंग रेडियोमीटर सूट-वीआईआईआरएस से मिला डेटा प्रदर्शित किया गया है। इसके अनुसार हिमाचल प्रदेश में जंगलों की आग में चिन्ताजनक रूप से 1,339 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि जम्मू कश्मीर में 2,822 प्रतिशत वृद्धि के साथ स्थिति और चिन्ताजनक है। हालांकि उत्तराखंड की स्थिति बेहतर है और यहां आग लगने की घटनाओं में केवल 293 प्रतिशत वृद्धि हुई है।

ऐसे में सवाल उठता है कि महत्वपूर्ण जंगलों को राख में बदलने से रोकने के लिए सरकार क्या कर रही थी। दूसरी ओर रिपोर्ट में तेजी से गायब होते वन क्षेत्र का भी उल्लेख है। 2003 से 2023 के बीच 24,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में घने जंगल गायब हो गए। ज्यादा चिन्ताजनक यह तथ्य है कि यह नुकसान परिस्थितिकीय रूप से संवेदनशील पश्चिमी घाटों तथा नीलगिरि क्षेत्रों में हुआ है। पश्चिमी घाटों को यूनेस्को विश्व विरासत जैवविविधता हॉटस्पाट घोषित किया गया है जहां 58.22 वर्ग किलोमीटर जंगलों का नुकसान हुआ है। दूसरी ओर नीलगिरि में 123 वर्ग किलोमीटर की भारी कमी आई है। रिपोर्ट में पूर्वोत्तर क्षेत्र में 327.30 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र कमी दर्ज की गई है। दु:ख की बात है कि घने जंगलों में अपूरणीय नुकसान को अधिकारियों ने चिन्ताजनक नहीं माना है, जबकि पहाड़ी जिलों में वनाच्छादन कुल भौगोलिक क्षेत्र का केवल 40 प्रतिशत रह गया है जो वन नीति द्वारा निर्धारित 66.6 प्रतिशत से कम है।

यह स्थिति बहुत चिन्ताजनक है क्योंकि भूखस्खलनों और बाढ़ों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है जिसका कारण पहाड़ों पर जंगलों का कटना है।

मृदा स्वास्थ्य, परिस्थितिकीय स्थिरता तथा भूस्खलनों व बाढ़ों से निपटने की क्षमता पहाड़ों पर उपयुक्त वनाच्छादन पर निर्भर करती है। द्विवार्षिक आईएसएफ रिपोर्ट की शुरुआत 1991 से हुई थी और इसने देश को अपनी वन संपदा के आंकलन तथा भारत के वनीकरण प्रयासों की सफलता और समस्याओं के आंकलन का अवसर दिया है। लेकिन इस साल की रिपोर्ट की विशेषज्ञों ने आलोचना की है। उन्होंने इसकी कमियों की ओर संकेत करते हुए डेटा को 'बढ़ा-चढ़ा कर पेश करने' की बात कही है। उदाहरण के लिए, अनेक विशेषज्ञों ने बांस प्लांटेशनों, नारियल के बागों तथा अन्य बागों को वनाच्छादन क्षेत्र में शामिल करने की

> **ऐसा लगता है कि आईएसएफ रिपोर्ट जल्दी से तैयार की गई है और इसमें भारत का वनाच्छादन अधिक दिखाया गया है। इसका संबंध भारत में वनाच्छादन तथा वृक्षाच्छादन क्षेत्र बढ़ाने के लक्ष्य से है, ताकि इससे 2030 तक 2.5 बिलियन से 3 बिलियन टन अतिरिक्त कार्बनडाईआक्साइड अवशोषण को संभव बताया जा सके।**

आलोचना की है क्योंकि इनका सबंध कृषिवानिकी से है और इनका प्रर्यावरण में कोई खास योगदान नहीं है। विशेषज्ञों की राय है कि कृषिवानिकी प्लांटेशनों, जैसे रबर, यूकेलिप्टस, अकेशिया व आम, नारियल, सुपाड़ी, चाय व काफी क्षेत्रों में छायादार पेड़ों को शामिल करने से वृक्षाच्छादन क्षेत्र में 1,289 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है। लेकिन यथार्थ यह है कि इन श्रेणियों के पेड़ों को वाणिज्यिक उद्देश्यों से उगाया जाता है और उनको उचित समय पर काट लिया जाता है। इनसे परिस्थितिकीय या जैवविविधता का मूल्य नहीं बढ़ता है, वन्यजीव संरक्षण नहीं होता है तथा ये प्रभावी 'कार्बन सिंक' का काम भी नहीं करते हैं। इसके साथ ही रिपोर्ट में वन क्षेत्रों या सरकारी रिकार्डों में वन के रूप में दर्ज क्षेत्रों के बीच कोई संबंध नहीं दिखाया गया है जिससे वनाच्छादन क्षेत्र में वृद्धि पर समस्या पैदा होती है।

इसके साथ ही विशेषज्ञों ने कहा है कि रिपोर्ट ने लाफार्ग मामले में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पालन नहीं किया है जिसमें वन मानचित्रों के डिजिटलीकरण, दर्ज वन क्षेत्रों-आरएफए के जियो-रेफरेंसिंग तथा वन क्षेत्रों में परिवर्तन के दस्तावेजीकरण का आदेश दिया गया था। इन तत्वों की अनुपस्थिति के कारण रिपोर्ट की विश्वसनीयता कमजोर हो जाती है। बांधों, सड़कों, रेलवे व अन्य स्थाई निर्माणों के कारण वन भूमि का नुकसान हमेशा के लिए होता है, लेकिन इसे रिकार्डों से नहीं हटाया जाता है और इस प्रकार डेटा बढ़े दिखते हैं। भारत ने 'गैर वन प्रयोग' के कारण खुले व छितरे वन क्षेत्रों का 30,808 वर्ग किलोमीटर, मध्यम घने वनों का 14,073 वर्ग किलोमीटर तथा घने वनों का 1,816 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र खोया है।

ऐसा लगता है कि आईएसएफ रिपोर्ट, 2023 जल्दी से तैयार की गई है और इसमें भारत का वनाच्छादन अधिक दिखाया गया है। इसका संबंध भारत में वनाच्छादन तथा वृक्षाच्छादन क्षेत्र बढ़ाने के लक्ष्य से है, ताकि इससे 2030 तक 2.5 बिलियन से 3 बिलियन टन अतिरिक्त कार्बनडाईआक्साइड अवशोषण को संभव बताया जा सके। सरकार को वास्तविक वृक्ष गणना के आधार पर सही आंकड़े पेश करने चाहिए तथा इनमें प्लांटेशनों और बागों को नहीं शामिल करना चाहिए। सरकार को उन क्षेत्रों को भी वनक्षेत्रों से हटा देना चाहिए जिनको गैर-वन प्रयोग के लिए स्थाई रूप से दे दिया गया है। आईएसएफ रिपोर्ट भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि इसका प्रयोग केन्द्र और राज्य सरकारें प्राथमिक सूचना स्रोत के रूप में करती हैं।

इसके साथ ही राज्य वन विभागों के पेशेवर अपने दायित्वों के प्रभावी वहन के लिए इस रिपोर्ट पर निर्भर करते हैं। भारत में वन संसाधनों के बारे में जानकारियां और डेटा से वन संबंधी नीतियां, कार्यक्रम और विधायन बनाने में सहायता मिलती है। आईएसएफ रिपोर्टों के महत्वपूर्ण चरित्र को देखते हुए सरकारों को हालिया रिपोर्ट पर पुन: विचार कर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इसके बारे में उठे सवालों और संदेहों को विशेषज्ञों द्वारा प्रभावी ढंग से संबोधित किया जाए। सरकार की जिम्मेदारी है कि वह जीवन्त व सटीक डेटा के आधार पर रिपोर्टें जारी कर इनकी विश्वसनीयता बनाए रखे।

डरावने विचारों से मुक्ति

> डरावने विचार अक्सर हमारे दिमाग पर हावी हो जाते हैं, जिससे सबसे खराब स्थिति के बारे में जुनून पैदा हो जाता है।

अजित कुमार बिश्नोई
(लेखक, आध्यात्मिक उपदेशक हैं)

हम अक्सर डरावने विचारों से ग्रस्त हो जाते हैं। जुनून शब्द को अक्सर अनुचित विचार या भावना के साथ लगातार परेशान करने वाले व्याकुलता के रूप में परिभाषित किया जाता है। हम यहीं नहीं रुकते; हम सबसे बुरे के बारे में सोचते हैं। ऐसा होने की संभावना क्या है? लेकिन यह हमें इस सामान्य दोष से नहीं रोकता है, हम इसे स्वेच्छा से करते हैं। इसके आगे झुकने के कई कारण हैं। हमारे पास कई आसक्ति हैं। हम अच्छे परिणाम जैसी किसी चीज़ के लिए बेताब हैं, और कुछ जैसे कि हमें बीमार नहीं पड़ना चाहिए। दुर्भाग्य से, ये हमारे पिछले कर्मों (कर्मों) के आधार पर दैवीय प्राधिकरण द्वारा तय किए जाते हैं। इसमें हमारी कोई भूमिका नहीं है, और वे अपने निर्धारित समय पर प्रकट होते हैं। सौभाग्य से, वे बहुत कम ही सबसे बुरे होते हैं जिनके बारे में हम सोचते हैं। यदि ऐसा होता, तो जीवन नारकीय होता, जो कि ऐसा नहीं है। यह पृथ्वी ग्रह दुख का स्थान है (भगवद गीता 8.15) ठीक है, लेकिन किसी भी मानक से यह एकाग्रता शिविर नहीं है। लेकिन हमारी कल्पना की कोई सीमा नहीं है।

अगला सबसे बड़ा अपराधी है सहन करने के लिए तैयार न होना। हम जीरो टॉलरेंस चाहते हैं। क्या यह संभव है? मौसम की तरह सब कुछ बदल रहा है। बुरे कर्मफल (बुरे कर्मों के परिणाम) निश्चित रूप से प्रकट होंगे क्योंकि यह कोई वैकुंठ नहीं है, हमारे पास निश्चित रूप से कई बुरे कर्मों वाला अतीत है। हम यहाँ कैसे हैं, स्वर्ग में भी नहीं? हमें लगता है कि हम बुद्धिमान हैं, लेकिन शायद ही कोई इस गलती से बच पाता है। हाँ, हमें डरना चाहिए, क्योंकि यह हमें मूर्खतापूर्ण कार्य करने से बचाता है, लेकिन अत्यधिक भय गलत आकलन के

कारण होता है। उचित परिश्रम की आवश्यकता है।

चौथा अपराधी लालच है। हमारी इच्छाएँ खुली हुई हैं। क्या यह बुद्धिमानी है? साक्ष्य बताते हैं कि बहुत अधिक लालची होने के कारण पतन होता है। लेकिन लालची बनना और फिर परिणामों से डरना बिल्कुल भी समझदारी नहीं है। अत्यधिक तनाव भी भयभीत विचारों का कारण बनता है, खासकर स्वास्थ्य के बारे में। इस संभावना को कम करने के लिए इससे बचना बेहतर है। हम नियंत्रण करना चाहते हैं और असमर्थ हैं। हम मूर्खतापूर्ण कार्य करते हैं और फिर सबसे बुरे से डरते हैं। यही समस्या बड़ा बनने में भी है, जो कोई कभी नहीं बन सकता; हम स्वभावत: छोटे हैं और हमेशा छोटे ही रहेंगे। एकमात्र कर्ता के रूप में कार्य करने से भी भय उत्पन्न होता है। अपने मन को भयग्रस्त विचारों के अधीन कर देना, स्वयं को ही अपना शत्रु बनाना है। भगवान कृष्ण ने इसके बारे में चेतावनी दी है (4.6)।

इसी प्रकार, बुद्धि से इस प्रवृत्ति को रोकने की अपेक्षा की जाती है, लेकिन फिर, हम स्वयं को नुकसान पहुँचाने में कुछ औचित्य पाते हैं। यह हमारे ज्ञान पर भी एक दुखद टिप्पणी है, जिस पर हमें इतना गर्व है। जैसा कि हम समझते हैं, आत्मा की बहुत सीमाएँ हैं; उसे ईश्वर की शरण में रहना चाहिए। यही एकमात्र सार्थक समाधान है। मुझे इतना कठोर होने के लिए खेद है, लेकिन मानसिक रोगों का प्रसार इसी ओर संकेत करता है। ईश्वर सृष्टि को नियंत्रित करता है (9.10) और इसलिए उसे इससे निपटने के लिए मार्गदर्शन और सहायता करनी होती है। अपने आप में, हम वास्तव में बहुत असहाय हैं। यह कैसे काम करता है? यह बहुत सरल है, लेकिन बहुत लंबा अभ्यास है, क्योंकि यह समस्या हमारे स्वभाव से जुड़ी है। मैं यही करता हूं। जिस क्षण मेरे मन में कोई भयावह विचार आता है, मैं मार्गदर्शन और सहायता के लिए ईमानदारी से प्रार्थना करता हूँ, क्योंकि मुझे इससे बाहर निकलने का रास्ता जानना है। मुझे अपने कार्यों के लिए सटीक मार्गदर्शन की आवश्यकता है।

ईश्वर मुझे संकेत देता है कि मुझे क्या करना चाहिए; वह संवाद करने के लिए कई तरीकों का उपयोग करता है। जहाँ मैं कमज़ोर पड़ता हूं, वहां वह मदद करता है। सौभाग्य से, अत्यधिक डरने की मेरी दर्दनाक आदत कुछ हद तक नियंत्रण में आ रही है। इस 'कृपा' (दया) के लिए ईश्वर का धन्यवाद।

सीरिया और इस्लामिकस्टेट : सावधानी और सतर्कता की जरूरत

प्रो बंदिनी कुमारी

सीरिया में हाल ही में महत्वपूर्ण राजनीतिक और सैन्य परिवर्तन हुए हैं। 8 दिसंबर 2024 को विद्रोही गुटों ने राष्ट्रपति बशरअल-असद के 24 वर्षीय शासन को समाप्त कर दिया, जिससे वे रूस भागने पर मजबूर हुए। इस तख्तापलट के बाद, हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) विद्रोही गुट ने मोहम्मदअल-बशीर को अंतरिम प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। चिंताजनक बात यह है कि कुछ कट्टरपंथियों द्वारा इन घटनाओं को इस्लामिक स्टेट (ISIS) की जीत के रूप में चित्रित करने या उन्हें व्यापक, दैवीय स्वीकृत अभियान के हिस्से के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया जा रहा है और मध्य तक एशिया के युवाओं से अपील की जा रही है कि वे इस अभियान में शामिल हों। यह व्याख्या झूठी, भ्रामक और एक खतरनाक जाल है, जो युवाओं और संवेदनशील दिमाग के व्यक्तियों को गुमराह करने के लिए बना जा रहा है। मध्य पूर्व में कई अन्य लोगों की तरह, सीरियाई संघर्ष बहुआयामी है, जिसमें विभिन्न गुट नियंत्रण, प्रभाव और अस्तित्व के लिए होड़ कर रहे हैं। आईएसआईएस के अवशेषों सहित कुछ चरमपंथी समूह इन घटनाक्रमों को अपने तथाकथित 'खिलाफत' के हिस्से के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश कर रहे हैं, और उसकी व्याख्या अपने कुत्सित उद्देश्यों को पूरा करने के लिए कर रहे हैं जो उनकी कट्टरपंथी विचारधारा में निहित एक अवधारणा है।

गौरतलब है कि इस्लामिक शासन' और 'खिलाफत' की वास्तविक अवधारणा को विकृत करके मध्य एशिया के तमाम कट्टरपंथी समूह अपने अपने राजनीतिक मंसूबों के लिए युवाओं द् को बलि का बकरा बना रहे हैं। इस्लामिक शासन की अवधारणा इस्लाम के धार्मिक और सामाजिक सिद्धांतों पर आधारित है। इसे आमतौर पर 'इस्लामी राज' या 'खिलाफत' के रूप में जाना जाता है। इस्लामिक शासन प्रणाली में परामर्श का सिद्धांत लागू होता है। इसे 'शूरा' कहा जाता है, जहां शासक और प्रजा के बीच विचार-विमर्श किया जाता है। यह लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का आधार है। ढ्स्ढ्स् के तहत तथाकथित 'इस्लामिक स्टेट' विनाश, उत्पीड़न और आतंकवाद पर बनाया गया था। यह एक राजनीतिक इकाई थी जिसने इस्लाम के मूल सिद्धांतों का उल्लंघन किया जैसे न्याय, दया और मानवीय सम्मान के लिए सम्मान। मुसलमानों में शांति और समृद्धि लाने के बजाय, ढ्स्ढ्स् ने पीड़ा, रक्तपात और विभाजन लाया। इस्लाम के नाम पर आतंकवाद, सांप्रदायिक हिंसा और क्रूरता की इसकी रणनीति ने न केवल आस्था को कमजोर किया है, बल्कि दुनिया भर के कई मुसलमानों का मोहभंग भी किया है। कुछ कट्टरपंथी और चरमपंथी अब सीरिया में हो रहे घटनाक्रम को तथाकथित इस्लामिक स्टेट की जीत के रूप में पेश करने की कोशिश कर रहे हैं। उनका उद्देश्य भावनाओं को भड़काकर और खुद को इस्लाम के 'सच्चे' रक्षक के रूप में पेश करके मुस्लिम युवाओं को अपने साथ जोड़ना है। वे विजयी खिलाफत के पुनर्जन्म की तस्वीर पेश करने के लिए लड़ाई, नारे और यहां तक कि 'जिहाद' के संदर्भों का उपयोग कर सकते हैं। हालाँकि, यह कथा इस्लाम क्या सिखाता है और जिहाद की अवधारणा का वास्तव में क्या अर्थ है, इस बारे में गलत समझ पर आधारित है। इस्लामी परंपरा में जिहाद मुख्य रूप से व्यक्तिगत सुधार और समाज में न्याय और धार्मिकता को बनाए रखने का प्रयास है। यह बेवजह हिंसा या आतंकवाद के माध्यम से सत्ता स्थापित करने का आह्वान नहीं है। सच्चा जिहाद उत्पीड़न, अन्याय और अत्याचार से लड़ने के बारे में है, और यह कई रूपों में किया जा सकता है- शिक्षा, दान, शांतिपूर्ण प्रतिरोध या अपने समुदाय को आक्रामकता से बचाने के माध्यम से। यह कभी भी ऐसे समूह में शामिल होने के बारे में नहीं है जो धार्मिक कर्तव्य की आड़ में हिंसा और अराजकता को बढ़ावा देता है।

सीरियाई संघर्ष और इसी तरह के संकटों को खिलाफत की स्थापना के रूप में पेश करने का कट्टरपंथी प्रयास बेहद भ्रामक है। ऐसे आंदोलनों में शामिल होने वाले युवा खुद को एक वैचारिक जाललझा हुआ पा सकते हैं जो हिंसा, विनाश और व्यक्तिगत नुकसान की ओर ले जाता है, यह सब इस्लामकी विकृत समझ के नाम पर होता है। इस्लाम का सच्चा मार्ग वह है जो शांति, न्याय और मानवता की भलाई को बढ़ावा देता है, न कि निरर्थक संघर्ष या सांप्रदायिक हिंसा को। मुस्लिम युवाओं को खुद को शिक्षित करने, ज्ञानी विद्वानों से मार्गदर्शन प्राप्त करने और इस्लाम की सच्ची शिक्षाओं को समझने की आवश्यकता है। इस्लाम ज्ञान प्राप्त करने, न्याय के लिए प्रयास करने और समाज में सकारात्मक योगदान देने को प्रोत्साहित करता है। इस्लाम में हिंसा या विनाश का महिमामंडन नहीं किया गया है। शांति को बढ़ावा देना और सभी रूपों में चरमपंथ के खिलाफ खड़ा होना हर मुसलमान की जिम्मेदारी है। मुस्लिम युवाओं को याद रखना चाहिए कि सफलता का सच्चा मार्ग कुरान और सुन्नत की शिक्षाओं का पालन करने, न्याय और धार्मिकता की दिशा में काम करने और हर इंसान की गरिमा को बनाए रखने में निहित है। इस तरह, वे समाज में सकारात्मक योगदान दे सकते हैं, अपने विश्वास की रक्षा कर सकते हैं और उन लोगों द्वारा बिछाए गए खतरनाक जाल से दूर रह सकते हैं जो अपने चरमपंथी एजेंडे के लिए उनका शोषण करना चाहते हैं।

-लेखिका समाज शास्त्र की प्रोफेसर हैं और उत्तर प्रदेश के डिग्री कॉलेज में कार्यकर्ता है।

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

नववर्ष पर जिले की महिला अधिकारियों ने लिया लक्ष्य हासिल करने और मिले चुनौतियों का सामना करने का संकल्प

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

साल 2024 बीत गया है, जो कि हम सभी को अच्छे और बुरे, दोनों पल देकर गया है। बीते वर्ष सभी ने कुछ न कुछ संकल्प लिए थे, जिनमें से कुछ संकल्प पूरे भी हुए, कुछ नही भी हुए। जिनके नही हुए उन्होंने नए वर्ष से उसी संकल्प और प्रण के साथ आगे बढ़कर पूरा करने की ठानी है। जीवन में बेहतर संकल्प लेकर जीवन को नई दिशा देने के साथ अच्छे रास्ते पर चलकर खुद को और बेहतर किया जा सकता है। साल 2025 आ गया है और नए वर्ष से नई उमंगें व उत्साह जुड़ा होता है। बालोद जिले में भी लोगों ने अपने निजी व कार्य क्षेत्र में संकल्प लिया है। जिले के विभिन्न विभागों के कई प्रमुख महिला अधिकारियों ने लक्ष्य को हासिल करने, मिले चुनौतियों का सामना करने, अपने कार्य में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने संकल्प लिया है। महिलाएं हर क्षेत्र में अहम भूमिका निभाकर अपनी काबलियत का लोहा मनवा रही हैं। गृहस्थी से लेकर समाजसेवा और नौकरीपेशा में अपने कुशल नेतृत्व का परिचय दे रही हैं। यह महिलाओं का हौसला और जज्बा ही जो परिवार को संभालने के साथ-साथ समाजसेवा और नौकरी कर मुकाम हासिल कर रही हैं। नए वर्ष पर जिले की कुछ महिलाओं से नईदुनिया से बातचीत की और महिला सशक्तिकरण के लिए अहम भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

पायनियर खास

नए वर्ष में यही प्रयास रहेगा कि क्राइम के ग्राफको कम।करना, लोगो और पुलिस के बीच अगर कही कुछ दूरियां है, तो।उसे कम करना, ताकि लोग अपनी बात पुलिस के समक्ष खुलकर रख सके। साईबर जागरूकता के माध्यम से लोगों को साइबर अपराध के बारे में बताना, यातायात नियमों के बारे में समझाना, अभी सड़क सुरक्षा सप्ताह भी चल रहा है, यातायात जागरूकता रथ गांव गांव जाकर ट्रैफिक नियमों के बारे में ग्रामीणों को बताएगा, उन्हें जागरूक करेगा। महिला व बच्चों से सम्बंधित अपराधों के बारे में स्कूल व कॉलेज में जाकर जागरूक किया जाएगा, ये सभी जागरूकता कार्यक्रम जो चल रहे है, वह निरंतर चलता रहेगा।'

मोनिका ठाकुर, एएसपी, बालोद

'2024 में मेरे द्वारा अनुशासित रहने का संकल्प लिया गया, जो पूरा भी हुआ, एवं 2025 में मेरा यह संकल्प है कि बतौर लोक सेवक के रूप में अपनी दिनचर्या में ऐसी आदतों को शामिल करूँ, जिससे भविष्य में आने वाले हर उतार चढ़ाव के लिए मैं संयम और धैर्य के साथ आगे बढ़ सकू और अपनी कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने कि लिए प्रतिदिन समर्पित रह सकू। एक लोक सेवक के रूप में जनता की जरूरतों, समस्याओ का निदान करने का प्रयास कर सकू। कोशिश है की हर छोटी बातों के लिए किसानों को भटकना न पड़े, पटवारियों को कड़ें निर्देश है कि तय सीमा में ही सारे कार्य वे संपादित करें, बेवजह ग्रामीणों को भटकना न पड़े।

प्राची ठाकुर, एसडीएम, गुरुर

'वर्ष 2024 में मेरे द्वारा व्यक्तिगत जीवन में 12 पुस्तक पढ़ने एवं पौधरोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसमें मैं 4 पौधे रोपण करने में और 10 पुस्तक पढ़ने में सफल रही। एवं मेरे पूरे परिवार के सदस्यों ने भी कलेक्ट्रेट परिसर में पौधरोपण किया। एसडीएम सर के मार्गदर्शन में कलेक्ट्रेट को हरा भरा कर प्रयास किया गया। बतौर लोकसेवक के रूप में अपनी दिनचर्या में योगा, एक्सरसाइज, मेडिटीएशन करती हूं। आगे भी यह निरन्तर जारी रहेगा। खनि. अधिकारी के रूप में अपनी टीम के सहयोग से विगत वर्ष शासन द्वारा दिए गए राजस्व लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल हुए। इस वर्ष की मेरा यही लक्ष्य है कि मैं अपने टीम के सहयोग व साथ से लक्ष्य को प्राप्त कर सकू।'

मीनाक्षी साहू,
जिला खनि. अधिकारी,

नए साल में रेसोलुशन, लेना जिसे हम आम भाषा में बोलते है प्रण लेना। हर साल मैं कुछ ना कुछ प्रण लेती हूं, जिससे नए वर्ष में और बेहतर बन सकूं। लेकिन हर वर्ष मेरे द्वारा जो प्रण लिया जाता है, वो पूरा नहीं होता कुछ प्रण अधूरे रहते है तो कुछ पूरे होते हैं। इन सब से जो मैने सीखा है वह ये कि प्रकृति की जो ऊर्जा है, वो आपके अंदर एक नई ऊर्जा को संचालित करती है। हम प्रण लेते है या नहीं इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। जिंदगी निरंतर चलती है और आपको नए नए चुनौतियां का सामना करने के काबिल बनाती है, साथ ही एक बेहतर व्यक्ति बनाने के लिए प्रकृति हमें नए ढांचे में ढालती है। जो बहुत महत्वपूर्ण है।

डिंपी बैस, उप वनमण्डाधिकारी, बालोद

प्राचीन प्रतिष्ठित मां महामाया मंदिर कुम्हारी का स्वामित्व माँ महामाया मंदिर कमिटी को सौंपा गया

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

विगत बीस वर्षों से चले आ रहे वाद विवाद मंदिर संचालन तथा मंदिर की परिसम्पत्तियों को पारदर्शिता पूर्वक नगर के श्रद्धालु जनों के ट्रस्ट माँ महामाया मंदिर कमिटी को सौंपा जाए, जिससे माता के मंदिर तथा परिसर को भव्यता प्रदान करते हुए समस्त भक्तों को सुविधाएं उपलब्ध की जा सके। ज्ञात हो कि मंदिर की साफ सफाई, रख रखाव, पूजा-अर्चना देवांगन परिवार द्वारा लगभग अस्सी वर्षों से सतत किया जा रहा है। मन्दिर की प्रसिद्धि नगर, प्रदेश, देश ही नहीं वरन विदेश में बसे भारतीय विशेषकर छत्तीसगढ़ के लोगों के मध्य विस्तारित है, हजारों की संख्या में चैत्र एवं शारदेय नवरात्र में प्रज्ज्वलित कराये जाने वाले मनोकामना जोत इसका प्रमाण है। आस्था और श्रद्धा की देवी माँ महामाया के इस स्थल को एकाधिकार की स्थिति से बदलकर सार्वजानिक रूप से संचालित कर तीर्थ स्थल के रूप में विकसित किये जाने हेतु प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन था, जिस पर बिलासपुर उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के विद्वान न्यायाधीश ने माँ महामाया मंदिर ट्रस्ट कमिटी के पक्ष में 35 एफए नं.-117 ओएफ 2016 के अधीन निर्णय प्रदान किया। विगत दिनों माँ महामाया मन्दिर प्रांगण में सार्वजानिक बैठक आयोजित की गई उक्त बैठक में नगर के प्रतिष्ठित वयोवृद्ध नागरिक, युवा, व्यवसायी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए इस बैठक में उच्च न्यायालय के आदेशानुसार निर्णय को पालन कराने के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के प्रतिनिधि तहसीलदार भिलाई-3 पवन सिंह ठाकुर स्वयं उपस्थित रहे, उनके ही सम्मुख माँ महामाया मंदिर ट्रस्ट कमिटी अध्यक्ष नारायण वर्मा को मन्दिर संचालक तेजराम देवांगन द्वारा मन्दिर की चाभी, मन्दिर के आवश्यक दस्तावेज शांतिपूर्ण ढंग से सौंपा गया। इस प्रक्रिया के मध्य किसी प्रकार का कोई विवाद अथवा आपत्ति व्यक्त करने जैसी कोई स्थिति निर्मित नहीं हुई। सभी कार्यवाही पूर्ण सौहर्द्रपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई, ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने एक दूसरे को बधाई देते हुए प्रसन्नता प्रकट किया।

5 जनवरी से बाबा मोहतरा में श्री भागवत पुराण कथा

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय बेमेतरा से 8 किलोमीटर की दूरी मे स्थित ग्राम बाबा मोहतरा में दिव्य संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन समस्त ग्रामवासीयो द्वारा एवं महंत शेखर शरण देव महाराज के संरक्षण में आयोजित किया गया है 5 जनवरी से 13 जनवरी तक चलने वाली कथा की तैयारी प्रारंभ हो गई है 5 जनवरी को गोकर्ण होगी और निरंतर भगवान के दिव्य चरित्र का रसपान कराया जाएगा श्रीमद् भागवत कथा के व्यास के रूप में श्री राधा कृष्ण मंदिर बेमेतरा के महंत शुकदेव शास्त्री के कृपा पात्र शिष्य भागवताचार्य गणेश्वर शास्त्री महाराज होंगे। जो कि वर्तमान में अखिल भारतीय संत समिति के प्रदेश सह सचिव भी हैं सभी भक्त जनो से आग्रह किया गया है की अधिक से अधिक संख्या में पधारे और 5 जनवरी से 13 जनवरी तक होने वाले भव्य आयोजन में ग्राम पुरोहित पंडित भेषज शुक्ला एवं मुख्य यजमान सावित्री मोहन साहू होंगे। श्रीमद् भागवत कथा में उपस्थित होकर भगवान के विभिन्न चरित्रों का श्रवण कर अपने जीवन को कृतार्थ करें।

विभिन्न क्षेत्रों में सेवा कार्य करने वालो का गौरव सम्मान से सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

समाजसेवी ताराचंद माहेश्वरी द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे 2024-25 में चयनित सीए शुभांगी सोनी, निकित राठी, मयूर गंगवानी तथा गौ माता की सेवा के लिए देवेंद्र ताम्रकार को आध्यात्मिक व मैडिटेशन के लिए शशि दीदी ब्रम्हाकुमारी प्रभारी एवं सिख समाज के अध्यक्ष समाज सेवा व स्वच्छता के लिए बेमेतरा गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ताराचंद माहेश्वरी ने कहा हमारा बेमेतरा धार्मिक व संस्कारीक नगरी है। यहां पर हर क्षेत्रो में सेवा करने का भाव है इसलिए यहाँ सामाजिक सदभावना है तथा नशामुक्त समाज बनाने के लिए हम सभी को मिल कर काम करना होग। इस अवसर पर पार्षद नीतू कोठरी, रेखा माहेश्वरी, अर्पित राठी, हरीश गंगवानी, प्रदीप सोनी, जगजीत सिंह, राजू सलूजा, रिंकू छाबड़ा, सिख समाज के प्रमुख शामिल थे।

झेरिया यादव समाज कुम्हारी परिक्षेत्र के युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

झेरिया यादव समाज कुम्हारी परिक्षेत्र का वार्ड क्रमांक 3 महामाया पारा स्थित सामाजिक भवन में बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से दुर्ग जिला उपाध्यक्ष मंगल यादव, भिलाई से शिवचरण यादव, राजू यादव, गोविंद यादव कुम्हारी अध्यक्ष गोपाल प्रसाद यादव सम्मिलित हुए। बैठक का शुभारंभ ईष्टदेव पूजा-अर्चना के साथ अतिथि स्वागत एवं उद्बोधन से प्रारंभ हुआ। बैठक में आगामी 19 जनवरी भिलाई-3 में जिला स्तरीय सामाजिक सम्मेलन एवं युवक-युवती परिचय कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। वहीं बैठक में कुम्हारी परिक्षेत्र अंतर्गत सामाजिक गति विधियों में सहभागिता के साथ समाज को संगठित एवं मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में वरिष्ठ मार्ग दर्शक के रूप में पूर्व पार्षद राधेलाल यादव, केजऊ यादव, भागीरथी यादव, सुंदर यादव, शिवकुमार यादव, नंदू, नंदलाल, अखिलेश, ईश्वर, देवनारायण, नरेंद्र यादव, वीरू यादव, मुकेश, पूनानंद, महिला प्रकोष्ठ में हेमलता यादव, रोहिणी यादव, बिंदा, तारिणी यादव, अमरीका यादव, लगनी यादव, सुखबती, पंचबती यादव, प्रतिमा यादव, रानी, उमा, गंगा, सुनीता यादव, खेमिन यादव सहित बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

प्रधान पाठक ने जन्मदिन पर कराया नेवता भोजन

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण योजना नेवता भोजन के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बिटकुली, संकुल नवागांव, विकासखंड बेमेतरा में प्रधान पाठक पूरन लाल साहू ने अपने जन्मदिन पर प्राथमिक शाला एवं संलग्न पूर्व माध्यमिक शाला बिटकुली के बच्चों को नेवता भोजन कराया द्य भोजन में खीर, पुरी हलवा अचार, पापड़ एवं सलाद दाल, चावल, सब्जी के साथ दिया गया। भोजन के पूर्व केक काटकर बच्चों ने शिक्षक को जन्मदिन की एवं नव वर्ष की बधाई दी, इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक तीरथ राम साहू, संत कुमार बंजारे, विजेता भुवाल प्राथमिक शाला से राकेश कुमार ठाकुर, पद्मराज भूवाल एवं शाला के रसोईया समारू राम पाटिल, देवेंद्र पाटिल कौशल पाटिल, सुरेश साहू नवागांव स्कूल से जितेंद्र कुमार पाटिल एवं झिरिया से देवनाथ साहु उपस्थित रहे।

नए वर्ष में मगरघटा स्कूल में बच्चों ने बनाये विविध व्यंजन

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मगरघटा विकासखण्ड नवागढ़ में बच्चों ने नए वर्ष का स्वागत विविध पकवान बनाकर किया। नए वर्ष के पहले दिन छात्र छात्राओं के बीच में पाक कला प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया गया था। जिसमें कक्षा 6वीं, 7वीं और 8वीं के सभी बच्चों ने पूरे उत्साह से भाग लिया। सभी बच्चे पकवान बनाने का समान अपने घर से लाए और विद्यालय परिसर में ही कई समूहों में बंटकर तुरंत बनाए। बच्चों के द्वारा पूरे उत्साह से कुछ पारंपरिक और कुछ पाश्चात्य व्यंजन बनाए गए। जिसमें खीर, पूरी, टमाटर चटनी, गुलाबजामुन, मोमोस, चाइनीज पकोड़ा, साबूदाना की बड़ा, गाजर का हलवा, आलू पकौड़ा, मैगी, गुपचुप, पराठा, कई स्वादिष्ट सब्जियां जैसे लौकी कोफ्ते, आलू गोभी मटर और कढ़ी भी बनाये गये। पकवान को बनाने के उपरांत सभी बच्चों ने उसे अपनी थाल में बहुत सुंदर ढंग से सजाकर प्रदर्शन के लिए टेबल में रखे गये। जिसे सभी शिक्षक गण विद्यालय के प्रधान पाठिका वीणा साहू, शिक्षक दुष्यंत कुमार निषाद, अनीता दुबे, स्वयं सेवी शिक्षिका मंजुला निषाद के साथ संकुल समन्वयक रामकुमार वर्मा और शासकीय प्राथमिक शाला मगरघटा से नवाचारी शिक्षिका शीतल बैस ने निरीक्षण किया। तत्पश्चात शिक्षक शिक्षिकाओं ने इन विविध व्यंजनों को खाकर स्वादिष्ट पकवान का लुफ्त उठाएं। संकुल समन्वयक रामकुमार वर्मा द्वारा इस आयोजन की प्रशंसा की और कहा कि इस तरह के आयोजनों से छात्र छात्राओं की कला को निखारने में बहुत मदद मिलती है। साथ ही इससे बच्चों की आपसी तालमेल, कार्य क्षमता, सहयोगी प्रवृति एवं प्रदर्शन की भावना का भी विकास होता है। इस प्रकार बच्चों ने अंग्रेजी नववर्ष में नए नए पकवान बनाकर सबको खिलाकर अपने पूरे दिन को उत्साह से बिताए। समस्त आयोजनों में शिक्षकों व पालकों का विशेष योगदान रहा। प्रधान पाठिका वीणा साहू द्वारा आयोजन के संबंध में बच्चों की प्रतिपुष्टि भी ली गई।

गुरु का आशीर्वाद लेकर की क्षेत्रवासियों के खुशहाली की कामना

संत समागम मेला के शुभारंभ पर निकली शोभायात्रा राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी ने किया स्वागत

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पंथ हुजुर उग्र नाम साहब की स्मृति में चार दिवसीय संत समागम मेला का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर सर्व हिंदू सनातन संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी ने गुरु का आशीर्वाद लेने के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष व उनके समर्थकों ने सिग्नल चौक के पास शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा व आतिशबाजी कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान शोभायात्रा में शामिल हजारों कबीर पंथियों को फल वितरण किया गया।

कार्यकर्ताओं ने कबीरपंथियों का किया स्वागत

चार दिवसीय संत समागम मेला की शोभायात्रा के दौरान पंथमुनि वंषाचार्य उदित मुनिनाम साहेब गुरु गोसाई डॉ भानुनाम साहेब का स्वागत शोभायात्रा बेमेतरा नगर घड़ी चौक में सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी के नेतृत्व में किया गया इस दौरान पीयूष शर्मा, सत्यम शर्मा, तीरथ वर्मा, शुभम सोनी, मृत्युंजय दुबे, नरेश राय मनोज सिन्हा सुनील पटेल संजय माडले यशवंत टंडन सार्थक साहू, शिवम दीवान, सोमेश वर्मा, प्रिंस गुप्ता, सागर यादव, राहुल साहू, शिवम साहू आदि कार्यकर्त्ता शामिल हुए।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने योजनाओं की समीक्षा की

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। डॉ. कन्नौजे ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, महात्मा गांधी नरेगा, स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण, एनआरएलएम की समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने केन्द्र शासन की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वर्ष 2016-23 तक स्वीकृत प्रथम किश्त प्राप्त अपूर्ण, निर्माणाधीन आवासों तथा द्वितीय एवं तृतीय प्राप्त पूर्णता हेतु लंबित आवासों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले को आबंटित नवीन लक्ष्य के विरूद्ध में आवास स्वीकृति एवं प्रथम किश्त हेतु राशि अंतरण की जानकारी ली। उन्होंने प्रथम किश्त प्राप्त हितग्राहियों से मुलाकात कर एवं जनसामान्य में योजना के प्रति जागरूकता लाने की दृष्टि से उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित कर हितग्राहियों को आवास निर्माण के संबंध में पूर्ण जानकारी प्रदान करने को कहा। बैठक में उप-संचालक पंचायत आकाश सोनी एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

नगर पंचायत जैजैपुर में 3 करोड़ 30 लाख के भूमि पूजन के साथ आने वाले चुनाव में भाजपा को जिताने की अपील

पायनियर संवाददाता ➤ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत जैजैपुर में विभिन्न निर्माण कायो के लिए दीप प्रज्वलित कर महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े एवं हमारे जांजगीर जिले के सांसद कमलेश जांगड़े ने पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया उनके साथ भारी संख्या में महिलाएं पूजा अर्चना के समय रही। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा, गोपी सिंह ठाकुर, सोनसाय देवांगन, पूर्व विधायक डॉक्टर खिलावन साहू, पूर्व विधायक केशव प्रसाद चंद्रा, कीर्तन चंद्रा, मोहन कुमारी साहू, लोकेश साहू, नेतागण रहे। इस भूमि पूजा कार्यक्रम में महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े एवं सांसद कमलेश जांगड़े पूर्व विधायक डॉक्टर खिलामन साहू केशव प्रसाद चंद्रा एवं भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा ने डबल इंजन की सरकार की उपलब्धियां को गिनाया और बताया कि इसी के वजह से हमारे महिलाओं को महतारी वदन योजना के तहत हर माह की एक या दो तारीख को राशि मिल रही है वहीं पर किसान को किसान सम्मान राशि, मुक्त राशन तथा अनेकों प्रकार की सुविधा डबल इंजन की सरकार दे रही है और जो भाजपा कहती है वह करती है जिसमें तीर्थ यात्रा अयोध्या भी घुमाया जा रहा है। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह की उपलब्धियां के बारे में भी बताया गया और आज धान खरीदी केंद्र में डॉ रमन सिंह के द्वारा चलाया गया अभियान चालू है। जिससे आप लोगों को भारी मात्रा में राशि मिल रही है ।एक एक बीज धान खरीदी करने का जो वादा किया गया था उसे छत्तीसगढ सरकार मा विष्णु देवसाय की पूरा कर रही है।

नगर पंचायत जैजैपुर में महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने 3 करोड़ 30 लाख रुपए का विभिन्न निर्माण कार्यो के लिए भूमि पूजन किया। जहां पर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की उपलब्धियां और डबल इंजन सरकार के साथ आने वाले नगर पंचायत एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी को अधिक संख्या में जीताकर लाने की अपील की तभी तो विकास हो सकता है। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनेक योजनाएं के माध्यम से जनता को राशि प्रदान कर रहे हैं वहीं पर महतारी वन्दन योजना में महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े हर माह के एक या दो तारीख को महिलाओं को महतारी वन्दन योजना की राशि भेज रहे हैं। आने वाले समय में हमारे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय को नगर पंचायत जैजैपुर में लाने की बात कहा ताकि तेजी से नगर पंचायत जैजैपुर का विकास हो सके।

सक्ती में श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन, हेमलता बंसल एवं मीनल अंकित अग्रवाल ने किया था आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



सक्ती शहर की हटरी धर्मशाला में 25 दिसंबर से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का भव्य आयोजन किया गया, जो की 1 जनवरी को कथा विश्राम हुई एवं इस कथा विश्राम में जहां मथुरा के सुप्रसिद्ध भागवत कथा वाचक आचार्य रमाकांत शर्मा ने उपस्थित धर्म प्रेमियों को विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से कथा का रसपान कराया तो वहीं पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज सेविका,धर्म प्रेमी हेमलता बंसल एवं मीनल अंकित अग्रवाल का सराहनीय योगदान रहा, दोनों ही सदस्यों ने पूरे कार्यक्रम की प्रारंभिक तैयारियां से लेकर समापन तक पूर्ण रूप से इसे सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अपनी अहम भूमिका निभाई तो वहीं पूरे कार्यक्रम के दौरान शक्ति शहर सहित आसपास के क्षेत्र से भी भागवत कथा प्रेमियों ने कार्यक्रम में पहुंचकर कथा श्रवण किया तथा पुण्य का लाभ लिया। इस दौरान आगंतुक धर्म प्रेमियों को भी प्रतिदिन कथा के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया तो वहीं कथा में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन था जिसमें मथुरा से पधारी पंडितों की टोली ने भी विभिन्न प्रसंगों में बहुत ही सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वाली हेमलता बंसल एवं मीनल अंकित अग्रवाल ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण सारी समस्याओं का त्वरित निराकरण होता है, एवं शक्ति शहर में समय-समय पर ऐसे सार्वजनिक आयोजन संपन्न हो रहे हैं तथा दोनों ही सदस्यों ने सभी धर्म प्रेमियों का भी आभार व्यक्त किया, वही इस श्रीमद् भागवत कथा के दौरान आयोजन स्थल पर प्रतिदिन माताएं, बहने काफी संख्या में उपस्थित होती थी तथा कथा के समापन के पश्चात आरती का भी कार्यक्रम होता था एवं क्षेत्र वासियों ने भी इस श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन में पहुंचकर आचार्य रमाकांत का भी आशीर्वाद प्राप्त किया।

अनुनय कान्वेंट के विद्यार्थियों की सफलता जिला स्तरीय प्रतियोगिता में मिली सफलता

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर गणित विषय के प्रति विद्यार्थियों को प्रेरित करने हेतु सक्ति नगर में जिला स्तरीय गणित दिवस 2024 का आयोजन किया गया. जिसमें अनुनय कान्वेंट के विद्यार्थी छाए रहे. संस्था प्रमुख योगेश साहू ने बताया कि 1 जनवरी को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सक्ति में जिला स्तरीय राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई . जिसमें अनुनय कान्वेंट के साथ विद्यार्थियों ने विभिन्न स्पर्धा में अपना स्थान बनाया एवं पुरस्कृत हुए. संस्था के कक्षा नवमी में अध्यनरत छात्र चिरायु गबेल पिता सुरेश गबेल ने गणित मॉडल प्रदर्शनी में प्रथम स्थान प्राप्त किया. इनके साथ-साथ छात्रा प्रियांशी सिदार पिता राजेंद्र कुमार सिदार ने रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया. संस्था की छात्रा तिशा साहू आत्मज डोरेश्वर साहू ने भी गणित मॉडल प्रदर्शनी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया.इसके साथ-साथ चक्रधर जायसवाल पिता अरुण कुमार जयसवाल ने गणित प्रश्नोत्तरी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं चित्रकला प्रतियोगिता में परिणीति कास्यकार आत्मज मधुसूदन कास्यकार ने भी द्वितीय स्थान प्राप्त किया छात्र शिवम साहू पिता महेश राम साहू ने गणित प्रश्नोत्तरी में तीसरा स्थान प्राप्त किया. मेहंदी प्रतियोगिता में छात्रा हनी पटेल पिता भागवत प्रसाद पटेल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया. इस प्रकार पूरी प्रतियोगिता में अनुनय कान्वेंट का ही वर्चस्व रहा. विद्यार्थीयों की सफ्लता पर जिला प्रभारी छवि राठौर, सभी विद्यार्थीयों के परिजन, विद्यालय के संचालक तथा मार्गदर्शक शिक्षक अविनाश देवांगन, अजय प्रजापति, मायंक साहू, उमा पटेल, भगवती साहू प्राचार्य किरण श्रीवास ,मधुलता सोनी सुनीता देवांगन कविता चौहान ममता देवांगन चंद्र प्रकाश नामदेव आदि एवं समस्त स्टाफने खुशी व्यक्त करते हु? बच्चों को उजज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

सक्ती शहर के ठाकुरमुंडा पहुंच मार्ग में होगा सीसी रोड निर्माण

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

सक्ती नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत ठाकुरमुंडा पहुंच मार्ग का निर्माण करने वर्षों से नागरिकों द्वारा मांग की जा रही थी, जिसे देखते हुए शक्ति के लोकप्रिय विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत की अनुशंसा पर नगर पालिका परिषद शक्ति की अध्यक्ष सुषमा दादू जायसवाल ने 31 दिसंबर को आयोजित नगर पालिका परिषद की सामान्य सभा की बैठक में उपरोक्त निर्माण को स्वीकृति प्रदान कर दी है, तथा उक्त निर्माण शीघ्र ही विधिवत प्रक्रिया के तहत प्रारंभ होगा, उपरोक्त जानकारी देते हुए नगर पालिका परिषद शक्ति में छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत के विधायक प्रतिनिधि नरेश गेवाडीन ने बताया कि ठाकुरमुंडा पहुंच मार्ग के लिए नागरिकों तथा मोहल्ले वासियों द्वारा लंबे समय से मांग की जा रही थी, जिसे देखते हुए नगर पालिका परिषद शक्ति द्वारा तकनीकी रूप से उपरोक्त निर्माण कार्य के संबंध में आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर इसे स्वीकृति प्रदान करने हेतु सामान्य सभा की बैठक में लाया गया था तथा परिषद की बैठक में इसे स्वीकृति मिलने पर अब नागरिकों की वर्षों पुरानी पहुंच मार्ग की समस्या दूर होगी तथा उपरोक्त पहुंच मार्ग में सीसी रोड निर्माण का कार्य किया जाएगा विधायक प्रतिनिधि नरेश गेवाडीन में बताया कि शक्ति शहर की ऐसी जनता से जुड़ी समस्याओं के लिए स्थानीय विधायक तथा छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत एवं नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सुषमा दादू जायसवाल भी पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहे हैं तथा मोहल्ले वासियों ने भी इस स्वीकृति मिलने पर आभार जताया है।

जिला स्तरीय बालिका, महिला खेल कूद प्रतियोगिता आज

मनेन्द्रगढ़। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार और खेल अधिकारी गोपाल सिंह के मार्गदर्शन में मनेंद्रगढ़ के शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय के खेल प्रांगण और रेल्वे ईस्टिट्यूट ग्राउंड में विकासखंड और जिला स्तर पर बालिका/महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। विकासखंड स्तर की प्रतियोगिता 03 जनवरी 2025 को तथा जिला स्तर की प्रतियोगिता 04 जनवरी 2025 को आयोजित होगी। प्रतियोगिता में खो-खो, फूटबॉल, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, वेटलिफ्टिंग, रस्सा-कस्सी, हॉकी, कुश्ती, बैडमिंटन और एथलेटिक्स जैसे खेलों की स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। इसमें 9 से 18 वर्ष तथा 19 से 35 वर्ष आयु वर्ग की बालिका/महिला खिलाड़ी भाग लेंगी। आयोजन के लिए खड़गवां का नोडल अधिकारी संजू डे 7999789818, जनकपुर का नोडल अधिकारी अनिल राजवाड़े 9165246695, एवं विष्णु कांत शुक्ला 9575848103,और मनेंद्रगढ़ का नोडल अधिकारी शिव कुमार चौधरी 9425255757,को नियुक्त किया गया है। सभी विद्यालयों से अनुरोध किया गया है कि अपनी बालिका/महिला प्रतिभागियों को इस प्रतियोगिता में शामिल कराना सुनिश्चित करें।

जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी केंद्रों में निरन्तर का किया जा रहा निरीक्षण

सूरजपुर। कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन में एसडीएम प्रतापपुर सहित राजस्व विभाग के टीम द्वारा धान खरीदी केंद्र धवन कार का निरीक्षण किया गया। इस दौरान समिति में पाए गए धान का का भौतिक सत्यापन किया गया जिसमें कुल 16 स्टेक में 84228 बोरी (लगभग 33691.20 क्विंटल) धान पाया गया जोकि ऑनलाइन प्रदर्शित धान की मात्रा से 2032.40 क्विंटल कमी पाया गया। इस दौरान बारदाना का सत्यापन भी किया गया जिसमें बारदाना की मात्रा ऑनलाइन बचत प्रदर्शित से 5100 नग अधिक पाया गया। इस सम्बन्ध में उचित कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन जिला खाद्य अधिकारी सूरजपुर को भेजा गया है। इसके अलावा भैयाथान एसडीएम द्वारा धान उपार्जन केंद्र बतरा का निरीक्षण किया गया। राजस्व विभाग की अन्य टीम द्वारा धान खरीदी केंद्र सोनगरा का निरीक्षण भी किया गया। इस दौरान उपस्थित 2 कृषकों के द्वारा विक्रय हेतु शेष धान नहीं होना बताए जाने पर लगभग 1 हेक्टेयर का रकबा समर्पण कराया गया।

सक्ती के कसेरपारा में 4 जनवरी से होगा संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन

सक्ती। शहर के कसेर पारा में नगर वासियों द्वारा मां महामाया की पावन नगरी सक्ति में संगीतमय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य धार्मिक आयोजन आगामी दिनांक 4 जनवरी 2025 से 12 जनवरी 2025 तक किया गया है, तथा प्रतिदिन कथा समय दोपहर 2 बजे से राधे कृपा तक होंगी, कार्यक्रम का उत्सव स्थलकांस्य नगरी राम सप्ताह चौक कसेर पारा शक्ति होंगा, जिसमे व्यासपीठ पर कथा व्यास - पं श्री कृष्णा तिवारी जी(तागा वाले) अपने मुखारविंद से धर्म प्रेमियों को श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराएंगे एवं उपरोक्त संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन पंडित भोलाशंकर तिवारी के सानिध्य में होगा, उपरोक्त जानकारी देते हुए आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत कलश यात्रा 4/1/2025 को निकलेंगी, एवं कथा प्रारंभ गौकर्ण चरित्र 5/1/2025, शिव सती चरित्र 6/1/2025, नरसिंह अवतार 7/1/2025 श्री कृष्ण प्राकट्य 8/1/2025, गोवर्धन पूजा 9/1/2025, रूखमणी विवाह 10/1/2025, सुदामा चरित्र 11/1/2025,सहस्त्रधारा पूर्णाहुति 12/1/2025 को होंगी, पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में कसेरपारा एवं नगरवासी जुटे हुए है।

नगर पंचायत अड़भार ने राष्ट्रीय वयोश्री योजना अंतर्गत किया मूल्यांकन शिविर

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

कार्यालय कलेक्टर सामाज कल्याण विभाग जिला सक्ती (छ.ग.) के पत्र क्रमांक 886 23.12.2024 के पत्र अनुसार निकाय क्षेत्र में दिव्यांगजनों को भारत सरकार के ADIP एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजनांतर्गत निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण के वितरण हेतु मूल्यांकन एवं मापन शिविर का आयोजन जनपद पंचायत मालखरौदा जिला-सक्ती (छ.ग.) शिविर स्थल सद्भावना भवन मालखरौदा समय 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक 01.01.2025 को किया गया, उक्त शिविर में दिव्यांगों को उपकरण वितरण के संबंध में पूर्व निर्धारित सूचना के अनुसार उनका मूल्यांकन किया गया तथा दिव्यांग भाई भी दस्तावेजों के साथ यू.डी.आई.डी. कार्ड (दिव्यांगता 40त्न या उससे अधिक), आय प्रमाण पत्र अथवा बीपीएल राशन कार्ड, आधार कार्ड के साथ पहुंचे, नगर पंचायत अड़भार के उपरोक्त योजना के प्रभारी विकास देवांगन एवं निर्देश तिवारी ने बताया कि शासन की योजना का लाभ देने हेतु उपरोक्त शिविर आयोजित किया गया,जिसमें वयोश्री योजनांतर्गत वरिष्ठजनों को बीपीएल राशन कार्ड या मनरेगा जॉब कार्ड या सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत किसी पेंशन योजना के तहत हितग्राही का प्रमाण।आय प्रमाण पत्र। के माध्यम से उपरोक्त योजना का लाभ देने की बात कही गई तथा इस मूल्यांकन शिविर में जहां काफी संख्या में दिव्यांग पहुंचे तो वहीं नगर पंचायत अड़भार के मुख्य नगर पालिका अधिकारी आनंद कुमार राय के दिशा निर्देशन में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

नया साल शुरू होते ही मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली

पायनियर संवाददाता ➤ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

नया साल शुरू होते ही मनेन्द्रगढ़ के मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। शहर के विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, आरती और भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिससे धार्मिक माहौल और भी प्रगाढ़ हो गया। इस दिन की शुरुआत भोर में ही श्रद्धालुओं ने श्री सिद्ध बाबा सरकार, श्री सिरौली हनुमान मंदिर, माँ चांग देवी मंदिर भगवान पुर, श्री खाटू श्याम मंदिर, श्री राम मंदिर, श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर स्टेशन रोड , बंगाली काली बाड़ी, शीतला माता की मढ़िया, काली मंदिर बस स्टेण्ड, दुर्गा धाम आमा खेरवा रोड, हसदेव गंगा तट समेत सभी मंदिरों में पहुंचकर भगवान के दर्शन और पूजा की। शहर के प्रमुख मंदिरों में विशेष श्रद्धा के साथ पूजा की गई, जिससे मनेन्द्रगढ़ के धार्मिक स्थानों में एक अद्वितीय ऊर्जा का संचार हुआ। शहर के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में से एक, श्री खाटू श्याम मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। भक्तों ने बाबा की पूजा अर्चना की और नए साल में उनके आशीर्वाद की कामना की। वहीं, श्री राम मंदिर में भी भक्तों ने राम नाम जपने और आरती में भाग लिया। यहां पर विशेष पूजा का आयोजन किया गया था, काली बाड़ी मंदिर में विशेष पूजा और आरती की गई. नए साल के पहले दिनकाली माता के मंदिर में भी विशेष भीड़ देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने माता से घर-परिवार में सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। मंदिर के महंत ने बताया कि इस दिन विशेष रूप से पूजा' का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने दीप जलाए और माता की पूजा की। जिले के कई मंदिर में भव्य सजावट की गई थी और भक्तों को प्रसाद वितरण भी किया गया।

सुरक्षा और यातायात व्यवस्था- श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया था। शहर में थाना प्रभारी सुनील तिवारी द्वारा पुलिस बल तैनात किया गया था, ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था से बचा जा सके। साथ ही, ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए अस्थायी सड़क मार्ग और पार्किंग की व्यवस्था की गई थी। मंदिरों के आस-पास पुलिस ने श्रद्धालुओं की मदद की और शांति बनाए रखने के प्रयास किए।

बाजारों में भी बढ़ी हलचल- मंदिरों में धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ मनेन्द्रगढ़ के बाजारों में भी नया साल मनाने की धूम रही। लोग नए साल की खुशियों को मनाने के लिए शॉपिंग करने निकले थे। बाजारों में पारंपरिक चीजों के साथ-साथ नए साल के उपहार, फूल, मिष्ठान और सजावट का सामान भी बिक्री के लिए उपलब्ध था।

नए साल का धार्मिक महत्व- मनेन्द्रगढ़ के निवासी मानते हैं कि नए साल के पहले दिन मंदिरों में दर्शन करना और विशेष पूजा अर्चना करना जीवन में सुख, समृद्धि और शांति लाता है। यह दिन मनेन्द्रगढ़ के धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक जीवन में एक नया उत्साह और ऊर्जा लेकर आया। नए साल के पहले दिन मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने यह साबित कर दिया कि यहाँ की धार्मिक आस्थाएँ कितनी मजबूत हैं। सामाजिक और धार्मिक दृष्टिकोण से, यह दिन मनेन्द्रगढ़ के लोगों के लिए एक नई शुरुआत का प्रतीक था, जो उन्हें न केवल धार्मिक रूप से बल्कि सामाजिक रूप से भी एकजुट करता है।

आधुनिक युग में जागरूकता और संदेशों से भरा कला का रूप है बहरूपिया : श्याम बिहारी जायसवाल

पायनियर संवाददाता ➤ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

एमसीबी जिले के मुख्यालय मनेंद्रगढ़ में 31 दिसम्बर 2024 को मनेंद्रगढ़ सांस्कृतिक मंच द्वारा बहुरुपिया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 70 प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपने प्रदर्शन के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को एक संदेश देने काम किया है। विलुप्ति की कगार में खड़ा बहरूपिया को मनेंद्रगढ़ में आयोजित करते 30 साल गुजर गए इन 30 सालों में कलाकारों द्वारा हर साल कुछ नया करने की मंशा से एक साल तैयारी करते है। आधुनिक युग में बहरूपिया का यह कार्यक्रम पुराने साल की विदाई और नए साल के स्वागत के साथ शुरू किया जाता है। हर वर्ष की तरह इस साल भी क्षेत्र के विधायक और प्रदेश में केबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल सीधे राजधानी रायपुर से मनेंद्रगढ़ जिला मुख्यालय पहुंचे। इस दौरान सबसे पहले पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में कार्यकर्ताओं सहित आम लोगों से मुलाकात की और विभिन्न विषयों पर चर्चा कर क्षेत्र के विभागीय कार्य के संपादन का हाल चाल जाना और इसके पाश्चात् बहरूपिया कार्यक्रम में शामिल हुए। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस से पैदल लाव लश्कर के साथ निकले स्वास्थ्य मंत्री रास्ते में कई कलाकारों से मिलते हुए उनके द्वारा दिए जा रहे संदेशों के बारे में जाना और नए वर्ष 2025 की बधाई दी। हजारों की भीड़ के बीच स्वास्थ्य मंत्री आम जनता से भी मिलते रहे इस दौरान कई प्रशानिक अधिकारियों को निर्देश देते भी दिखे वही आम जनता अपने बीच प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को पाकर काफी खुश नजर आई। मंच से क्षेत्र की जनता, कलाकारों सहित प्रदेश को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने कहा कि बहरूपिया प्रतियोगिता आधुनिक युग में स्वच्छ मनोरंजन का एक बड़ा साधन है इससे ना सिर्फ अच्छा वातावरण निर्मित होता है बल्कि नए साल का नया उत्साह, मनोरंजन, भाईचारा और संदेशों का संगम देखने को मिलता है। उन्होंने आगे कहा कि आज का दिन मनेंद्रगढ़ के लिए उत्साह और खुशियों का दिन है और इस दिन का इंतजार हम एक साल से करते है। इस शुभ अवसर पर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बहरूपिया प्रतियोगिता में आए आस पास के जिलों सहित पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश के कलाकारों, प्रतिभागियों और जन मानस, माताओं, बहनों व नन्हे मुन्हें बच्चों को सबसे पहले नए साल की बहुत बहुत बधाई दी. जायसवाल ने आगे कहा कि मैं नौजवानों से कहना चाहता हूं कि यह सिर्फ बहरूपिया प्रतियोगिता बस नहीं है, एक मनोरंजन का साधन नहीं है बल्कि इससे समाज में कई प्रकार के संदेशों का संचार होता है वही एक प्रतिभागी द्वारा वृक्षारोपण के संदेश पर बोले कि प्रधानमंत्री ने देश से आह्वान किया था कि एक मां के नाम पेड़ लगाइए तो निश्चित रूप से आप भी एक पेड़ लगाए और तो और किसान की मेहनत के संदेश पर भी स्वास्थ्य मंत्री ने अपनी बात कही।

न्यायालय तहसीलदार सरायपाली जिला-महासमुंद (छ.ग.)

// ईश्तहार //

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक टीकाराम बरिहा पिता शोभाराम बरिहा जाति बिंझवार निवासी ग्राम लुकापारा तहसील सरायपाली द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम लुकापारा दिनांक 16/06/2008 को आवेदक के दादा रत्थुलाल बरिहा की मृत्यु हो जाने से मृतक व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनाँक 03/01/2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 19/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
सरायपाली

न्यायालय तहसीलदार सरायपाली जिला-महासमुंद (छ.ग.)

// ईश्तहार //

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक टीकाराम बरिहा पिता शोभाराम बरिहा जाति बिंझवार निवासी ग्राम लुकापारा तहसील सरायपाली द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम लुकापारा दिनांक 15/09/2022 को आवेदक के छोटे दादा भोगीलाल बरिहा की मृत्यु हो जाने से मृतक व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनाँक 03/01/2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 19/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
सरायपाली

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, विद्युत/यांत्रिकी खण्ड लोक स्वास्थ्य विभाग जगदलपुर (छ.ग.)
Office Phone No.:- .....

// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना (प्रथम आमंत्रण) //

नि.क्र. 08/नि.प्र./का.अ./वि./यॉ./लो.स्व.यॉ./2025 जगदलपुर, दि. 01.01.2025

जिला बस्तर अंतर्गत कार्यालय कार्यपालन अभियंता विद्युत/यांत्रिकी खण्ड लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जगदलपुर के अंतर्गत उपखण्ड सुकमा में पुराने मौजुद कम्प्रेशर यूनिट को बदलकर, नया कम्प्रेशर यूनिट की आपुर्ति Supply, स्थापना (Instalation), कमीशनिग एवं परीक्षण जांच (ट्रायल एण्ड टेस्टिंग) कार्य के लिए सक्षम ठेकेदारों/सप्लायर्स से प्रपत्र ''बी'' में आनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा कार्य हेतु अनुमानित लागत राशि रू. 31.72 लाख कार्य पूर्ण करने की अवधि 90 दिवस अमानत राशि रू. 95500/- निर्धारित की गई है।

उपरोक्त कार्यो की निविदा दिनांक 21.01.2025 समय 17.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https:\\eproc.cgstate.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
विद्युत/यांत्रिकी खण्ड
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
जगदलपुर (छ.ग.)

G-242505018/2

जिला चिकित्सालय बेमेतरा में 26 महिलाओ का हुआ सफल नसबंदी

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला चिकित्सालय बेमेतरा में 1 जनवरी 2025 को 26 हितग्राहियों का सफल महिला नसबंदी ऑपरेशन डॉ विनीता ध्रुव एवं डॉ नेहा साहू द्वारा संपन्न हुआ। बेमेतरा कलेक्टर रणबीर शर्मा के आदेश पर नसबंदी ऑपरेशन के लिए सीएमएचओ डॉ यशवंत कुमार ध्रुव के दिशानिर्देश और अस्पताल प्रमुख सलाहकार डॉ स्वाति यदु के मार्गदर्शन पर महिला नसबंदी आपरेशन कराया जा रहा है, इस नसबंदी ऑपरेशन में डॉ विनीता ध्रुव एवं डॉ नेहा साहू के द्वारा 26 महिला हितग्राहियों का सफल नसबंदी ऑपरेशन किया गया। इस महिला नसबंदी ऑपरेशन के सफल आयोजन में मेट्रन रेखा कविलास, स्टॉफ नर्स रूखमणि साहू, ट्विंकल साहू, रागिनी यदु, ओ टी अटेंडर धीव दास, कृष्णा साहू, राम यादव के साथ अन्य जिला अस्पताल स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

माता एवं शिशु के स्वास्थ्य के लिए जरूरी है परिवार नियोजन

परिवार नियोजन के स्थाई साधन महिला नसबंदी एवं पुरूष नसबंदी सुरक्षित एवं असरदार उपाय है। जिला बेमेतरा के जिला चिकित्सालय में निर्धारित दिवसो पर सर्जन के माध्यम से महिला नसबंदी की सुविधा प्रदाय की जाती है। विश्व जनसंख्या दिवस पर जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का आयोजन भी किया जाता है, जिसमें सास-बहू सम्मेलन के माध्यम से परिवार नियोजन को लेकर जुड़ी भ्रांतियो को दूर किया जाता है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार बसोड एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक लता बंजारे ने जानकारी दी कि जिला चिकित्सालय बेमेतरा में प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार को महिला नसबंदी की सेवा प्रदाय की जाती है। जिला चिकित्सालय दुर्ग से डॉ. विनिता ध्रुव एवं जिला चिकित्सालय बेमेतरा से डॉ. नेहा साहू के माध्यम से निर्धारित दिवसो में नसबंदी की सेवा प्रदाय किया जा रहा है। शासन के द्वारा महिला नसबंदी में प्रोत्साहन राशि का प्रावधान है, महिला नसबंदी आपरेशन करने पर हितग्राहियों को 2000 रू. एवं पुरूष नसबंदी आपरेशन करने पर हितग्राहियों को 3000 रू. की प्रोत्साहन राशि प्रत्येक हितग्राही को प्रदाय किया जाता है। परिवार नियोजन का उद्देश्य बढ़ती जनसंख्या को रोकने के साथ-साथ माता एवं शिशु के स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है। मां एवं बच्चे के बेहतर स्वास्थ्य के लिए दो बच्चों के बीच 03 साल का अंतर जरूरी है। जिले के समस्त शासकीय केंद्रों में परिवार नियोजन के अस्थाई साधन जैसे-कापर-टी, छाया गोली, अंतरा इंजेक्शन, माला-एन व निरोध उपलब्ध है एवं मितानिन के माध्यम से घर-घर जाकर भी परिवार नियोजन के अस्थाई साधन जैसे-माला-एन, निरोध का वितरण किया जाता है।

शिविर आयोजित कर 70 साल से अधिक उम्र के लोगों का प्राथमिकता से बनाएं आयुष्मान कार्ड : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने विभागीय कार्यो एवं शासकीय योजनाओं के कार्य प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लाने एवं समय सीमा के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में वनमंडलाधिकारी कटघोरा कुमार निशांत, निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग, अपर कलेक्टर मनोज बंजारे, सभी एसडीएम, सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिले में धान खरीदी प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि धान खरीदी की प्रक्रिया अनवरत बिना किसी व्यवधान के चलती रहे। उन्होंने खरीदी केंद्र में शासन के नियमों का पालन करते हुए गुणवत्तापूर्ण धान खरीदी कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को संवेदनशील धान खरीदी केंद्रों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने धान उठाव कार्य भी प्राथमिकता से करने की बात कही साथ ही केंद्र में बारदाने की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराने की बात कही। कलेक्टर ने जिले में अभियान चलाकर 70 साल एवं इससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों का वयवंदन योजना अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने कार्य में गम्भीरता से प्रगति लाने के निर्देश दिए। इस हेतु उन्होंने सभी ग्रामों एवं वार्डों में शिविर लगाकर छुटे हुए पात्र व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाने की बात कही। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी पात्र व्यक्ति इस योजना से वंचित न हो, इसका विशेष ध्यान रखें। बैठक में कलेक्टर ने अनुविभागवार स्कूली विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र निर्माण की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम को शिक्षण सत्र समाप्त होने से पूर्व जाति प्रमाण पत्र बनवाने के निर्देश दिए। उन्होंने भू-अर्जन, रिकॉर्ड के दुरूस्तीकरण में प्रगति लाने के निर्देश देते हुए आरबीसी 6-4 के लंबित आवेदनों एवं हिट एण्ड रन के मामलों में पीड़ित परिवारों को समय पर राहत राशि उपलब्ध कराने की दिशा में प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को लंबित आवेदनों पर गंभीरता से ध्यान देने, समय पर पटवारी रिपोर्ट, पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं पुलिस विभाग से समन्वय करके प्रतिवेदन जमा कराने के निर्देश दिए।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चेन्द्रा में टीबी मुक्त पंचायत के लिए रणनीति बनाई गई

पायनियर संवाददाता ➤ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

विकासखण्ड ओड़गी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चेन्द्रा में मितानिनों एवं स्वास्थ्य कर्मियों का बैठक सम्पन्न हुआ जिसमें निक्षय निरामय कार्यक्रम को गति देने के लिए कार्य योजना बनी। इस अवसर पर मेडिकल आफिसर डॉ. डी के पैकरा ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार हमें एक एक घरों का सर्वेक्षण कर टीबी के सम्भावित लक्षण वाले व्यक्तियों का पहचान करना है। एक भी व्यक्ति हमारे गलती से छूट जायेगा तो हम सभी का परिश्रम बेकार हो जायेगा। इसी लिए बड़े तन्मयता और निष्ठा के साथ इस कार्य को पूरा करना है। लैब टेक्नीशियन सरोज राजवाड़े ने क्वालिटी स्पूटम पर विशेष जोड़ दिया। जब भी किसी व्यक्ति का सेम्पल कलेक्शन करे तो उसे बलगम निकालने का सही तरीका को बारम्बार बतायें। ऐसा नहीं करने पर जांच का सही रिपोर्ट नहीं आयेगा। पिरामल फाऊंडेशन के जिला कार्यक्रम समन्वयक राज नारायण द्विवेदी ने बलगम निकालने का डेमो कर दिखाया और उन्होंने बताया कि टीबी की जड़ से सफाया करने के लिए सामुदायिक सहभागिता आवश्यक है। वार्ड पंचों का सहयोग लेकर कार्य करना लाभकारी होगा। स्वयं सहायता समूह की बैठकों में भी बताने से लाभ मिलेगा। मितानिन प्रशिक्षिका बसंती सिंह ने रिपोर्टिंग फार्मेट और पंजी संधारण के विषय में बताते हुए कहा कि किसी भी कार्य का महत्वपूर्ण विषय रिपोर्टिंग है यदि किसी को समस्या है तो तत्काल मुझे बताये मैं सहयोग करूंगी।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने डॉ. अजय सहाय को दिया राष्ट्रीय पुरस्कार

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

हैदराबाद में आयोजित इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की नेशनल कांफ्रेंस में रायपुर के चिकित्सा विशेषज्ञ एवं समाज सेवी प्रो डॉ. अजय सहाय डॉ ज्वाला प्रसाद गांगुली स्मृति राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किए गए। यह पुरस्कार वंचित समाज की दीर्घकालीन निस्वार्थ सेवाओं के लिए दिया जाता है। विदित हो कि छत्तीसगढ़ एवं आसपास के राज्यों में गरीबों के डॉक्टर के नाम से प्रसिद्ध डॉ अजय सहाय विगत कई दशकों से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों, ट्राइबल एवं नक्सल प्रभावित अंचलों एवं समाज के कमजोर वर्गों को निःशुल्क इलाज की सुविधा मुहैया करवा रहे हैं। जरूरतमंदों छात्र छात्राओं को वो स्टेशनरी एवं स्पोर्ट आइटम्स, चरण पादुकाएं, छतरियां, टिफिन बॉक्स, रेनकोट, सेनेटरी नैपकिंस आदि भी उपहार स्वरूप प्रदान करते हैं। समाज को सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जागरूक करने के लिए गोष्ठियों एवं विभिन्न प्रकार के इन्फोटेनमेंट प्रोग्रामों का भी आयोजन करते हैं और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित भी करते हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की इस राष्ट्रीय कांफ्रेंस में उदघाटन अवसर पर तेलांगना के राज्यपाल जीशनू देव वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। चिकित्सकों की सबसे बड़ी राष्ट्रीय संस्था द्वारा आयोजित इस कांफ्रेंस में देश भर से सैकड़ों चिकित्सकों ने हिस्सा लिया।

नए साल के पहले दिन रायपुर में 130 नवजीवनों की गूंज

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

नए साल 2025 के स्वागत में 130 परिवारों के लिए खुशियों की सौगात दी। बीते 48 घंटों के दौरान आंबेडकर अस्पताल और अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में 130 बच्चों का जन्म हुआ। इनमें 73 बालक और 57 बालिकाएं शामिल हैं। सरकारी अस्पतालों ने आपात स्थिति में भी तत्परता से सेवाएं देते हुए सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित किया। स्वास्थ्य विभाग ने नए साल की तैयारियों के बीच अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रखा। आंबेडकर अस्पताल, जिला अस्पताल, और ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष रूप से स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों के साथ अन्य चिकित्सा कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया कि गर्भवती महिलाओं और अन्य मरीजों को समय पर उचित इलाज मिल सके। आंबेडकर अस्पताल में सबसे अधिक 51 डिलीवरी हुई। जिला अस्पताल कालीबाड़ी में 18, धरसींवा और अभनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 16-16 बच्चों का जन्म हुआ। शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और बीरगांव में 9-9 प्रसव, आरंग में 6 और तिल्दा में 5 प्रसव हुए। नए साल का जश्न मनाने के दौरान कुछ अप्रिय घटनाएं भी हुईं। मारपीट और सड़क दुर्घटनाओं में घायल करीब 50 लोग आंबेडकर अस्पताल और जिला अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचे। सभी को उनकी जरूरत के मुताबिक प्राथमिक और आपात उपचार प्रदान किया गया। सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बताया कि सभी अस्पतालों को निर्देश दिए गए थे कि किसी भी मरीज को इलाज के लिए परेशान न होना पड़े। स्वास्थ्य कर्मियों ने इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाया और प्रसव से लेकर आपात स्थिति तक सभी सेवाएं सुनिश्चित कीं। यह नए साल का स्वागत रायपुर के 130 परिवारों के लिए न केवल खुशी का पल बना, बल्कि एक यादगार शुरुआत का उपहार भी।

डॉक्टरों ने रक्तदान महादान की अनूठी मिसाल पेश की

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

नववर्ष 2025 के आगमन के साथ ही डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित मॉडल ब्लड (बैंक) सेंटर में डॉक्टरों और अन्य स्वेच्छिक रक्तदाताओं ने रक्तदान कर रक्तदान महादान के वाक्य को सार्थक किया है। डॉ. सूदित पाल (46वीं बार), डॉ. अविरल मिश्रा(38वीं बार), डॉ. अपूर्वा खंडूजा (07वीं बार) सहित 26 अन्य स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने मॉडल ब्लड सेंटर में रक्तदान कर जरूरतमंद मरीज़ों की सहायता की। डॉक्टरों के इस नेक कार्य के लिए पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.विवेक चौधरी और डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने पैथोलॉजी विभाग और ब्लड सेंटर की सराहना करते हुए शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। मॉडल ब्लड सेंटर के इंचार्ज डॉ. अमित कुमार भारद्वाज के मुताबिक़ यह चिकित्सालय राज्य में सबसे बड़ा शासकीय चिकित्सालय है एवं यहाँ अत्यंत गंभीर और विभिन्न बीमारियों के मरीज़ इलाज करवाने आते हैं तथा ऐसे मरीज़ों को इलाज के साथ रक्त की ज़रूरत होती है। ऐसे मरीज़ों के ज़रूरत के लिए मॉडल ब्लड सेंटर निरंतर तत्पर रहता है और इस तारतम्य में ब्लड सेंटर में कार्यरत डॉक्टरों और अन्य स्टाफ निरंतर रक्तदान करते रहते हैं और मानवता के प्रति अपना फर्ज़ निभाते हैं। विदित हो कि पैथोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद नेरल 125वीं बार रक्तदान कर चुके हैं और संभवतः छत्तीसगढ़ राज्य के डॉक्टरों में सबसे ज़्यादा बार रक्तदान करने का रिकॉर्ड इन्हीं के नाम दर्ज हैं। साथ ही उन्हें इस महान कृत्य के लिए राज्यपाल द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है।

साइबर क्राइम पर नियंत्रण पाने के लिए सभी स्कूलों में लगाए जाएंगे कैंप

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज साइबर क्राइम पर नियंत्रण पाने के लिए राजधानी के सभी स्कूलों में कैंप लगाकर छात्र-छात्राओं को सभी तरह के साइबर क्राइम से बचाने, मोबाइल के सुरक्षित उपयोग की जानकारी के माध्यम से जागरूक कर ठगी से बचने और साइबर अपराधियों पर अंकुश लगाने कैंप लगाकर इस अभियान की शुरुआत कर रहा है। छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज द्वारा साइबर क्राइम जागरूकता अभियान का एक पोस्टर जारी किया गया है जिसका विमोचन रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अमरीश कुमार मिश्रा के द्वारा किया गया। इस साइबर क्राइम जागरूकता अभियान में छत्तीसगढ़ पुलिस का भी योगदान रहेगा। इस जन जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम से बचने की जानकारी देकर उन्हें अपने माता-पिता, रिश्तेदारों, पड़ोसियों के साथ-साथ अपने जान पहचान वालों, मोहल्ले के दुकानदारों, सब्जी वालों तक ठगों की जानकारी पहुंचाकर उन्हें साइबर ठगी से बचाने में सहयोगी बनने की भूमिका के लिए तैयार करना है। छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुखबीर सिंह सिंघोत्रा ने बताया कि हर सप्ताह शहर के प्रमुख स्कूलों में साइबर क्राइम जागरूकता कैंप लगाया जाएगा, जिसके तहत 3 जनवरी को खालसा स्कूल में इस साइबर क्राइम जागरूकता कैंप की शुरुआत की जा रही है। छत्तीसगढ़ सिख समाज के साइबर क्राइम जागरूकता अभियान के पोस्टर का विमोचन करते हुए पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरीश कुमार मिश्रा ने कहा की छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज का यह अभियान सराहनीय है, छत्तीसगढ़ पुलिस आपके इस अभियान में आपके साथ है। साइबर क्राइम जागरूकता अभियान के पोस्टर विमोचन के दौरान छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुखबीर सिंह सिंघोत्रा, कुलदीप सिंह मोंगा, आतम सिंह मक्कड़ और सुरजीत सिंह छाबड़ा उपस्थित रहे।

एनआईटी रायपुर में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग करेगा विभिन्न कार्यशालाओं और सर्टिफिकेट कोर्स का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

एनआईटी रायपुर में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा विभिन्न कार्यशालाओं और सर्टिफिकेट कोर्स का आयोजन किया जाएगा 7 विभाग द्वारा 6 जनवरी से 7 मार्च 2025 तक साइबर फिजिकल सिस्टम (सीपीएस) विषय पर हाइब्रिड मोड में 45 दिन के सर्टिफिकेट कोर्स, 13 जनवरी से 29 जनवरी 2025 तक डेटा साइंस एंड इट्स एप्लीकेशन पर 15 दिन की ऑनलाइन कार्यशाला, और 27 जनवरी से 12 फरवरी 2025 तक एथिकल हैकिंग एंड डिजिटल फोरेंसिक्स पर 15 दिन की कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इन कार्यशालाओं के मुख्य संरक्षक एन आई टी रायपुर के निदेशक डॉ. एन.वी. रमना राव होंगे। इन कार्यक्रमों की अध्यक्षता कंप्यूटर साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप सिंह द्वारा की जाएगी। डेटा साइंस एंड इट्स एप्लीकेशन कार्यशाला के समन्वयक डॉ. आकांक्षा शराफ, डॉ. जितेंद्र कुमार राउत और डॉ. नितेश के. भारद्वाज होंगे। एथिकल हैकिंग और डिजिटल फोरेंसिक्स पर आयोजित कार्यशाला के समन्वयक डॉ प्रदीप सिंह, डॉ. आकांक्षा शराफ, और डॉ. नितेश के. भारद्वाज हैं। इसके अतिरिक्त साइबर फिजिकल सिस्टम (सीपीएस) पर आधारित सर्टिफिकेट कोर्स के समन्वयक डॉ मनु वर्धन, डॉ. नितेश के. भारद्वाज और डॉ मधुकृष्णा प्रियदर्शिनी है। कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित इन आकर्षक कार्यशालाओं और सर्टिफिकेट कोर्स से सम्बंधित अन्य जानकारी संस्थान की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। यह सभी कार्यक्रम भाग लेने वाले प्रतिभागियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए हर दिन शाम 5 बजे के बाद संचालित किये जाएंगे, ताकि ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थी और इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स इस कार्यक्रम से जुड़कर इसका लाभ उठा सकें। साइबर-फिजिकल सिस्टम्स (सीपीएस) पर आधारित पाठ्यक्रम इस क्षेत्र की व्यापक समझ प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो ए.आई. के माध्यम से ऑटोमेशन पर ध्यान केंद्रित करता है और केस स्टडी अनुभव प्रदान करता है। पाठ्यक्रम के प्रमुख विषयों में गणना प्लेटफॉर्म, रीयल-टाइम सेंसिंग, संचार, हमले का पता लगाना, सुरक्षा ढांचे आदि शामिल हैं। यह पाठ्यक्रम छात्रों के रोमांचक क्षेत्र में करियर बनाने के लिए तैयार करने का लक्ष्य रखता है। इस कोर्स के रजिस्ट्रेशन हेतु का प्रयोग कर सकते हैं। डेटा साइंस और इसके अनुप्रयोगों पर 15 दिन की ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यशाला प्रतिभागियों को डेटा साइंस सिद्धांतों और इसके वास्तविक जीवन अनुप्रयोगों, जैसे डेटा प्री-प्रोसेसिंग, मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग और निर्णय-निर्माण प्रक्रियाओं की गहरी समझ प्रदान करने का उद्देश्य रखती है। यह कार्यक्रम छात्रों, शोधकर्ताओं और शिक्षकों के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस कोर्स के रजिस्ट्रेशन हेतु 279 का प्रयोग करें।इसी तरह एथिकल हैकिंग और डिजिटल फोरेंसिक्स पर 15 दिन की ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यशाला साइबर सुरक्षा में रूचि रखने वालों को सुरक्षा संवेदनशीलताओं, शोषणों और डिजिटल फोरेंसिक्स को कानूनी और नैतिक तरीके से पहचानने की ट्रेनिंग देने पर केंद्रित होगी। यह कार्यक्रम उन लोगों के लिए है जो साइबर सुरक्षा और डिजिटल फोरेंसिक्स में करियर बनाना चाहते हैं। इसके विषयों में फोरेंसिक जांच, ओएसएनआईटी टूल्स, पेनिट्रेशन टेस्टिंग आदि शामिल हैं।

कोड़ेनार में स्वच्छता ही सेवा है की थीम पर एनएसएस शिविर का हुआ शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरन्दुल के छात्र-छात्राओं द्वारा सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ ग्राम पंचायत कोड़ेनार में किया गया। शिविर के शुभारंभ अवसर पर ग्राम पंचायत कोड़ेनार सरपंच मीना मंडावी, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सोढ़ी, डी पी मिश्रा, राजेन्द्र सिंह चौहन, रत्ना वर्मा, प्राचार्या उमा ठाकुर, लक्ष्मी नेताम एवं अन्य उपस्थित थे।

जिला मुख्यालय स्थित पड़ाव चौक में 36वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय स्थित पड़ाव चौक में 36वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर राहुल देव और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने यातायात जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रथ 31 जनवरी तक जिले में लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करेगी।

सभी लोग यातायात को लेकर जागरूक रहें : कलेक्टर

कलेक्टर ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह स्वयं के साथ-साथ दूसरे के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक प्रयास है। सड़क पर चलते समय सतर्क रहना अत्यंत महत्वपूर्ण है, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके। मोबाइल फोन का उपयोग करते समय सड़क पार बिल्कुल भी न करें। इसके अलावा यदि वाहन चला रहे हैं, तो गति सीमा का पालन करें और संकेतों का ध्यान रखें। जिले में यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चले, जो नियमों का उल्लंघन करता है, उनका लाईसेंस निरस्त करने की कार्रवाई करें। सभी लोग यातायात को लेकर जागरूक हों, ताकि कम उम्र में खोने वाली जिंदगियों को बचाया जा सके। कलेक्टर ने बताया कि सरगांव क्षेत्र से 04 जगहों पर ब्लैक स्पॉट का निराकरण पुलिस विभाग के प्रस्ताव के आधार पर राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा किया गया है। वहां लाइटिंग सहित अन्य व्यवस्था अच्छी हो गई है। अब वहां किसी भी प्रकार की दुर्घटना नहीं होगी। उन्होंने पुलिस प्रशासन को यातायात व्यवस्था को बेहतर करने में हरसंभव मदद का आश्वासन दिया और लोगों को यातायात नियमों का पालन करने और अपने आसपास के लोगों को प्रेरित करने की बात कही।

यातायात नियमों के बारे में जानकारी अवश्य रखें : पुलिस अधीक्षक

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह न केवल सड़क सुरक्षा बढ़ाने का प्रयास है, बल्कि लोगों को जागरूक करने का एक अनूठा तरीका भी है। इससे दुर्घटनाएं कम होने के साथ यातायात नियमों के प्रति नागरिकों में जिम्मेदारी की भावना भी विकसित होती है। उन्होंने कहा कि आज के समय में प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी प्रकार से वाहन का इस्तेमाल करता है। हम सभी यदि वाहन और यातायात नियमों के बारे में जानकारी नहीं रखेंगे, तो निश्चित रूप से बड़ी संकट में फंस सकते हैं। उन्होंने कहा कि अपने वाहन का नियमित जांच कराएं। वाहन चलाने के लिए ड्रायविंग लाईसेंस और बीमा अवश्य होना चाहिए। नाबालिक बच्चा वाहन बिलकुल न चलाएं। हम अपनी वाहन किसी को देते हैं, तो इस बात का ध्यान अवश्य रखें कि उस व्यक्ति को वाहन चलाने आना चाहिए। उन्होंने सड़क दुर्घटना के कुछ उदाहरण दिए और सावधानी बरतने व यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हम सुरक्षित रहेंगे, तो जनता सुरक्षित रहेगी और हमारा शहर भी सुरक्षित रहेगा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत 31 जनवरी तक आम नागरिक, स्कूल, कॉलेजों, युवाओं को नियमों के प्रति जागरुक करने प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। उन्होने यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी और कहा कि दोपहिया वाहन पर तीन सवारी ना बैठाएं, सतर्क रहे, सुरक्षित रहे। बिना हेलमेट लगाए वाहन चलाना सुरक्षित नहीं है। शराब पीकर वाहन न चलाएं। जल्दबाजी न करें सड़क पार करने से पहले चारों तरफ देखें। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें। कार में बैठे प्रत्येक व्यक्ति सीट बेल्ट जरूर लगाए। गाड़ी चलाते समय फोन उपयोग का पर 01 हजार से 05 हजार रूपए का जुर्माना या 06 महीने से 01 साल का कारावास या दोनों है। वाहन चलाते समय इयरफोन का इस्तेमाल न करें। बीच सड़क पर वाहन न रोकें।

तोरेसिंहा में जेएमपी कप क्रिकेट स्पर्धा संपन्न

खम्हारपाली बना पुनः चैम्पियन

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

तोरेसिंहा में जेएमपी कप क्रिकेट प्रतियोगिता ड्युज बाल का आयोजन हुआ जिसमें खम्हारपाली की टीम पुनः चैम्पियन बन गयी। खैरमाल के साथ फाइनल मुकाबला बहुत ही रोमांचक रहा। जेएमपी नवजागरण युवा मंडल तोरेसिंहा द्वारा 23 से 31 दिसंबर तक आयोजित किया गया था। समापन समारोह में मुख्य अतिथि सहकारी समिति अध्यक्ष संघ के ब्लाक अध्यक्ष कामता पटेल थे। अध्यक्षता सरपंच विनय पटेल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में कोलता समाज अध्यक्ष गिरधारी साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष बलोदा नीलांबर तांडी, छूईपाली अध्यक्ष अनिल साहू, सोसायटी अध्यक्ष तोरेसिंहा राजकुमार पटेल, कुसमीसरार वीरेंद्र साहू, जंगलबेड़ा राजकुमार भोई, पीसीएस अध्यक्ष शैलेश साहू, आकाश दास आदि मंचासीन थे। मुख्य अतिथि पटेल ने कहा लगातार 28 वर्षों लगातार आयोजन करना बहुत बड़ी उपलब्धि और खिलाड़ियों की एकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि पहले खिलाड़ी थे संसाधन नहीं था और आज संसाधन है खिलाड़ी नहीं है। उन्होंने अधिक से अधिक युवाओं को खेलकर अपना स्वास्थ्य बनाने की सलाह दी। साहू ने कहा कि खिलाड़ी को हमेशा नशे से दूर रहना चाहिए तभी वह खिलाड़ी आगे बढ़ सकता है। तांडी ने विजेता टीम खम्हारपाली को बधाई दिया उपविजेता खैरमाल को सतत प्रयास करने की सलाह दी। आभार प्रदर्शन पूर्व सरपंच व क्रिकेटर राजकुमार पटेल ने किया।

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ने वनांचल क्षेत्र दलदली में 3000 से अधिक बैगा आदिवासियों को कंबल का वितरण किया

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज अपने दलदली क्षेत्र दौरे के दौरान 3000 से अधिक बैगा आदिवासियों को कंबल का वितरण किया। यह आयोजन विशेष रूप से ठंड के मौसम में आदिवासी समुदाय के जीवन में राहत देने के उद्देश्य से किया गया था। बैगा आदिवासी समुदाय प्रदेश के वनांचल क्षेत्र में मुख्य रूप से निवास करता है और इन इलाकों में सर्दियों के दौरान ठंड बहुत अधिक बढ़ जाती है, जिससे इन आदिवासियों को खासे कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। दौरे के दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आदिवासी समुदाय के लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। इसके बाद

उन्होंने सर्दी से बचाव के लिए कंबल वितरित किए। उन्होंने इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि राज्य सरकार आदिवासी समुदाय की भलाई और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर काम कर रही है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य प्रत्येक नागरिक की भलाई और विकास है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां तक विकास की योजनाएं समय से नहीं पहुंच पाई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार का उद्देश्य इन समुदायों को न केवल मौलिक सुविधाएं मुहैया कराना है, बल्कि उनके सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए भी काम करना है। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने इस दौरान आदिवासी समुदाय के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में भी जानकारी दी।

नए साल का स्वागत : गार्डन में युवाओं एवं बच्चों की भीड़ नजर आई

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

नए साल का स्वागत शहर वासियों ने हर साल की तरह पूरे जोश-खरोश के साथ किया। शराब की दुकान में मद्य प्रमियों की भीड़ लगी रही। गली-मोहल्लों में महफिल सजाई गई और देर रात लोग डीजे की धुनों पर झूमते-नाचते रहे। घड़ी में 12 बजते ही शुरू हुआ उल्लास पूरे रात जारी रहा। पटाखों और आतिशबाजी के बीच नए साल की शुरूआत की गई। दूसरे दिन 1 जनवरी को लोग एक-दूसरे को नये वर्ष की शुभकामना देते रहे। नये वर्ष का स्वागत जहां नगर में नवयुवकों के द्वारा जोश-खरोश के साथ मनाया गया। होटलों और पिकनिक स्पाटों पर अपने परिवार के साथ सैर-सपाटे में लगे रहे। वही नगर के नवागढ़ रोड स्थित गार्डन में युवाओं एवं बच्चों की भीड़ नजर आई। नगर में नवयुवक गली-कूचों में डीजे लगाकर नये वर्ष मनाने में जुटे रहे।डीजे की धुन में कदम

थिरकते रहे, वही सड़कों में भीड़ और मोहल्लों में सजी महफिल में लोगों को जाम टकराते देखा गया। यह नजारा शहर में थर्टी फर्स्ट की रात देखा गया। नये साल के पूर्व संध्या में चैक तिराहे गुलजार रहे। भारी ठंड के बाद लोग ठंड भगाने व नये साल मनाने के उत्साह में जुट गए।रात के 12 बजते ही तारीख के साथ साल भी बदल गया और पार्टियों में गूंज उठा हैप्पी न्यू ईयर.....। न्यू ईयर सेलीब्रेट करने के लिए बेताब लोगों की नजरें घड़ी की सुईयों पर टिकी थी। जैसे ही 12 बजे, आतिशबाजी शुरू हो गई। बीते साल की खट्टी-मीठी यादों को शहर भूल गया। सड़क गलियों से लेकर घरों में लोगों ने जश्न मनाते हुए रात के तीसरे पहर तक धमाल मचाया। मोहल्लों में अलग-अलग महफिल सजी रही और लोग पकवानों का लुत्फउठाते रहे। शांती और सौहार्द्रपूर्ण माहौल के बीच नववर्ष 2025 का आगाज हुआ, 2024 की विदाई और 2025 के आगमन को लेकर युवाओं में भारी उत्साह नजर आ रहा है। जगह-जगह केक काटकर नये वर्ष के स्वागत में जुटे रहे। पुलिस प्रशासन के द्वारा नये वर्ष को लेकर विशेष व्यवस्था की गई थी। जिसके तहत मोटर सायकल में तीन सवारी और तेज रफ्तार सहित प्रेशर हॉर्न के खिलाफ विगत दो दिनों से कार्यवाही में जुटी हुई है। गांव में लोग डीजे की धुन पर थिरकते नजर आये तो कुछ जगहों पर डांस प्रतियोगिता का आयोजन जन सहयोग से किया जाता हैं। जो लोग इन सब चीजों को नापसंद करते हैं वे अपने समूह में खाने का आयोजन करते हैं और लजीज व्यंजनों व पकवानों का स्वाद लेते रहें।

इंटरनेट और वाट्सएप का बोलबाल-लोग आज कल मोबाइल पर इंटरनेट, वाट्सएप, मैसेंजर, मैसेज आदि के माध्यम से शुभकामनाएं देने लगे हैं। अब ग्रीटिंग का उपयोग कम और मोबाइल, कम्प्यूटर नेट का उपयोग अधिक होने लगा हैं। जिससे ग्रीटिंग कार्ड का क्रेज कम हो गया हैं। नववर्ष के आगमन पर लोग इंटरनेट, वाट्सएप का उपयोग किए। ग्रीटिंग कार्ड का जमाना भी समाप्त हो चुका है एक समय था जब दीपावली, क्रिसमस, न्यू ईयर, वेलेंटाइन डे के मौके पर लाखों रुपये का व्यवसाय होता था पहले कार्ड चलता था अब सिर्फ मोबाइल चलता है पूर्व मे जहां ग्रीटिंग कार्ड, चिट्ठी का जमाना था अब वह इतिहास का पन्ना बन गया है। संचार क्रांति के युग में पुरानी परंपरा बरकरार हैं। गिफ्ट के बिना अधूरा माना जाता हैं। शहर के बाजारों में गिफ्ट सज चुके हैं। मोबाईल, फेसबुक के बढ़ते क्रेज से हालांकि मेसेज के माध्यम से शुभकामना देने का प्रचलन बढ़ गया हैं। इसके बावजूद ग्रीटिंग्स की डिमांड कम नहीं हुई हैं। युवा वर्ग के अनुसार मेसेज के अलावा ग्रीटिंग देने में अपनापन झलकता हैं। इस बार बाजार में विशेष रूप से म्युजिक वाले ग्रीटिंग के अलावा परफ्यूम की महक सहित अनेक प्रकार के ग्रीटिंग्स उपलब्ध हैं। गिफ्ट आईटम में डॉल, ट्वाईज, खिलौने, ब्रेसलेट, कपड़े एवं परफ्यूम की मांग ज्यादा रहीं।

वार्ड चलो अभियान का सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहा

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले के नगरीय निकायों में शासन की योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत की जांच करने और वार्डवासियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं का समाधान करने के उद्देश्य से चलाए गए वार्ड चलो अभियान का सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहा है। वही दाउपारा चैक से लगी गली पालिका प्रशासन की कुछ और हाल बया करती है। चुनाव नजदिक आते ही अब जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने वार्डो की ओर अपने चरण पडना प्रारंभ हो गये है। ताकि वार्ड की जनता को एक बार फिर छला जा सके। वही दुसरी तरफजनता का मिजाज किस ओर रहेगा वह तो आने वाला समय ही बतायेगा । इसी कडी में मुंगेली नगर पालिका में अभियान के दौरान वार्ड वासियों ने अपनी समस्याओं को बया किया, जिसके बाद कलेक्टर ने इसे तत्काल संज्ञान में लिया और

नगरपालिका सीएमओ को तत्काल साफ-सफाई कराने और दीवाल पर वाल लेखन के निर्देश दिए। मुख्य नगर पालिका आशीष तिवारी ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर गली से कचरा को साफकराया गया है और दीवार पर स्वच्छता संबंधी वॉल लेखन भी कराई गई है, ताकि लोग दोबारा कचरा न फेकें, जिससे लोगों काफी राहत मिल रही है। आयुष सोनी ने जिला प्रशासन की इस संवेदनशील पहल की सराहना की और शासन-प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया।

कलेक्टर एवं एसपी ने किया कुसमी विकाश खण्ड के दूरस्थ ग्रामों का दौरा

पायनियर संवाददाता ➤ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर राजेंद्र कटारा एवं पुलिस अधीक्षक बैंकर वैभव रमनलाल ने जिले के विकासखंड कुसमी के दूरस्थ ग्रामों का दौरा कर विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने ग्राम सबाग के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर का भ्रमण कर पंजीकरण कक्ष, प्रसव कक्ष, चिकित्सा उपकरणों, दवाइयों की उपलब्धता, परिसर की साफ-सफाई एवं कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी मरीजों को दी जा रही सेवाओं मरीजों से बातचीत कर नवजात शिशु देखभाल कॉर्नर का जायजा लिया, जहां नवजात शिशुओं में जोखिम वाले लक्षणों की त्वरित पहचान कर तत्काल उपचार सेवाएं प्रदान की जाती है। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र के बेहतर व्यवस्था के लिए आवश्यक निर्देश दिए। व्ही प्राथमिक शाला पुंदाग एवं माध्यमिक शाला मे उपस्थित शिक्षकों से स्कूल में पदस्थ शिक्षकों

की जानकारी लेते हुए छात्रों से उनके पढ़ाई के सम्बंध में पूछा और बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने को कहा। इस दौरान कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने प्रधान मंत्री जनमन योजना के तहत बनाये जा रहे सड़कों और पुल-पुलियों के निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने इन कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए,ताकि इन क्षेत्रों में निवासरत पहाड़ी कोरवा परिवारों को जल्द से जल्द बेहतर परिवहन सुविधा मिल सके।

जन चौपाल में दिखाई संवेदन शीलता -कलेक्टर राजेन्द्र कटारा और पुलिस अधीक्षक बैंकर वैभव रमनलाल ने जनचौपाल लगाकर ग्रामीणों से बातचीत की।

उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और समाधान का आश्वासन भी दिया। कलेक्टर ने ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराते हुए उन्हें योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया तो व्ही पुलिस अधीक्षक ने यातायात नियमों के बारे में जानकारी देते हुए नियमों का पालन करने को कहा। कलेक्टर और एसपी ने संवेदन शीलता दिखाते हुए ग्रामीणों को ठंड से बचाव के लिए साल,कंबल,टोपी और बच्चों के लिए कॉपी-पेन व खेल सामग्री का वितरण किया।

कलेक्टर ने ली निर्माण एजेंसियों की बैठक

निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समय का ध्यान रखें : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ➤ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्ट्रेट कक्ष में कलेक्टर एस. जयवर्धन ने सर्व निर्माण एजेंसियों की बैठक लेकर जिले में चल रहे विकास कार्यों व निर्माण कार्यों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने स्वीकृति, प्रगतिरत व अप्रारंभ कार्यों को विस्तार से समीक्षा की और संबंधित एजेंसियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में स्कूल जतन योजना के कार्यों की समीक्षा भी की गई जिसमें उन्होने स्कूल जतन योजना के तहत विभिन्न मदों में स्वीकृत कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश संबंधितो को दिए। लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क, मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क, हाउसिंग बोर्ड, आरईएस, सीजीएमएससी व सेतु विभाग के निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने स्पष्ट निर्देशित किया कि अधिकारी अपने विभागों के कार्यों का मूल्यांकन करें और

निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग व निर्माण कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन करें। गुणवत्ता युक्त निर्माण सामग्री का उपयोग करें। किसी भी दशा में गुणवत्ताहीन निर्माण कार्यों को स्वीकार नहीं किया जायेगा। इसके साथ ही कलेक्टर ने निर्बाध बिजली व्यवस्था हेतु, नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश बिजली विभाग के संबंधित अधिकारियों को दिये। बिजली खपत के अनुसार ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने के निर्देश दिये ताकि बेहतर बिजली व्यवस्था स्थापित हो सके। बैठक में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत वनांचल क्षेत्र में होगा बेहतर कनेक्टिविटी

सड़क के निर्माण से वनांचल वासियों के लिए खुलेगी विकास की नई राह: उपमुख्यमंत्री

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

प्रदेश के कबीरधाम जिला के बोड़ला विकासखंड के सुदूर वनांचल क्षेत्र में विकास की गूंज सुनाई देने लगी है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत 5 करोड़ 12 लाख 54 हजार रुपए की लागत से दो महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए बड़ी सौगात दी है। यह सड़कों का निर्माण न केवल इस क्षेत्र को यातायात सुविधा प्रदान करेगा, बल्कि वनांचल के नागरिकों के लिए विकास की नई राहें खोलेगा। लंबे समय से सड़क संपर्क के अभाव में परेशान ग्रामीणों के जीवन में अब बदलाव की शुरुआत हो चुकी है। बेहतर सड़कों के जरिए शिक्षा, स्वास्थ्य, और व्यापार के नए अवसर साकार होंगे।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत 5 करोड़ 12 लाख 54 हजार रूपए की लागत से दो सड़कों के निर्माण कार्य का वनांचल क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया। इन निर्माण कार्यों में दो प्रमुख सड़कों का समावेश है। पहला सड़क निर्माण कार्य दलदली मेन रोड खरिया मांदीभाटाखुर्द से अगरी तक 3.60 किलोमीटर लंबाई में होगा, जिसकी लागत 2 करोड़ 78 लाख 61 हजार रूपए है। दूसरा निर्माण कार्य ख़रौदा से साजाटोला तक 3.50 किलोमीटर लंबाई में होगा, जिसकी लागत 2 करोड़ 3 लाख 93 हजार रूपए निर्धारित की गई है। सड़कों के निर्माण से ग्राम साजाटोला और अगरी बी के 350 से अधिक नागरिकों को लाभ होगा, जो अब बेहतर सड़क नेटवर्क की सुविधा का उपयोग कर सकेंगे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि यह सड़क निर्माण वनांचल क्षेत्र के नागरिकों के लिए एक बड़ी सौगात है। इन सड़कों के निर्माण से न केवल इन क्षेत्रों के लोगों को बेहतर यातायात सुविधा प्राप्त होगी, बल्कि यह आर्थिक विकास और सामाजिक समृद्धि की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे, नितेश अग्रवाल, काशीराम उइके, मोहन धुर्वे सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। वनांचल क्षेत्र के ग्राम साजाटोला और अगरी में पिछले कई वर्षों से बेहतर सड़क नेटवर्क की कमी के कारण नागरिकों को यातायात की समस्या का सामना करना पड़ता था। इस क्षेत्र के लोग अक्सर खराब सड़कों की स्थिति से परेशान रहते थे, जिससे उनका दैनिक जीवन प्रभावित होता था। लेकिन अब इस समस्या का समाधान हो गया। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत 5 करोड़ 12 लाख 54 हजार रूपए की लागत से सड़क निर्माण का कार्य शुरू किया जा रहा है। जिसका आज भूमिपूजन किया गया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत आज हम एक बड़ी पहल की शुरुआत कर रहे हैं। इस सड़क के निर्माण से वनांचल क्षेत्र के नागरिकों को न केवल बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी, बल्कि यह विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस अवसर परविकास की दिशा में एक मील का पत्थर-उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि यह सड़क वनांचल क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के सुधार की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत वनांचल क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। आज की इस सड़क परियोजना से न केवल यातायात की समस्या दूर होगी।

पत्थलगांव में घर-घर जाकर बनाया जा रहा आयुष्मान वय वंदना कार्ड

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार पत्थलगांव विकासखण्ड क्षेत्र में घर-घर भ्रमण 70 प्लस हितग्राहियों का ''आयुष्मान वय वंदना'' कार्ड बनाया जा रहा है। विदित हो कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत समस्त 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को लाभ देने ''आयुष्मान वय वंदना'' का शुभारंभ हुआ है। योजना अंतर्गत 5 लाख तक निःशुल्क इलाज किए जाने का प्रावधान है। इसी तारम्य में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप जिले के सभी वरिष्ठ नागरिकों को योजना का लाभ दिए जाने हेतु सतत रूप से कार्ड बनाने का कार्य जारी है।

फ्रांस में नये साल पर हिंसा, प्रदर्शनकारियों ने एक हजार कारों को जलाया

वार्ता पेरिस
www.dailypioneer.com

फ्रांस में नए साल की रात हिंसा और उपद्रव के दौरान लगभग एक हजार कारों को जला दिया गया और करीब 400 लोगों को हिरासत में लिया गया है। बीएफएमटीवी ब्रॉडकास्टर ने गृह मंत्रालय के हवाले से बताया कि यह घटना न्यू ईयर सेलिब्रेशन के दौरान हुई जब कुछ इलाकों में प्रदर्शनकारियों ने सार्वजनिक संपत्तियों को निशाना बनाया। उन्होंने बताया कि एक जनवरी की रात को कुल 984 वाहनों को आग लगा दी गई जिसमें 420 लोगों को पकड़ा गया और 310 लोगों को हिरासत में लिया गया। फ्रांस के गृह मंत्री ब्रूनो रिटेलेउ ने कहा कि शहर में आतिशबाजी शुरू करने से जुड़ी कई घटनाएं हुई। इसमें एक अन्य व्यक्ति को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया। पेरिस पुलिस ने कहा कि वह छुट्टियों के दौरान पेरिस महानगरीय क्षेत्र में लगभग दस हजार अधिकारियों को तैनात करेगी। इस अवधि के दौरान फ्रांस में कुल एक लाख पुलिस कर्मी तैनात हैं। फ्रांस में कई समुदायों ने 31 दिसंबर को किशोर-किशोरियों के लिए रात 10 बजे तक कर्फ्यू लगा दिया था। कई जिलों में पटाखों और परिवहन कंटेनरों में ईंधन की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसी बीच रिटेलेउ ने 'प्रीफेक्ट' और सुरक्षा अधिकारियों से 'देश पर बढ़ते आतंकवादी खतरे के उच्च स्तर' के साथ-साथ बढ़ते अंतरराष्ट्रीय तनाव के कारण साल के अंत के समारोहों के दौरान अत्यधिक सतर्क रहने का आग्रह किया।

ब्राज़ील में पुल ढहने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 12 हुई

साओ पाउलो। उत्तरी ब्राज़ील में गत 22 दिसंबर को एक पुल ढहने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। टोकैंटिन नदी से दो और शव बरामद किए गए। ब्राज़ील की नौसेना ने यह जानकारी दी। टोकैंटिन और मारानहाओ राज्यों को जोड़ने वाले राजमार्ग पर जुसेलिनो कुबित्सचेक डी ओलिवेरा पुल पर हुई दुर्घटना के बाद से पाँच लोग अभी भी लापता हैं। सरकारी समाचार आउटलेट एजेंसिया ब्राज़ील के एक आधिकारिक बयान के अनुसार नौसेना के सामरिक गोताखोर पुलिस और अग्निशमन कर्मियों की मदद से पीड़ितों की तलाश जारी रखे हुए हैं। पुल ढहने से कम से कम 10 वाहन जिनमें 25,000 लीटर कीटनाशक और 76 टन सल्फ्यूरिक एसिड ले जाने वाले तीन ट्रक शामिल हैं नदी में गिर गए। राष्ट्रीय जल एजेंसी ने कहा कि पानी के नमूनों के परीक्षण से पता चलता है कि पानी में कोई रासायनिक पदार्थ नहीं गिरा है।

पाकिस्तानी नौसेना ने अरब सागर में जब्त की 10 लाख डॉलर की ड्रग्स

वार्ता इस्लामाबाद
www.dailypioneer.com

पाकिस्तानी नौसेना की ओर से हाल ही में उत्तरी अरब सागर में चलाये गये, मादक पदार्थ विरोधी अभियान में भारी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किया गया। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि यह अभियान नौसेना के विमानों की सहायता से चलाया गया। उन्होंने कहा कि मोआविन नामक पाकिस्तानी नौसेना के जहाज ने एक संदिग्ध जहाज को रोककर उसकी छानबीन की। इस दौरान, जहाज के छिप हुए डिब्बों में रखी नशीली दवाएं बरामद की गई। सेना के अनुसार, जब्त किए गए नशीले पदार्थों की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 10 लाख डॉलर है, जिन्हें विभिन्न अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों पर तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था। आईएसपीआर ने कहा, ÷पाकिस्तानी नौसेना सतर्क है और क्षेत्र के समुद्री क्षेत्र में सभी प्रकार की अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है।

नॉर्वे की ट्रेन में 100 लोग फंसे

एजेंसी ओस्लो
www.dailypioneer.com

दक्षिण-पश्चिमी नॉर्वे में खराब मौसम और भारी बर्फबारी होने के कारण एक ट्रेन के इंजन में समस्या आ गयी, जिसके कारण लगभग 100 यात्री ट्रेन में फंसे रहे। डैगब्लैडेट अखबार ने बैन नोर रेल एजेंसी के प्रवक्ता गुन्नार बोरसेथ के हवाले से बताया कि ट्रेन का इंजन मिर्डल और हॉलिंगस्किड स्टेशनों के बीच बर्गेन रेलमार्ग पर खराब हो गया और बाद में, एक और ट्रेन मौके पर पहुंची तथा ट्रेन को मिर्डल स्टेशन तक खींचकर ले गई। इस दौरान, यहां का तापमान शून्य से 11 डिग्री सेल्सियस (12 डिग्री फ़ारेनहाइट) था। रेलवे अधिकारियों एवं बचाव दल ने तत्काल कार्रवाई की और यात्रियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने का प्रयास किया।

पिछले वर्ष श्रीलंका से अधिक लोग विदेशों में कमाने गये

एजेंसी कोलंबो
www.dailypioneer.com

श्रीलंका से पिछले वर्ष 2024 सबसे अधिक लोग विदेशों में कमाने गये हैं। यह संख्या अन्य पिछले वर्षो की तुलना में सबसे अधिक है। स्थानीय मीडिया ने बुधवार को श्रीलंका ब्यूरो ऑफ फॉरेन एम्प्लॉयमेंट (एसएलबीएफई) के आंकड़ों के हवाले से बताया कि 2024 वर्ष के दौरान, कुल 3,12,836 श्रीलंकाई लोग विदेश में नौकरी के लिए देश छोड़कर चले गये। इनमें से 1,85,162 पुरुष और 1,27,674 महिला कर्मचारी हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि कुवैत शीर्ष गंतव्य के रूप में उभरा, जिसने 77,546 श्रीलंकाई श्रमिकों को काम दिया है। संयुक्त अरब अमीरात दूसरे स्थान पर है, जहां 51,550 लोग रोजगार की तलाश में हैं। इसके अलावा, पिछले साल 7,098 श्रीलंकाई दक्षिण कोरिया, 9,665 इजरायल और 8,665 जापान चले गए। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रवास में वृद्धि के कारण विदेशों से आने वाले धन में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों से पता चलता है कि नवंबर 2024 के अंत तक विदेशों में काम करने वाले श्रीलंकाई लोगों से आने वाला धन 6.46 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो विदेशों में काम करने वाले नागरिकों की संख्या में इसी अनुपात में वृद्धि को दर्शाता है।

न्यूयॉर्क में नाइट क्लब के बाहर सामूहिक गोलीबारी में 10 घायल

एजेंसी न्यूयार्क
www.dailypioneer.com

न्यूयॉर्क शहर के एक लोकप्रिय नाइट क्लब के बाहर हुई सामूहिक गोलीबारी में रात भर में कम से कम 10 लोग घायल हो गए, मीडिया ने पुलिस और मामले से परिचित सूत्रों के हवाले से यह खबर दी है। सूत्रों ने न्यूयॉर्क पोस्ट को बताया कि गोलीबारी रात बुधवार को 11:20 बजे से कुछ देर पहले अमाजुरा नाइट क्लब के पास शुरू हुई। सभी पीड़ितों को क्षेत्रीय अस्पतालों में ले जाया गया। न्यूयॉर्क पुलिस विभाग के अनुसार उनमें से किसी की भी हालत गंभीर नहीं है और सभी के जीवित हैं।

फिलीपींस में नाव डूबने से दो लोगों की मौत

मनीला/शिन्हुआ। फिलीपींस के उत्तरी समर प्रांत के तट पर एक निजी मोटरबोट के डूबने से दो लोगों की मौत हो गयी है। फिलीपींस कोस्ट गार्ड (पीसीजी) ने गुरुवार को बताया कि छह यात्रियों और दो चालक दल के सदस्यों को ले जा रही नाव सोमवार को लाओआंग शहर के पास डूब गई। शुरुआती जांच से पता चला है कि मोटरबोट लाओआंग से रवाना हुई थी और जब दुर्घटना हुई, तब वह बटाग द्वीप जा रही थी। रिपोर्ट में कहा गया समुद्र में बड़ी लहरों से टकराने के बाद मोटरबोट पलट गई। बचाव दल ने चार यात्रियों और चालक दल के दो सदस्यों को पानी से सुरक्षित बाहर निकाला, जबकि अन्य दो शव शहर के तट पर बरामद किये गये।

फिलिस्तीन ने अल जजीरा का प्रसारण निलंबित किया

एजेंसी रामल्लाह/शिन्हुआ
www.dailypioneer.com

फिलिस्तीन के अधिकारियों ने अपने देश में नियमों का पालन करने में विफल रहने पर कतर स्थित अल जजीरा मीडिया नेटवर्क के प्रसारण संचालन को निलंबित कर दिया है। फिलिस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने बुधवार को बताया कि फिलिस्तीनी मंत्रिस्तरीय समिति जिसमें संस्कृति, आंतरिक और दूरसंचार मंत्रालयों के प्रतिनिधि शामिल हैं ने 'अल जजीरा से जुड़े सभी पत्रकारों, कर्मचारियों और संबंधित चैनलों के काम को अस्थायी रूप से निलंबित करने का भी आदेश दिया है। डब्ल्यूएएफए के अनुसार यह निर्णय अल जजीरा की ओर से 'फिलिस्तीनी कानूनों और नियमों का बार-बार उल्लंघन' करने के कारण लिया गया क्योंकि इसने भड़काऊ सामग्री प्रसारित करके, गलत सूचना फै लाकर और आंतरिक फिलिस्तीनी मामलों में हस्तक्षेप करके, 'विभाजन और अस्थिरता को बढ़ावा दिया। उन्होंने कहा, ÷यह निर्णय तब तक प्रभावी रहेगा जब तक नेटवर्क अपनी कानूनी स्थिति का समाधान नहीं कर लेता। हाल ही में अल जजीरा और फतह के बीच तनाव बढ़ गया है क्योंकि नेटवर्क पश्चिमी तट के शहर जेनिन में फिलिस्तीनी सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच झड़पों को कवर कर रहा है।

टेस्ला लास वेगास में साइबरट्रक विस्फोट की कर रही है जांच : मस्क

एजेंसी वाशिंगटन
www.dailypioneer.com

अमेरिका के अरबपति एलन मस्क ने कहा है कि टेस्ला कंपनी की वरिष्ठ टीम लास वेगास में टेस्ला साइबरट्रक में हुए विस्फोट की घटना की जांच कर रही है। मस्क ने 'एक्स' पर कहा, टेस्ला की पूरी वरिष्ठ टीम अभी इस मामले की जांच कर रही है। जैसे ही हमें कुछ पता चलेगा हम अधिक जानकारी पोस्ट करेंगे। हमने ऐसा कभी नहीं देखा। उन्होंने बताया कि बुधवार देर रात लास वेगास में ट्रंप इंटरनेशनल होटल के पास एक टेस्ला साइबरट्रक में विस्फोट हो गया। लास वेगास पुलिस विभाग ने कहा कि विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा कि जांच जारी है। सूत्रों ने एबीसी न्यूज को बताया कि कानून प्रवर्तन अधिकारी आतंकवादी हमले की संभावना से इनकार नहीं कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि यह होटल आंशिक रूप से अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के स्वामित्व में है।

मोंटेनेग्रो में बंदूकधारी ने की 10 लोगों की हत्या

एजेंसी पोडगोरिका
www.dailypioneer.com

मोंटेनेग्रो के सेटिंजे शहर में एक व्यक्ति ने दो बच्चों सहित करीब 10 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी और बाद में खुदकुशी कर ली। गृह मंत्री डेनिलो सरनोविक ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा, ÷व्यक्ति पर करीब 10 लोगों की हत्या करने का आरोप है। इनमें से दो नाबालिग थे।÷ उन्होंने कहा कि संदिग्ध ने अपने परिवार के कई सदस्यों की भी हत्या कर दी और बाद में आत्महत्या कर ली। मंत्री ने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़कर 12 हो सकती है। सरनोविक ने कहा, ÷हमलावर ने गोलीबारी करने के बाद आत्महत्या करने की कोशिश की। घायल अवस्था में पोडगोरिका में मोंटेनेग्रो के क्लिनिकल सेंटर ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मोंटेनेग्रिन के प्रधानमंत्री मिलोज्को स्पाजिक ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सेटिंजे गोलीबारी के बाद बंदूक रखने पर प्रतिबंध लगाने पर विचार करेगी और उन्होंने अवैध बंदूक रखने के लिए सख्त दंड का आह्वान किया। स्थानीय मीडिया ने बताया कि हमले से पहले हमलावर की पीड़ितों में से एक के साथ बहस हुई थी, फिर वह बंदूक लेने के लिए घर गया, एक कैफे में वापस आया और कई लोगों को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया तथा इसमें कुछ लोग घायल हो गये। बाद में, उसने कैफे मालिक के बच्चों और एक महिला की भी हत्या कर दी।

हौती ने अमेरिकी एमक्यू-9 ड्रोन को मार गिराया

एजेंसी बेरूत
www.dailypioneer.com

पूर्वोत्तर यमन में हौती (यमन के आंदोलन अंसार अल्लाह) ने एक अमेरिकी सैन्य एमक्यू-9 ड्रोन को मार गिराया है। हौती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। सारी ने बयान में कहा,यमनी सशस्त्र बलों की हवाई सुरक्षा एक अमेरिकी एमक्यूट्ठ9 विमान को मार गिराने में सक्षम थी जब वह मआरिब गवर्नरेट के हवाई क्षेत्र में शत्रुतापूर्ण मिशनों को अंजाम दे रहा था। उन्होंने कहा कि यमन निर्मित सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल ने ड्रोन को मार गिराया। प्रवक्ता ने कहा कि यह पिछले तीन दिनों में मार गिराया गया दूसरा ऐसा ड्रोन है और गाजा के समर्थन में हौती द्वारा सक्रिय युद्ध अभियान शुरू करने के बाद से यह 14वां ड्रोन है।

रूस के दूतावास ने वियना में बांदेरा के सम्मान में आयोजित रैली की निंदा की

मॉस्को। ऑस्ट्रिया में रूस के दूतावास ने यूक्रेन के राष्ट्रवादियों के नेता और नाजी सहयोगी स्टीफन बांदेरा के जन्मदिन के अवसर पर वियना शहर में आयोजित एक रैली की निंदा की है। राजनयिक मिशन ने टेलीग्राम पर एक बयान में कहा, ÷ऑस्ट्रिया में बसने वाले मुट्ठी भर यूक्रेनी राष्ट्रवादियों की हरकत जिन्होंने एक जनवरी को वियना में एक बार फिर हिटलर के सहयोगी, युद्ध अपराधी स्टीफन बांदेरा का जन्मदिन मनाने का फैसला किया, घृणा के अलावा कुछ नहीं करता है। दूतावास ने कहा कि वह इस रैली की कड़ी निंदा करता है।

सैकड़ों कोलंबियाई लोगों ने किया यूक्रेनी सेना के साथ समझौता

लुगांस्क। डोनेट्स्क पीपुल्स रिपब्लिक में पकड़े गए ब्रिटेन के भाड़े के सैनिक हेडन विलियम डेविस ने कहा कि सैकड़ों कोलंबियाई लोगों ने यूक्रेन की सशस्त्र सेनाओं के साथ लड़ने के लिए यूक्रेन की अंतर्राष्ट्रीय सेना के साथ हस्ताक्षर किए हैं। डेविस ने स्पूतनिक द्वारा प्राप्त एक वीडियो में यह जानकारी दी। डेविस ने कहा अंतर्राष्ट्रीय सेना में नाटो के लोग हैं। फ्रांसीसी, इटालियन, जर्मन, अमेरिकी, अंग्रेज सबसे अधिक कोलंबियाई हैं। ब्रिटेन ने कहा कि यूक्रेनी सशस्त्र बलों के साथ रहते हुए भाड़े के सैनिकों को जो प्रशिक्षण दिया जाता है वह उस बटालियन पर निर्भर करता है जिसमें उन्हें रखा गया है। डेविस ने कहा हमारे पास कोई भारी बंदूकें नहीं थीं, इसलिए कोई प्रशिक्षण नहीं हुआ। हमें दो डीएसएचके (भारी मशीन गन) दी गई। सीखने के लिए कोई बारूद नहीं था। उन्होंने कहा कि वे यूक्रेनी सेना के साथ अनुबंध को तोड़ना चाहते थे, ब्रिटेन ने यूक्रेनी कमांडरों द्वारा महिलाओं और बच्चों सहित नागरिकों की हत्या का आदेश देने के बारे में शिकायत की। उन्होंने कहा कि एक दर्जन विदेशी लड़ाके युद्ध अपराधों को होने देने से खुश हैं। डेविस ने यूक्रेनी कमांड पर सैन्य कर्मियों की परवाह नहीं करने और उनके साथ ऐसा व्यवहार करने का आरोप लगाया जैसे कि वे जानवर हों।

मुख्यमंत्री साय के प्रयासों से आईटी हब के रूप में उभर रहा है नवा रायपुर

नवा रायपुर में युवाओं के लिए खुल रहे हैं रोजगार के नए अवसर, मिल रही हैं बेहतर सुविधाएं

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



सतरूपा विकसित भारत की तर्ज पर विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना को साकार करने की दिशा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार सतत प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में नवा रायपुर अटल नगर में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं पर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री साय की पहल का नतीजा है कि छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर क्षेत्र में आईटी और आईटी- इनेबल्ड सर्विसेस का तेजी से विकास हो रहा है। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं। राज्य सरकार की योजनाओं और संस्थाओं की पहल से नवा रायपुर युवाओं के लिए रोजगार और विकास का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ने बताया कि नवा रायपुर में स्क्वायर बिजनेस सर्विसेज और टेली परफॉर्मेंस जैसी प्रमुख आईटी कंपनियों ने अपनी सेवाएं शुरू की हैं, जिससे अब तक 260 से अधिक युवाओं को रोजगार प्राप्त हुआ है। रायपुर के एक साधारण मध्य वर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने वाली 24 वर्षीय सतरूपा का सपना था कि वह आत्मनिर्भर होकर परिवार का सहारा बने। खेती- किसानी और घरेलू काम काज करने वाली सतरूपा की मां को अपनी बेटी पर गर्व है, क्योंकि पढ़ाई पूरी करने के बाद सतरूपा न केवल आत्मनिर्भर है, बल्कि परिवार को भी आर्थिक संबल प्रदान कर रही है। नवा रायपुर के स्क्वायर बिजनेस सर्विसेज में नौकरी कर रही सतरूपा ने मेहनत और लगन से तरक्की की राह पकड़ ली। पहले साल में ही उसे पदोन्नति मिली और उसका वेतन बढ़ा, जिससे उसने अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूती दी। नवा रायपुर में स्क्वायर बिजनेस सर्विसेज ने 180 और टेली परफॉर्मेंस ने 80 पदों पर भर्ती की है। इसके अलावा, टेली परफॉर्मेंस ने 100 और कर्मचारियों की भर्ती करने की योजना बनाई है और सीएसएम टेक्नोलॉजीज ने 200 प्रोफेशनल्स की भर्ती के लिए आवेदन मंगाए हैं। यह न केवल नवा रायपुर के लिए बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए सकारात्मक बदलाव के संकेत है। नवा रायपुर के आईटी हब बनने की प्रक्रिया में राज्य सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। रायपुर और नवा रायपुर के बीच आईटी पेशेवरों के लिए मुफ्त बस सेवा की तथा स्क्वायर बिजनेस सर्विसेज के कर्मचारियों के लिए आवासीय समाधान भी उपलब्ध कराने की योजना है। सीबीडी सेक्टर 21 में अत्याधुनिक कार्यालयों का निर्माण किया जा रहा है, जो कर्मचारियों को बेहतर कार्य वातावरण प्रदान करेंगे। नवा रायपुर में आईटी क्षेत्र के विकास के साथ ही आने वाले समय में 10,000 से अधिक रोजगार के अवसर उत्पन्न होने की संभावना है।

बालको ने विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य पर चलाया मासिक जागरूकता अभियान

पायनियर संवाददाता ✓ बालकोनगर
www.dailypioneer.com

भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अपने 'आरोग्य' परियोजना के अंतर्गत विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता अभियान चलाया। कंपनी ने इस साल के थीम सही रास्ते अपनाएं: मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार के तहत महीने भर चले अभियान में जिले के 31,000 से अधिक व्यक्तियों तक पहुंच बनाई। बालको ने सोशल रिवाईवल ग्रुप ऑफ अरबन रूरल एण्ड ट्राईबल, स्त्रोत, कोरबा के साथ साझेदारी कर जिला स्वास्थ्य विभाग और छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति (सीजीएसएसीएस) के सहयोग से इस अभियान को संचालित किया।

इस साल के थीम का उद्देश्य एचआईवी/एड्स प्रति जागरूकता बढ़ाना, तथ्यात्मक जानकारी का प्रसार करना, कलंक को कम करना और उच्च जोखिम वाले व्यवहार समूह, युवाओं और समुदाय के बीच निवारक उपायों को बढ़ावा देना है। कंपनी द्वारा संचालित मासिक ऑडियो-विजुअल 'जागरूकता रथ' अभियान का शुभारंभ जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया। जिसमें कोरबा जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केशरी, डॉ. के. के. सहारे, डीन मेडिकल कॉलेज, कोरबा तथा डॉ. बी. आर. रात्रे (नोडल अधिकारी, एचआईवी/एड्स और टीबी) डॉ. गोपाल कंवर, संयुक्त निदेशक सह जिला अस्पताल अधीक्षक शामिल हुए।

कंपनी के सामुदायिक विकास पहल द्वारा विभिन्न महाविद्यालयों तथा स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में होप्स इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, ओरिएंटल कॉलेज ऑफ नर्सिंग, सृष्टि इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, सरकारी मेडिकल कॉलेज, तथा अस्पताल ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में ओरिएंटल मेडिकल कॉलेज ने प्रथम पुरस्कार जीता। उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जागरूकता सत्र तथा महाविद्यालयों में एचआईवी/एड्स जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक भी आयोजित किए गए।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि हम एक ऐसे भविष्य की कल्पना करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जहां जागरूकता एचआईवी के खिलाफ एक शक्तिशाली ढाल के रूप में कार्य करेगा। जागरूकता सत्रों के साथ हमारा लक्ष्य एक अधिक सूचित और प्रगतिशील समाज को बढ़ावा देना है, जो ऐसी बीमारी के ट्रांसमिशन में कमी लाएगा और जीवन को सुरक्षित कर सकता है। समुदायों के भीतर हमारा लक्ष्य सभी के लिए एक स्वस्थ और उज्जवल भविष्य बनाने की दिशा में हमारी कटिबद्धता को दर्शाता है।

नागरिकों से इस बीमारी को बेहतर ढंग से समझने का अनुरोध करते हुए, जिला अस्पताल कोरबा के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. एस.एन. केशरी ने कहा कि मैं प्रत्येक नागरिक से आगे आने, ज्ञान प्राप्त करने और एचआईवी/एड्स स्थिति के बारे में जागरूक होने का आग्रह करता हूं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विकास खंड और जिले में एकीकृत परीक्षण और परामर्श केंद्र (आईसीटीसी) तैयार हैं जो व्यक्तियों को उनकी भलाई की यात्रा में सशक्त बनाने के लिए मुफ्त परीक्षण और परामर्श प्रदान करते हैं।

13 उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों से 50 से अधिक युवाओं को जागरूकता लीडर (स्वयंसेवक) के रूप में सशक्त बनाने के लिए '2 दिवसीय युवा नेतृत्व प्रशिक्षण' का आयोजन किया। इन्हीं युवा लीडर ने 22 'युवा चौपाल' के माध्यम से एचआईवी के रोकथाम पर बात कर 700 से अधिक युवाओं को एचआईवी पर संवेदनशील बनाया। इसके साथ ही 3 प्राथमिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर उच्च जोखिम वाले क्षेत्र में एचआईवी/एड्स परामर्श और प्रथम स्तर की परीक्षण सेवाओं की सुविधा प्रदान की गई। इससे लोगों को उनके घर के दरवाजे पर परामर्श और परीक्षण की सुविधा मिल सकी। एड्स पर जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। ट्रक ड्राइवर और प्रवासी श्रमिक समूह के 200 सदस्यों को व्यवहार परिवर्तन प्रथाओं और विषय वस्तु पर उनकी जानकारी के लिए सुलभ सहायता सेवाओं के प्रति जागरूक किया गया।

राज्यपाल रमेन डेका को मुख्य सचिव एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने दी नए वर्ष की शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल रमेन डेका से राजभवन में मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा और प्रधान मुख्य वन संरक्षक व्ही. श्रीनिवास राव ने सौजन्य भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। डेका ने भी उन्हें नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। डेका ने इन अधिकारियों से केन्द्र शासन की फ्लैगशीप योजनाओं, राज्य शासन की योजनाओं की प्रगति, प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति आदि के संबंध में भी जानकारी ली।

राज्य में अब तक 93.44 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी

रायपुर। राज्य में 14 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। अब तक लगभग 93.44 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के एवज में 18.69 लाख किसानों को बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत 21 हजार 040 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी तक चलेगी। प्रदेश के समस्त पंजीकृत कृषकों को खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान वि य हेतु टोकन की सुविधा ऑनलाईन एप्प (टोकन तुंहर हांथ) एवं उपार्जन केन्द्रों में 25 जनवरी 2025 तक के लिए उपलब्ध कराया गया है। किसान सुविधा अनुसार तिथी का चयन कर नियमानुसार धान वि य कर सकते है। धान खरीदी के साथ-साथ मिलर्स द्वारा धान का उठाव भी तेजी से हो रहा है। धान उठाव के लिए लगभग 62.72 लाख मीट्रिक टन धान के लिए डीओ और टीओ जारी किया गया है।

जे. एस. नेताम की विदाई, एम. जामुलकर ने संभाला रायपुर शहर क्षेत्र का कमान

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

पॉवर कंपनीज के रायपुर शहर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक जे.एस नेताम को स्थानांतरण उपरान्त विदाई दी गई। नेताम ने जामुलकर को रायपुर शहर क्षेत्र का पदभार सौंपा। इसी के साथ नवपदस्थ मुख्य अभियंता एम .जामुलकर ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर दोनों अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ का आदान प्रदान कर परस्पर अभिनंदन किया और शुभकामनाएं दीं। जामुलकर ने कंपनी द्वारा सौंपे गये इस दायित्व के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि नये वर्ष मे प्रवेश के साथ नई जिम्मेदारी को निष्ठा के साथ पूर्ण करेंगे। रायपुर शहर क्षेत्र की विद्युत विकास की गति को आगे बढ़ाने में टीम के साथ सतत् प्रयासरत रहेंगे। नये साल में अब रायपुर शहर क्षेत्र की कमान एम .जामुलकर संभालेंगे।उन्हें दुर्ग क्षेत्र से स्थानांतरित कर रायपुर शहर क्षेत्र का कार्यभार सौंपा गया है। वे विगत 4 वर्ष से दुर्ग क्षेत्र में पदस्थ थे इसके पूर्व वे मुख्य अभियंता ओएंडएम व राजस्व (रायपुर) की बड़ी जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। जामुलकर बीई इलेक्ट्रिकल है,उन्होंने वर्ष 1993 से सहायक अभियंता के पद पर विद्युत मंडल में सेवाए प्रारंभ की,सेवाकाल के दौरान प्रदेश के बड़े शहर रायपुर, भिलाई, राजनांदगांव, डोंगरगढ़ और दुर्ग में सेवाएं दीं।वर्ष 2007 में केन्द्रीय स्तर पर राजस्व वृद्धि हेतु उन्हें पुरस्कृत किया गया।

सफाई, पेयजल, सड़क बत्ती, विकास कार्यों को जनहित में देवें प्राथमिकता : आयुक्त

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में साप्ताहिक टीएल बैठक में कार्यो की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में आयुक्त ने रायपुर नगर पालिक निगम के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नववर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनायें दीं, वहीं आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता एवं अधीक्षण अभियंता संजय बागड़े ने आयुक्त अबिनाश मिश्रा को बुके प्रदत्त कर नए वर्ष की हार्दिक शुभकामनायें दी। आयुक्त ने सफाई, पेयजल, सड़क बत्ती से सम्बंधित कार्यो को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए है। साथ ही नगर में सभी प्रगतिरत विकास कार्यों को समयसीमा में सतत मॉनिटरिंग कर गुणवत्तायुक्त तरीके से जनहित में पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, निदान 1100 हेल्प लाईन, मन्त्रीगणों, सांसद, विधायकगणों, जनप्रतिनिधिगणों से प्राप्त आमजनों के आवेदनों, जनशिकायत पत्रों का नियमानुसार त्वरित कार्यवाही कर शत-प्रतिशत संख्या में निदान जनहित में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। आयुक्त ने सभी प्रगतिरत विकास कार्यों में समयसीमा एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए है। आयुक्त ने जोन कमिश्नरों एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रतिदिन सतत मॉनिटरिंग कर रायपुर शहर की सफाई व्यवस्था को राजधानी के अनुरूप बनाने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान की तैयारियों को पुख्ता तौर पर करवाना प्राथमिकता से सुनिश्चित करने निर्देशित किया है।

दयानंद रायपुर मंडल के नये मंडल रेल प्रबंधक

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

दयानंद ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर रेल मंडल के नये मंडल रेल प्रबंधक के रुप में पदभार ग्रहण किया । दयानंद 1997 बैच के भारतीय रेलवे यातायात सेवा (इंडियन रेलवे ट्रैफिक सर्विस) के अधिकारी हैं। दयानंद इससे पहले दक्षिण पूर्व रेलवे कोलकाता में मुख्य वाणिज्य प्रबंधक फ्रेट एवं मार्केटिंग (सीसीएम - एफएम) के पद पर कार्यरत थे। दयानंद का 01 जनवरी, 2025 रायपुर आगमन हुआ, सीधे मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय पहुंचकर रायपुर रेल मंडल के विषय में जानकारी प्राप्त की एवं पूर्व मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार के साथ औपचारिक भेंट करने के पश्चात कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। दयानंद ने सभी कर्मचारियों से शिष्टाचार मुलाकात कर कर्मचारियों से परिचय प्राप्त करते हुए सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी साथ ही उत्साह उमंग एवं विश्वास के साथ कार्य कर जनता एवं राष्ट्र सेवा के लिए आह्वान किया। दयानंद को भारतीय रेलवे के प्रमुख मंडलों में धनबाद एवं दीनदयाल उपाध्याय नगर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में वाणिज्य एवं माल लदान कार्य के गहन अनुभव के साथ कोलकाता महानगर में भी कार्य करने का अनुभव प्राप्त है। मंडल रेल प्रबंधक दयानंद अपनी रेल सेवा के दौरान पूर्व रेलवे हावड़ा, पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर एवं दक्षिण पूर्व रेलवे हावड़ा में पदस्थ रहे। पूर्व मध्य रेलवे-हाजीपुर ज़ोन के धनबाद एवं दीनदयाल उपाध्याय, समस्तीपुर, सोनपुर, मंडलो में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक एवं वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक एवं पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर ज़ोन में मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (फ्रेट एवं मार्केटिंग) और मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (यात्री सेवा) एवं पूर्व रेलवे हावड़ा में मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (फ्रेट एवं मार्केटिंग) पदों पर पदस्थ रहें हैं।

नगर पालिक निगम रायपुर अधिकारी, कर्मचारी एकता संघ ने आयुक्त एवं अपर आयुक्त से भेंट कर नववर्ष की दी बधाई

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रायपुर अधिकारी कर्मचारी एकता संघ ने आयुक्त अबिनाश मिश्रा एवं अपर आयुक्त यू.एस. अग्रवाल से भेंट कर नववर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष प्रमोद जाधव, उपाध्यक्ष मोहित कुमार, श्याम सोनी सहित अमरनाथ साहू, प्रेमचंद दुबे, मानकु राम धीवर, मोहित जायसवाल, मनीष मरकाम, मनीष भोई, राजश्री श्रीवास, विनिता जायसवाल, माया बंछोर, प्रिया बसंती व अन्य पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे। आयुक्त से भेंट कर संघ के पदाधिकारियों ने संघ की प्रमुख मांग 2004 के बाद नियुक्त समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को पुरानी पेंशन लागू किया जाये। बीमार अधिकारी एवं कर्मचारियों के त्वरित इलाज हेतु कैशलेस कार्ड की सुविधा प्रदान किये जाने के संबंध में चर्चा की। जिस पर आयुक्त ने शासन के नियमानुसार पात्र अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ देने अपनी सहमति व्यक्त करते हुए सामान्य प्रशासन विभाग को आगे की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। वहीं इलाज हेतु कैशलेस कार्ड की सुविधा प्रदान करने नगर निगम से अनुबंधित बैंकों से चर्चा कर शीघ्र प्रारंभ किये जाने के संबंध में आश्वस्त किया। वहीं अध्यक्ष ने प्लेसमेंट कर्मचारियों की मांगों के संबंध में अपनी बात आयुक्त के समक्ष रखी।

03 Jan. 2025
Pride Of Raipur

जगह उपलब्ध
कोचिंग एवं ट्यूशन क्लास
के लिए शहर के प्राइम लोकेशन में फुल्ली फर्निश्ड जगह उपलब्ध।
1. सिविल लाइन, 2. चौरसिया कॉलोनी, संतोषी नगर, रायपुर में, पार्किंग सुविधा के साथ। संपूर्ण सुविधायुक्त क्लासरूम, टेबल, चेयर और बोर्ड्स सहित।
समय - 2 बजे से रात 10 तक
संपर्क - 7828253335, 9300253335

भामरा गार्डन
सिरपुर-बारनवापारा
Book Now
ROOM POOL FOOD
KITTY PARTY
ANNIVERSARY
BIRTHDAY PARTY
9589386162, 7354929810

माली चाहिए
फार्म हाऊस हेतु
पिरदा, रायपुर स्थित 4 एकड़ फार्म हाउस के लिए अनुभवी कृषक परिवार की आवश्यकता है जो फॉर्म में लगे फलों के पौधों का रखरखाव और सब्जी लगाने में जानकार हो साथ ही गार्डन साफ-सफाई करने में सक्षम हो, रहने की सुविधा उपलब्ध।
संपर्क : 8435034111

जय श्री कृष्णा
अंकित बाउण्ड्रीवॉल
प्रीकास्ट
चैनलिंक जाली
पोल फेंसिंग
अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान
प्रिकास्ट, ब्रिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी. सी पोल फेंसिंग करवाने हेतु संपर्क करें।
V.I.P. रोड रायपुर
98279-59655

RIDERZONE
SINCE 2017
■ हेलमेट ■ राइडिंग जैकेट ■ राइडिंग ग्लब्स
■ राइडिंग पैंट ■ राइडिंग जूता ■ एसेसरीज
A Complete Riding Gear Store
श्याम नगर, रायपुर (छ.ग.)
CONTCAT - 80162-38584

TENSILE SHADE
WE PERSENT ONLY THE BEST
CAR PARK SHADE
WEATHER PROTECTION
tensile + membrane + structure
R.B.Plus RAIPUR 81091 11313 86028 11220

होमलोन व माडगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्याज दर मात्र 8.70%*
माडगेज लोन ब्याज दर मात्र 9.50%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356

क्या आपके यहां बार - बार चोरी हो रही है ?
तो ब्रांडेड कैमरे ही लगवायें
हम सामान ही नही, सर्विस भी अच्छी देते है
शहर से बाहर गोडाउन, घर एवं शॉप को मोबाईल पर लाईव देखें
क्या आप सस्ते कैमरे लगवाकर नाखुश है ?
लक्ष्मी सिक्यूरिटी सिस्टम
91652-22223, 93292-94567

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Imagination
9302787900, 9425211789

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403